जबलपुर, बुधवार
08 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 282
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'संघर्ष प्रगति का आमंत्रण है, जो इसे स्वीकारता है उसका जीवन निखर जाता है।'

2 छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं के ...
5 मुख्य मार्गों में लगे विद्युत खंबों ...
7 युद्ध के बीच ट्रंप को छोड़ना पड़ सकता...
11 जिला एवं तहसील स्तर पर भी...

# ईरान में पूरी तरह मिट जाएगी एक सभ्यता

## अल्टीमेटम खत्म होने से पहले ट्रंप का डराने वाला बयान

वाशिंगटन/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर बहुत बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आज रात पता चल जाएगा। शायद कुछ क्रांतिकारी और अद्भुत घटित हो सकता है, कौन जाने? ट्रंप ने धमकी भरे अंदाज में कहा, आज रात एक पूरी सभ्यता मिट जाएगी, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा। मैं नहीं चाहता ऐसा हो, लेकिन ऐसा ही होगा। उन्होंने कहा कि हमें आज रात पता चल जाएगा, यह दुनिया के लंबे और जटिल इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण पलों में से एक होगा। ट्रंप ने यह चेतावनी ईरान के लिए तय की गई डेडलाइन से करीब 12 घंटे पहले दी है। इस डेडलाइन के तहत ईरान को मंगलवार को एक समझौते पर राजी होना था, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना शामिल था। ऐसा न करने पर उसे कड़े हमलों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी लेकिन वॉशिंगटन में रात 8 बजे की डेडलाइन से पहले ईरान के पास अभी भी सरेंडर करने का समय है। ट्रंप की धमकियों के बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने वेंस ने भरोसा जताया कि आज रात 8 बजे तक हमें ईरानियों से जवाब मिल जाएगा। मुझे उम्मीद है कि वे सही जवाब देंगे, क्योंकि हम असल में एक ऐसी दुनिया चाहते हैं जहां तेल और गैस का प्रवाह बिना किसी रुकावट के हो, जहां लोग अपने घरों को गर्म और ठंडा रखने का खर्च उठा सकें, और जहां लोग काम पर जाने के लिए आने-जाने का खर्च उठा सकें।




### अमेरिका ने पूरे कर लिए मिलिट्री उद्देश्य: वेंस

इस बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स को भरोसा है कि डेडलाइन तक ईरान से जवाब मिल सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान में अपने मिलिट्री उद्देश्य काफी हद तक पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि अब गेंद ईरानियों के पाले में है। युद्ध शुरू होने से पहले भी ईरानी बातचीत करने में बहुत तेज नहीं थे, और अब तो वे बिल्कुल भी तेज नहीं हैं। हम मानते हैं कि कभी-कभी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक संदेश पहुंचाने में थोड़ी देर हो जाती है, लेकिन हमें पूरा भरोसा है कि हमें जवाब जरूर मिलेगा, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक।

### ट्रंप की डेडलाइन का काउंटडाउन शुरू

अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर साझा हमलों को अंजाम दिया है। मेहर न्यूज के मुताबिक, ईरान के खार्ग द्वीप पर कई हमले किए गए हैं। इजरायल की चेतावनी के बाद ईरान के मशहद में रेल सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। ईरानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मशहद के गवर्नर ने शहर के केंद्रीय रेलवे स्टेशन से चलने वाली सभी रेल सेवाओं को तत्काल निलंबित करने की घोषणा की है। यह घोषणा अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। कोम के गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने बताया कि अमेरिका और इजरायल ने तेहरान के दक्षिण में स्थित ईरानी शहर कोम के पास एक पुल पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि कुछ मिनट पहले, कोम की संचार लाइनों पर स्थित पुलों में से एक पर, जो कोम शहर के बाहर और प्रांत के पश्चिम में स्थित है, अमेरिका और इजरायल ने मिसाइलों से हमला किया है।

### एअर इंडिया सीईओ कैंपबेल ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एयर इंडिया ने नए सीईओ की तलाश भी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, विल्सन सितंबर में अपना पद छोड़ सकते हैं। कंपनी की बोर्ड बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।

### प्रवासी मजदूरों का एलपीजी सिलेंडर कोटा बढ़ा

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया है कि प्रवासी मजदूरों को बांटने के लिए हर राज्य को दिए जाने वाले 5 किलो एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपीजी) सिलेंडरों का रोजाना का कोटा दोगुना किया जा रहा है। ये 5 किलो सिलेंडर संबंधित राज्य सरकारों या उनके खाद्य नागरिक आपूर्ति विभागों के पास उपलब्ध रहेंगे।

### अंबेडकर जयंती पर जेलों से रिहा होंगे 87 बंदी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश गृह विभाग ने 7 अप्रैल को बंदियों को लेकर बड़ा निर्णय किया। विभाग ने 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर आजीवन कारावास की सजा से दंडित 87 बंदियों की समयपूर्व रिहाई और गैर-आजीवन कारावास की सजा से दंडित 7 बंदियों को सजा में छूट-विशेष परिहार देने का निर्णय किया है। गौरतलब है कि, 26 जनवरी- 2026 को भी 94 दंडित बंदियों को समय-पूर्व रिहाई-सजा में छूट प्रदाय की गई थी।

# भोपाल में खुलेगा फाइनेंशियल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट

## अशासकीय विद्यालयों को ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति के लिए 3,039 करोड़ की स्वीकृति

भोपाल

मध्यप्रदेश में वित्तीय प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार ने फाइनेंशियल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफटीआरआई) खोलने को मंजूरी दे दी है। मोहन यादव कैबिनेट ने आज इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। यह इंस्टीट्यूट प्रदेश में वित्तीय प्रबंधन पर रिसर्च और बजट आकलन समेत अन्य वित्तीय व्यवस्थाओं के लिए काम करेगा। इसका संचालन शुरुआत में प्रशासन अकादमी से किया जाएगा। मंत्रि-परिषद द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम अनुसार गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये फीस प्रतिपूर्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2030-31 तक की निरंतरता के लिए राशि 3,039 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अलावा एससी वर्ग के छात्रों के लिए दस हजार रुपए प्रतिमाह स्कॉलरशिप भी मंजूर की गई है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने



बताया कि बैठक में मंदसौर जिले में गांधी सागर बांध से जुड़ी कातन सिंचाई परियोजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना में 3500 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा और 120 गांवों के 1358 परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। योजना पर 88.41 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। कैबिनेट ने चना और मसूर की खरीदी को भी मंजूरी दी है। चने का भाव 5000 रुपए और मसूर का 5800 रुपए क्विंटल है। सरकार चने के कुल उत्पादन का 25 प्रतिशत खरीदी करेगी और मसूर का 100 फीसदी खरीदी करने का फैसला किया गया है। इसके लिए 3174 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। प्रदेश में गेहूं खरीदी 9 अप्रैल से शुरू होगी और पहले छोटे किसानों को खरीदी के लिए बुलाया जाएगा। कैबिनेट ने एससी वर्ग के छात्रों के लिए दस हजार रुपए प्रतिमाह स्कॉलरशिप देने को भी मंजूरी दी है। अभी यह 2000 रुपए प्रतिमाह दी जाती थी, लेकिन महंगाई को देखते हुए अब सरकार ने इसे दस हजार रुपए प्रतिमाह कर दिया है। अब पोस्ट ग्रेजुएट और ग्रेजुएट करने वाले बच्चों को यह राशि दी जाएगी।

### बीता सप्ताह मध्यप्रदेश के लिए शुभः सीएम

बैठक के प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीता सप्ताह मध्यप्रदेश के लिए शुभ रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश को नए फोरलेन मार्गों की कई स्वीकृतियां प्रदान कर सौगातें दी। एनएच 46 के इटारसी-बैतूल सेक्शन में 758 करोड़ रुपए लागत के 22 किलोमीटर लंबे टाइगर कॉरिडोर को स्वीकृत किया गया। इसी तरह प्रदेश के निवाड़ी और उत्तर प्रदेश के झांसी को जोड़ने वाले 15.6 किलोमीटर लंबे फोरलेन दक्षिणी बाइपास के निर्माण और बंगाय खास से ओरछा तिगेला के निर्माण तथा एन एच 44 और एनएच 39 को जोड़ने वाली लिंक रोड के लिए 631.73 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इन स्वीकृतियों से प्रदेश के व्यापारिक, आर्थिक, पर्यटन इत्यादि सभी तरह की गतिविधियों को लाभ मिलेगा।

### उज्जैन एयरपोर्ट के लिए 590 करोड़ मंजूर

उज्जैन में सिंहस्थ को देखते हुए एयरपोर्ट विकसित करने राज्य सरकार ने 590 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। यह राशि एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण पर खर्च की जाएगी। केंद्र सरकार की उड़ान योजना के अंतर्गत यह एयरपोर्ट बनेगा और इसका काम केंद्र सरकार पूरा कराएगी। इसके बनने से सिंहस्थ के दौरान लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

### योजनाओं को चालू रखने का फैसला

वाणिज्यिक कर विभाग की 8 योजनाओं को निरंतर जारी रखने को मंजूरी गई है। 2952 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसी तरह वन विभाग की वन क्षेत्र योजनाओं के लिए 5215 करोड़ और स्कूल शिक्षा विभाग की अलग -अलग योजनाओं को निरंतर चालू रखने के लिए 4672 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।

### अंबेडकर जयंती पर प्रदेशभर में कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट बैठक से पूर्व अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम 8 अप्रैल से आरंभ होकर 14 अप्रैल तक चलेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भिंड जिला मुख्यालय पर होगा। जिला मुख्यालयों सहित सभी विकास खंडों में भी अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



# पाकिस्तान कितने टुकड़ों में बंटेगा, भगवान ही जाने

## राजनाथ बोले- बंगाल में नजर डाली तो बुरा नतीजा होगा

कोलकाता

ऑपरेशन सिंदूर में मुंह की खाने बावजूद आतंक का गढ़ पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आता नहीं दिख रहा। भारतीय सैन्य एक्शन से डरे हुए पाकिस्तानी हुक्मरान समय-समय पर बेतुके बयान से सुर्खियां बटोरते रहते हैं। ऐसी ही टिप्पणी पड़ोसी मुल्क के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में की। जिसका जवाब भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी है। उन्होंने दो टूक शब्दों को कहा कि अगर वे बंगाल पर बुरी नजर डालने की कोशिश करेंगे, तो भगवान ही जाने कि इस बार पाकिस्तान कितने हिस्सों में बंट जाएगा। राजनाथ सिंह ने ये पलटवार उस समय किया जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बड़बोलेपन में कोलकाता पर हमले की धमकी दे डाली। ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर पड़ोसी देश ने कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन करने की कोशिश की, तो उनका देश भारत के पूर्वी महानगर कोलकाता पर हमला करेगा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के इस कमेंट पर राजनाथ सिंह ने करारा जवाब दिया है। 55 साल पहले, उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़े थे। उस समय पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था। अगर उन्होंने बंगाल पर बुरी नजर डालने की कोशिश की, तो भगवान ही जाने कि इस बार पाकिस्तान कितने हिस्सों में बंट जाएगा। भारतीय रक्षा मंत्री ने दो टूक कहा कि अगर पाकिस्तान इस बार बंगाल पर नजर डालने की हिमाकत करता है तो इस बार पाकिस्तान के कितने टुकड़े होंगे, यह केवल भगवान ही जानते हैं। राजनाथ सिंह बंगाल के बैरकपुर में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान रोड शो करते हुए उन्होंने अपने पाकिस्तानी समकक्ष की धमकी पर कड़े शब्दों में जवाब दिया। उन्हें 55 साल पहले हुई घटना की याद दिलाई।

# महिला को 3 दिन अछूत नहीं माना जा सकता

## सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने मंगलवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं को एंट्री देने का आदेश जारी रहे या नहीं इस पर पहले दिन 5 घंटे सुनवाई की। केंद्र ने शुरुआत में ही सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में मासिक धर्म आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक का समर्थन किया। सरकार ने कहा, '2018 में सभी वर्ग की महिलाओं को एंट्री देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत था। यह मामला पूरी तरह धार्मिक आस्था और संप्रदाय के अपने अधिकार से जुड़ा है। अदालतें महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश के मामले में दखल नहीं दे सकतीं। सरकार ने कहा कि अगर कोई प्रथा गैर-वैज्ञानिक लगती है, तो उसका हल संसद या विधानसभा के पास है, न कि अदालत के पास। जस्टिस नागरत्ना ने कहा- इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने 3 दिन तक तो महिला को अछूत माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई अछूतपन न रह जाए।

# राजेंद्र भारती केस में अब 15 अप्रैल को सुनवाई



**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के बहुचर्चित सहकारिता बैंक भ्रष्टाचार मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक राजेंद्र भारती से जुड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाते हुए अब अगली सुनवाई 15 अप्रैल तय की है। मंगलवार को इस मामले में सुनवाई होनी थी लेकिन कोर्ट ने इसे स्थगित कर दिया। साथ ही हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर 15 अप्रैल को न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि, एमपी-एमएलए कोर्ट ने सहकारिता बैंक भ्रष्टाचार मामले में राजेंद्र भारती को तीन साल की सजा सुनाई थी। सजा के बाद विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता भी शून्य घोषित कर दी थी। इसी फैसले को चुनौती देते हुए कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# उमा भारती ने ठेले पर बेचे पोहे-जलेबी

## पूर्व मुख्यमंत्री ने बंगले के सामने दुकान लगाकर प्रशासनिक कार्रवाई का किया विरोध



**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ में मंगलवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सड़क किनारे हाथठेला लगाकर पोहा-जलेबी बेची। उन्होंने एक दिन पहले हटाए गए छोटे दुकानदारों को वापस ठेले लगाने के लिए बुलाया। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि गरीबों की रोजी-रोटी नहीं छीनी जाए। दरअसल, सोमवार को सिविल लाइन रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कई छोटी दुकानें और हाथठेले हटा दिए गए थे। उमा भारती ने इस कार्रवाई का विरोध किया और छोटे दुकानदारों को हटाने को गलत बताया था। इसी को लेकर मंगलवार सुबह वे सिविल लाइन रोड स्थित बंगले से निकलकर हाथठेले पर पहुंचीं। यहां खुद पोहा-जलेबी बेचकर दुकानदारों का समर्थन किया। उन्होंने हाथठेला वालों से दोबारा सड़क किनारे ठेले लगाने को कहा। उमा भारती ने कहा कि प्रशासन पहले दुकानों के लिए जगह दे, बाद में हटाए।

### असम पुलिस की कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर छापेमारी

**नई दिल्ली/गुवाहाटी।** असम पुलिस की टीम कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के दिल्ली आवास पर पहुंची है। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी की एफआईआर के बाद यह कार्रवाई की गई है। पवन घर पर नहीं है। असम पुलिस उनसे पूछताछ के लिए इंतजार कर रही है। दिल्ली पुलिस भी साथ में मौजूद है। मुख्यमंत्री हिमंता ने कहा- जिन लोगों ने आरोप लगाए थे, वे अब भाग रहे हैं। अखिल गोगोई भी भागेगा। अखिल गोगोई बच्चा है, हमें बड़ी मछलियों को पकड़ना है। तीन राज्यों की सरकारों ने कहा है कि डॉक्यूमेंट्स डुप्लीकेट हैं। ये डॉक्यूमेंट्स शायद राहुल गांधी ने पवन खेड़ा को दिए होंगे। दरअसल दो दिन पहले पवन ने असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर आरोप लगाया था कि उनके पास मिस्त्र, एंटीगा-बरबूडा और यूएई के पासपोर्ट हैं। हिमंता और उनकी पत्नी ने आरोपों को गलत बताया था। दिल्ली में छापेमारी पर सीएम सरमा ने आज कहा कि वह कल गुवाहाटी से भाग गए। मुझे मीडिया के जरिए पता चला है कि पुलिस दिल्ली में उनके घर गई थी, लेकिन वह हैदराबाद भाग गए हैं। कानून अपना काम करेगा। हिमंता की पत्नी ने सोमवार को एफआईआर भी कराई थी। असम में 9 अप्रैल को वोटिंग होगी। मंगलवार शाम 5 बजे प्रचार थम गया है।

# भारत का 500 मेगावॉट परमाणु रिएक्टर आखिरी स्टेज में

## थोरियम को बदल सकता है यूरेनियम में, ऐसा सिर्फ रुस के पास

नई दिल्ली

तमिलनाडु के कलपक्कम में सोमवार रात भारत के 500 मेगावॉट 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' का दूसरा स्टेज पूरा हो गया। रिएक्टर पूरी तरह तैयार होने से अब सिर्फ एक चरण दूर है। इस प्रोजेक्ट में 80 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल हुआ है। अभी सिर्फ रूस के पास फास्ट ब्रीडर रिएक्टर है। अगर भारत इसे पूरी तरह तैयार कर लेता है, तो ऐसा करने वाला दूसरा देश बन जाएगा। इस रिएक्टर का डिजाइन इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र ने तैयार किया है। रिएक्टर के पूरा होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि आज भारत ने अपनी परमाणु यात्रा में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है और देश का न्यूक्लियर प्रोग्राम अब और तेजी से आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत साल 2003 में हुई थी। इसे बनाने के लिए भारत की 200 से ज्यादा कंपनियों को एक किया गया। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर एक खास तरह का परमाणु रिएक्टर है, जिसमें यूरेनियम-प्लूटोनियम मिश्रित ईंधन का इस्तेमाल होता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह जितना ईंधन खर्च करता है, उससे ज्यादा ईंधन पैदा कर सकता है। यह तकनीक भविष्य में थोरियम आधारित ऊर्जा उत्पादन के लिए भी रास्ता तैयार करती है, जो भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।



### भारत के लिए क्यों है जरूरी

**बिजली की बढ़ती मांग :** सोलर और विंड एनर्जी मौसम पर निर्भर हैं, जबकि न्यूक्लियर प्लांट लगातार बिजली देते हैं। एक रिएक्टर लाखों घरों की जरूरत पूरी कर सकता है।

**थोरियम का भंडार :** भारत के पास यूरेनियम कम है, लेकिन थोरियम का दुनिया में सबसे बड़ा भंडार है। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर थोरियम को यूरेनियम-233 में बदल सकता है।

**पर्यावरण :** भारत ने 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। कोयले के मुकाबले न्यूक्लियर एनर्जी साफ (क्लीन) मानी जाती है।

**कम जमीन में ज्यादा बिजली :** न्यूक्लियर प्लांट, सोलर प्लांट की तुलना में बहुत कम जमीन में उतनी ही बिजली पैदा कर सकते हैं।

### पं.अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में

# छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं के त्रुटिपूर्ण मूल्यांकन के विरोध में एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



पं.अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर के छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं के त्रुटिपूर्ण मूल्यांकन के विरोध में एनएसयूआई ने जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में कुल सचिव परीक्षा विभाग पण्डित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सत्र 2025-26 के अंतर्गत एम.ए. तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने मुख्य परीक्षा के सभी प्रश्न पत्रों में सहभागिता की थी, किंतु द्वितीय प्रश्न पत्र भारत में राज्य के अंक दर्ज नहीं किए गए हैं। जबकि छात्र-छात्राओं द्वारा सभी प्रश्नों के उत्तर सही एवं पूर्ण रूप से लिखे गए थे।

एनएसयूआई ने मांग की है कि छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए द्वितीय प्रश्न पत्र की त्रुटियों का तत्काल सुधार कर अंक दर्ज किए जाएं अथवा उक्त प्रश्न पत्र का पुनर्मूल्यांकन कराया जाए, ताकि छात्र-छात्राएं बिना किसी मानसिक तनाव के अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकें। साथ ही, संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही त्रुटि सुधार कर द्वितीय परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए।

ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी,जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष सिमरन कौर, विश्वविद्यालय अध्यक्ष दीपांशु गुप्ता, आईटी सेल जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, जिला महासचिव शुभांक पांडे, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष हर्षित बघेल, हर्षित श्रीवास्तव, ऋषि, दीपक साहू, सत्यम तिवारी, पुष्पा साहू, शीला जायसवाल, नीलम, संजना, वंदना, मनीषा, स्वाति, साक्षी, सीमा, राखी, शिल्पी नामदेव, राम निरंजन, कल्पना राज, बाई सुषमा सिंह, अर्चना सिंह सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



## कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई साप्ताहिक जनसुनवाई

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में ग्राम अटरिया निवासी नारायण तिवारी ने व्यवस्थापन पट्टा का नकल प्रदाय कराने, वार्ड नम्बर 10 धनपुरी निवासी रश्मि नामदेव ने रोजगार दिलवाने, ग्राम साखी निवासी रामरती चतुर्वेदी ने पीएम सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, वार्ड नम्बर 13 निवासी किरण सिंह ने बीपीएल कार्ड बनवाने, ग्राम अमलाई निवासी सौखीलाल कोल ने नाली निर्माण करवाने, ग्राम पड़री निवासी हीरालाल बैगा ने भूमि का नक्शा तरमीम करवाने, ग्राम नरगी निवासी सुखलाल बैगा ने सीमांकन कराने, ग्राम बलबहरा निवासी रीतू तिवारी ने रोजगार उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन जनसुनवाई में दिए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त अन्य आवेदनों को भी कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।



## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में अनपपुर जिले के ग्राम लोहरी निवासी रामलाल ने करपा जलाशय योजना अंतर्गत अधिग्रहित भूमि की मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम जमुआ निवासी गोपाल कृष्ण पाण्डेय ने भूमि से अतिक्रमण हटवाने, ग्राम बरेली निवासी हीरालाल गुप्ता ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, उमरिया जिले के ग्राम मुदरिया वार्ड नम्बर 8 निवासी रामसिंह ने भूमि का सीमांकन कराने हेतु आवेदन जनसुनवाई में दिए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में संभाग स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कृत्रिम उपकरण दिव्यांगों की जिंदगी को बनाते हैं आसान : कलेक्टर

### 121 हितग्राहियों को वितरित किए गए सहायक उपकरण

शहडोल (स्वतंत्रमत)।





कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में सहभागिता की। कलेक्टर ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों के जीवन को सरल बनाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरण दिव्यांगजनों की दूसरों पर निर्भरता कम करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों से आग्रह किया कि वे प्राप्त उपकरणों का नियमित उपयोग करें तथा सक्रिय बने रहें, जिससे स्वास्थ्य बेहतर रहे।

कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं का सदुपयोग कर समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने शिविर का निरीक्षण कर उपस्थित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों से चर्चा की तथा उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। शिविर में एडिप योजना के तहत 25 दिव्यांगजनों को 43 सहायक उपकरण तथा आर.व्ही.वाई. योजना के अंतर्गत 78 वरिष्ठ नागरिकों को 125 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान बैसाखी, ट्राईसाइकिल, वॉकर, व्हीलचेयर एवं छड़ी आदि उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, जनपद अध्यक्ष हीरावती कोल, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, जनपद पंचायत सोहागपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गैलेक्सी नागपुरे, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग प्रज्ञा मरावी सहित अन्य अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## बड़ी भीट तालाब में श्रमदान अभियान जारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सक्रिय

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन में नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 स्थित बड़ी भीट तालाब में स्वच्छता एवं जल स्रोत संरक्षण हेतु विशेष श्रमदान अभियान संचालित किया जा रहा है। च्जल गंगा संवर्धन अभियानज्ज के अंतर्गत आज द्वितीय दिवस भी श्रमदान कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी के मार्गदर्शन में प्रातः 8.00 बजे से श्रमदान कार्य प्रारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा लगातार श्रमदान कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वयं श्रमदान किया जा रहा है, जिससे आमजन एवं कर्मचारियों को प्रेरणा मिल रही है। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता मित्र एवं वार्डवासी शामिल हुए तथा लगभग तीन घंटे तक श्रमदान कर तालाब की व्यापक साफ-सफाई की गई।



## सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ जिला समिति का निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न अनिल चौबे बने अध्यक्ष



कटनी (स्वतंत्रमत)।

सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ जिला समिति कटनी का वार्षिक निर्वाचन 6 अप्रैल को पूर्ण रूप से निर्विरोध सम्पन्न हो गया। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में पूरी हुई। निर्वाचन में इंजीनियर अनिल चौबे को अध्यक्ष, इंजीनियर संजीव कुमार खर्द को सचिव तथा इंजीनियर पी.के. खरे को कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अधिकारी इंजीनियर एस.आर. बिलथरिया तथा इंजीनियर सी.एस. दवे द्वारा सम्पूर्ण निर्वाचन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आर.पी. चौबे, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष इंजीनियर डी.के. साहू तथा कटनी जिला के सभी सम्मानीय सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी तथा संघ की भावी गतिविधियों में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया।

निर्वाचन के निर्विरोध सम्पन्न होने पर सभी सदस्यों ने खुशी व्यक्त की और संघ की एकता तथा मजबूती पर संतोष जताया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी संघ के सदस्यों के हितों की रक्षा तथा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लिया। यह निर्वाचन संघ की लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत करने वाला साबित हुआ।

## ग्रेस मिशन स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 7 अप्रैल को ग्रेस मिशन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, स्लीमनाबाद में विश्व स्वास्थ्य दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य जी.आर. भारद्वाज के मार्गदर्शन में हुई। सर्वप्रथम व्यायाम शिक्षक शुभ द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के व्यायाम कराए गए, जिससे बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इसके पश्चात विद्यालय द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो स्लीमनाबाद तिराहे से प्रारंभ होकर स्लीमनाबाद पुलिस स्टेशन पर समाप्त हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संबंधी नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के उप-प्राचार्य ललित चौरसिया तथा शिक्षकगण योगेश कुमार दुबे, अभिनव चौबे, आकाश मेहरा, नीतू सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। रैली में विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य था। बच्चों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से संदेश दिया कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है।

## लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

थाना सीधी पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। न्यायाधीश कीर्ति उईके न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जयसिंहनगर के प्रकरण क्रमांक 77/2021 अपराध क्रमांक 238/2020 धारा 294, 323, 506 ता.हि. के प्रकरण में आरोपी प्रदीप रैदास पिता राममनोहर रैदास उम्र 23 साल निवासी महुआ टोला थाना सीधी के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। उक्त आरोपी वर्ष 2020 से लगातार फरार चल रहा था, जिसकी थाना सीधी पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर थाना सीधी पुलिस द्वारा आरोपी की घेराबंदी कर फरार वारंटी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### घर में दिनदहाड़े चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

फरियादी विनय सिंह निवासी ग्राम धनपुरा, थाना बुढार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 26 नवम्बर 2025 को वह अपने घर में ताला बंद कर पत्नी सहित बाहर गए थे।

दोपहर को वापस आने पर देखा कि घर का ताला खोलने पर कमरे का ताला टूटा हुआ था तथा आलमारी खुली हुई थी। जांच करने पर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, आदि कुल कीमती लगभग 80,000 रुपये एवं नगद 12,000 रुपये चोरी होना पाया गया।

## अवैध मवेशी परिवहन करते पिकअप सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार






**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भमला में एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु थाना जैतपुर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची। ग्राम भमला में घेराबंदी कर पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडसी 4190 को रोका गया। वाहन की जाँच करने पर उसमें 02 नग भैंस क्रूरतापूर्वक रस्सियों से बंधी हुई पाई गईं, जो भूख-प्यास से तड़प रही थीं। वाहन चालक से मवेशियों के परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, जिसे प्रस्तुत करने में वह असमर्थ रहा। गिरफ्तार आरोपी लव कुमार महरा पिता भूपत कुमार महरा 43 वर्ष, निवासी ग्राम हाथीडोल थाना बुढार।

जप्त मशरूका 02 नग भैंस कीमती लगभग 70,000 रुपये, 1 पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडसी 4190 कीमती लगभग 5,00,000 रुपये कुल मशरूका कीमती लगभग 5,70,000 रुपये, उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## शिवजी वेलनेस सेंटर में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष योग सत्र एवं स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय शिवजी योग थैरेपी एवं वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंटर के सदस्यों ने सामूहिक योग अभ्यास किया और स्वास्थ्य का महत्व विषय पर गहन चर्चा की।



योग से निरोग रहने का संकल्प

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रों और प्रार्थना के साथ हुई, जिसके बाद साधकों को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस दौरान कुछ विशेष आसन, प्राणायाम, मुद्रा एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, पाद हस्तासन अर्ध कटिचक्रासन, कपालभाति, नाड़ीशोधन, सीत्कारी, भ्रामरी प्राणायाम, अश्विनी मुद्रा आदि अभ्यासों पर जोर दिया गया, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

**विशेष चर्चा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन**-योग अभ्यास के उपरांत आयोजित स्वास्थ्य वार्ता में वर्तमान जीवनशैली और खान-पान की आदतों पर विमर्श हुआ। चर्चा के दौरान योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला ने यह बात प्रमुखता से रखी कि स्वास्थ्य केवल बीमारियों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ होना है।

**कार्यक्रम के मुख्य बिंदु**- दैनिक दिनचर्या सुबह जल्दी उठने और योग को अपनी जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बनाने की सलाह दी गई। मानसिक स्वास्थ्य तनाव मुक्त जीवन के लिए ध्यान की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्राकृतिक उपचार स्वस्थ रहने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा और संतुलित आहार के महत्व को समझाया गया।

### उत्साही भागीदारी

कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों सहित युवा और बुजुर्ग मातृशक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं योग करेंगे, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करेंगे। अंत में शांति पाठ और हास्य योग के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# स्ट्रीट डॉग्स ने निभाया चौकीदार का फर्ज

## कॉलोनी वालों ने चोर को रंगे हाथ दबोचा, पुलिस ने नशेड़ी बताकर छोड़ा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हेड पोस्ट ऑफिस के पास स्थित समदड़िया कॉलोनी में बीती रात एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया। यहाँ जनता और स्ट्रीट डॉग्स ने जिस चोर को साहस दिखाकर पकड़ा, उसे पुलिस ने महज नशेड़ी बताकर छोड़ दिया। पुलिस के इस रवैये से स्थानीय निवासियों में भारी रोष व्याप्त है। जानकारी अनुसार घटना रात करीब 3:15 बजे की है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, एक संदिग्ध युवक कॉलोनी में दाखिल हुआ और काफी देर तक रेकी करने के बाद एक स्कूटी चुराने का प्रयास करने लगा। वह स्कूटी लेकर भागने ही वाला था कि कॉलोनी के स्ट्रीट डॉग्स ने उसे देख लिया। कुत्तों ने एकजुट होकर चोर को चारों तरफ से घेर लिया और भौंकना शुरू कर दिया। चोर ने लकड़ी और पत्थरों से उन्हें डराने की कोशिश की, लेकिन कुत्ते



पीछे नहीं हटे। शोर सुनकर जागे कॉलोनीवासियों ने मौके पर पहुंचकर चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया।

### पुलिस की कार्यवाही पर सवाल

हंगामे के बाद सूचना पाकर डायल 112 और सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को थाने ले गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ने ठोस कार्रवाई करने के बजाय औपचारिकता पूरी की। लोगों से कागज पर हस्ताक्षर तो कराए गए, लेकिन जब एफआईआर की मांग की गई, तो ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि आरोपी नशेड़ी है, इसे जेल भेजने से कोई फायदा नहीं होगा।

### सीसीटीवी में कैद हुई करतूत

पूरी घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें साफ दिख रहा है कि युवक किस तरह स्कूटी चोरी करने की कोशिश कर रहा था। कॉलोनी वासियों का कहना है कि यदि पुलिस इसी तरह अपराधियों को छोड़ती रही, तो क्षेत्र में चोरी की वारदातें कम होने के बजाय और बढ़ेंगी। अब यह मामला समूचे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# जबलपुर के स्टॉर्म लॉर्ड्स ने बिखेरा राजधानी में जलवा

## रणजीत भगोरे बने राइडर ऑफ द ईयर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



राजधानी भोपाल में आयोजित इग्निशन 4.0 मेगा इवेंट में जबलपुर के प्रतिष्ठित बाइकर्स ग्रुप स्टॉर्म लॉर्ड्स ने अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई। क्लब के सदस्यों ने न केवल आयोजन में हिस्सा लिया, बल्कि अपनी बड़ी जीत से संस्कारधानी का नाम रोशन किया। इग्निशन 4.0 का यह भव्य आयोजन जीत भोपाली और भोपाल बाइकिंग कम्यूनिटी टीम द्वारा बेहद कुशलता से संपन्न किया गया। इस गौरवशाली पल के दौरान स्टॉर्म लॉर्ड्स क्लब के फाउंडर पवन राय, को-फाउंडर रणजीत भगोरे एडमिन डॉ. प्रदीप कुमार मरकाम और के.डी. ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही क्लब के सदस्य प्रतीक दुबे पीयूष, अनीश झरिया, अभिषेक और शाजिद सहित अन्य राइडर्स ने भी अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई।

### रणजीत को मिला राइडर ऑफ द ईयर पुरुस्कार

क्लब के रणजीत भगोरे को उनके असाधारण राइडिंग कौशल और अनुशासन के लिए राइडर ऑफ द ईयर के प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं, प्रतीक दुबे को उनकी बेहतरीन प्रतिभा के लिए इमर्जिंग राइडर ऑफ द ईयर चुना गया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रोंगटे खड़े कर देने वाला प्रोफेशनल स्टंट शो और चुनौतीपूर्ण ऑफ-रोडिंग इवेंट रहा। स्टॉर्म लॉर्ड्स के राइडर्स ने ऑफ-रोडिंग में अपनी तकनीक और साहस का शानदार परिचय दिया। दिनभर के एड्रेनालिन रश के बाद देशभर से आए राइडर्स ने एक साथ जीत का जश्न मनाया। इवेंट के दौरान स्टॉर्म लॉर्ड्स के सदस्यों ने देशभर के अलग-अलग राज्यों से आए बाइकर्स से मुलाकात की, उनके राइडिंग अनुभवों को सुना और मॉडर्न बाइकिंग कल्चर की बारीकियों को साझा किया। एडवेंचर को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश टूरिज्म की ओर से स्टॉर्म लॉर्ड्स जबलपुर के राइडर्स को बांधवगढ़ राइड का विशेष ऑफर दिया गया है, जो प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की एक बड़ी पहल है। इग्निशन 4.0 में महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला बाइकर्स की भागीदारी ने समाज को नारी शक्ति का एक सशक्त और प्रेरक संदेश दिया।

# बस ने महिला को तो कार ने युवकों को मारी टक्कर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोहलपुर के रद्दी चौकी में बीती देरशाम एक तेज रफ्तार बस चालक ने महिला बैंक कर्मी की स्कूटी को टक्कर मार दी तो वहीं कुंडम के डेहरीकला मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार ने बाईक सवार दो युवकों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। तीनों घायलों को उपचार के लिये जबलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है। अस्पताल पहुंची पुलिस को ग्वारीघाट रेतनाका निवासी 54 वर्षीय मधु यादव ने बताया कि वह रद्दी चौकी स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पदस्थ है। बीती देरशाम बैंक की शाखा से अपनी एक्टिवा गाड़ी लेकर घर जा रहीं थी। जैसे ही वे गोहलपुर की ओर जाने वाली सड़क पर पहुंची, उसी समय अधारताल की ओर से आ रही बस क्रमांक यूपी 22 टी-6193 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गई और उन्हें चोटे आ गई। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। समीप के दुकानदार जुबैर ने उसे उपचार हेतु विधान मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया है। इसी प्रकार कुंडम पुलिस ने बताया कि ग्राम बरौदा निवासी 29 वर्षीय मुकेश रैकवार, अशोक रैकवार व उनके रिश्तेदार राहुल रैकवार व दालचंद अलग-अलग मोटर साइकिलों से ग्राम पिपरिया खमरिया रिश्तेदारी में गये थे। जहां से लौटते वक्त जब वे रात्रि करीब 9-30 बजे डेहरीकला मोड़ के पास पहुॅचे तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीके 4215 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए राहुल रैकवार की बाईक में टक्कर मार दी।

# गांजे के कारोबार में लिप्त आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर पुलिस ने ग्राम देवरीकला में एक आरोपी को गांजे के साथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 626 ग्राम गांजा कीमती 31 हजार तीन सौ रुपये का बरामद किया है। जिसके खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि बीती रात गश्त के दौरान देवरीकला में एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर दबोचा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हरिलाल कुशवाहा उम्र 45 वर्ष निवासी देवरीकला पनगार बताया। जिसके हाथ में रखी स्काई ब्लू रंग की पन्नी की तलाशी लेने पर गांजा रखा मिला, जो कि तौल करने पर 626 ग्राम गांजा होना पाया गया, जिसकी कीमत 31 हजार तीन सौ रुपये है।

# मौसम के दोहरे वार से सेहत पर संकट

## कभी तपती धूप, कभी रिमझिम बौछारें, उमस और बारिश के बीच बीमारियों ने पसारे पैर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

संस्कारधानी में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलता नजर आ रहा हैं। मौसम विभाग के अनुसार 7 अप्रैल को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मंगलवार को शहर में कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हुई। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पश्चिमी हवाओं और आर्द्रता के साथ उमस का मिला-जुला असर देखने को मिल सकता है। विशेष रूप से बारिश के बाद आसमान खुल जाने के कारण कड़ी धुप से सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। मौसम में आ रहे उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव बच्चों, बुजुर्गो के साथ युवाओं के स्वास्थ पर भी पड़ रहा है।

### बीमारियों की चपेट में बच्चे और बुजुर्ग

चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि तापमान में बार-बार



होने वाले बदलाव के कारण शरीर को वातावरण के अनुकूल ढलने में कठिनाई होती है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ रही है। इसके परिणामस्वरूप सर्दी, खांसी, बुखार और वायरल संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। बेमौसम बारिश और उमस भरे माहौल में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से पनपते हैं, जो टाइफाइड, दस्त, आंत्रशोथ और पेट में मरोड़ जैसी समस्याओं का कारण बन रहे हैं।

### चिकित्सकों की सलाह

पर्याप्त मात्रा में साफ और उबला हुआ पानी पिएं।

खान-पान में विशेष सावधानी बरतें और बाहर के खुले खाद्य पदार्थों से बचें।

-धूप से आकर तुरंत ठंडा पानी न पिएं।

-बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सक से परामर्श लें।

# जरूरतमंदों को निरंतर 15 वर्षों से भोजन करा रही चलित प्रसादम सेवा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आज से 15 साल पहले 4 अप्रैल 2011 हिंदू नव वर्ष पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट की योजना से हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास महाराज के सानिध्य में 200 से 300 लोगों का प्रतिदिन चलित प्रसादम सेवा के नाम से एक गाड़ी में भोजन वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। ज्ञानेश्वरी दीदी ने कहा भूखे को भोजन करना प्राचीन परंपरा है। लगातार किसी कार्यक्रम को चलाना बिना राधा कृष्ण की मर्जी से नहीं होता। इसी कड़ी में मंगलवार को जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक गोल बाजार में पूरी-सब्जी, कड़ी, चावल, हलवा, आचार, पापड का वितरण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया करोना के समय प्रतिदिन 1000 लोगों को भोजन वितरित किया जाता था। अयोध्या धाम में भगवान रामजी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 10 दिन में 1 लाख 15 हजार लोगों को अयोध्या धाम में भोजन वितरित किया गया। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया 5430 दिनों से प्रतिदिन लगातार जारी है, अभी तक 20 लाख 36 हजार 250 लोगों ने प्रसाद पा चुके हैं। इस अवसर पर प्रचारक भूपेंद्र पराशर, शरद अग्रवाल, बीडी पटेल, सुरेश गोयल, उमेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 116 आवेदन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। हर मंगलवार होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई में इस बार नागरिकों से कुल 116 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें दोबारा आये हुए 25 आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर आवेदन छात्रवृत्ति, अतिक्रमण, नामांतरण, सीमांकन, आर्थिक सहायता, अनुग्रह सहायता, पीएम सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पेंशन, लड़ाई-झगड़ा, आर्थिक सहायता आदि से संबंधित थे। जनसुनवाई के दौरान सभी अधिकारी उपस्थित रहे ।

# फार्मासिस्टों के हितों की लड़ाई होगी तेज

## अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जबलपुर इकाई द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार नवीन नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इस विस्तार के तहत संगठन की मजबूती और फार्मासिस्टों के हितों के संरक्षण के उद्देश्य से अभिषेक निगम को अतिरिक्त जिला उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त कर उन्हें विधिवत पदभार ग्रहण कराया गया। आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारी का भव्य स्वागत किया गया। संगठन के प्रति अटूट निष्ठा और फार्मासिस्ट समुदाय के कल्याण के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए



यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात अभिषेक निगम ने कहा कि वे संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और क्षेत्र के सभी फार्मासिस्टों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। संगठनात्मक नियमों का पालन करते हुए इस नवीन नियुक्ति की औपचारिक जानकारी आज ड्रग इंस्पेक्टर कार्यालय, जबलपुर में दी गई। नियुक्ति पत्र की एक प्रति ड्रग इंस्पेक्टर प्रवीण पटेल को सौंपी गई। संगठन का मानना है कि शासन और प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाकर ही फार्मासिस्टों के कल्याण के कार्य किए जा सकते हैं।

# अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** सरौली मझगवां पावर हाउस के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि बिजली की अंधाधुंध कटौती के खिलाफ अखिल भारतीय ओबीसी महासभा, ओबीसी एससी एसटी संयुक्त मोर्चा व समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष ओबीसी जितेन्द्र कुमार कुर्मी के नेतृत्व में विद्युत मंडल सरौली का घेराव करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कृषि बिजली की अघोषित कटौती को तुरंत बंद करने, 10 घंटे रेग्युलर बिजली देने, लाइन खराब होने पर बंद की गई बिजली को कवर करके देने, ओवरलोड ट्रांसफार्मर को बदलकर अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर बैठालनें, ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने पर 24 घंटे के अंदर बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग करते हुए चेतावनी दी की यदि इन समस्याओं को हल नहीं किया जाता तो बिजली आफिस सरौली में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान विनोद पटेल, बारेलाल पटेल, सुखदेव आदर्श पटेल आदि उपस्थित रहे।

# सीएम डॉ मोहन यादव का आगमन आज, कृषि मंथन 2026 में होंगे शामिल



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में आज बुधवार, 8 अप्रैल को कृषि मंथन 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह आयोजन किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग तथा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। इस कार्यक्रम में वाणिज्य कर, वित्त मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, लोक स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, किसान कल्याण मंत्री एदल सिंह कंसाना, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# जगत का प्रथम मंगल है भगवान राम का नाम

## श्रीराम कथा के तृतीय दिवस प्रभु रामलला का हुआ जन्म

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गौरीघाट के आर्युवेद कॉलेज मैदान में चल रही श्रीरामकथा का तृतीय दिवस आज तब इतिहास में लिख गया जब श्रीरामजी के प्राकट्य की हूबहू अयोध्या सी अनुभूति उपस्थित जनमेदिनी ने अनुभव की। मनु महाराज की कथा प्रसंग में कथा व्यास पद्म विभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर, जगतगुरु श्रीरामभद्राचार्य जी ने ब? भाव से 'अस मन होत उठाय लेऊं कुरवा..उठाए लेऊंकरवा...लगाय लेऊं हियरवा' भजन से परमात्मा राम के बालरूप को साकार कर दिया। करवा का अर्थ गोद से था। महाराजश्री के भाव में सब ऐसे विभोर हुए कि मानो उनकी ही गोद में श्रीरामजी ही आ गए हों। समरसता सेवा संगठन के सौजन्य से हो रही कथा में संगठन की टीम ने पूरे पंडाल का अनोखा पुष्प-वैलून श्रृंगार किया। भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप की सजीव झांकी के दर्शन सभी ने की। रामलला का जन्म सभी ने नाच गाके उत्सव के रूप में मनाया। रामजी के जन्म के समय में आसमान से मेघ गर्जन और धरा पर मंत्र उच्चारण हो रहा था। मानस के सरस वक्ता महाराजश्री ने 'सत्यसंध पालक श्रुति सेतू-रामजनमजग मंगल हेतू' को मंच पर सजीव कर लिया। अवधपुरी में 'जय-जय सुरनायक-जनसुख दायक प्रणतपाल भगवंता' संकीर्तन के साथ भगवान प्रकट हुए।



### सविस्तार सुनाई श्रीराम जन्म की कथा

महाराजश्री ने भगवान श्रीराम के मंगलकारी जन्म से जुड़ी सभी कथाएं पूरे मनोयोग से सुनाई । जय-विजय, नारद प्रसंग, वृंदा प्रसंग के माध्यम से उन्होंने आध्यात्म के गूढतम रहस्य प्रकट किए। उन्होंन बताया कि 'राम भगत जग चार प्रकारा' चौपाई यूं ही नहीं लिखी गई। राम भगतों के चार प्रकार हैं। ये हैं आर्त, जिज्ञास, अर्थाती और ज्ञानी। आर्त की कथा जय विजय कल्प में, जिज्ञासु की कथा वृंदा कल्प में, अर्थाती की कथा नारद प्रसंग में और चौथी कथा ज्ञानी की मनु के रूप में आती है। उन्होंने बताया कि ज्ञानी का अर्थ है ईश्वर सेव्य है मैं सेवक हूं, इसी भाव को ज्ञानी कहते हैं। ज्ञान धारा के परम आचार्य महाराज मनु हैं। मनु ने 24 हजार वर्ष तपस्या क्यों की। इसका उत्तर बताते हुए महाराजश्री ने कहा कि क्योंकि मनु को भगवान के 24 जन्म का संपूर्ण स्वरूप चाहिए था। उन्होंने कहा कि हम सोने में 24 कैरेट सोने की मांग करते हैं। हमारे राम जी ऐसे ही 24 कैरेट स्वर्ण है, जो संपूर्णता का प्रतीक हैं।

### रामजी ज्ञान के प्रतीक नहीं ज्ञान के स्वरूप

कथा में महाराजश्री ने पदार्थवाद पर चिंतन करते हुए कहा कि प्रतीकवाद को ईश्वर के साथ जोना सही नहीं है। ईश्वर प्रतीक में नहीं रहता। हम राम जी को ज्ञान का लक्ष्मण जी को वैराग्य का प्रतीक नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि रामजी ज्ञान के प्रतीक नहीं बल्कि ज्ञान के स्वरूप हैं। भगवान राम का नाम जगत का प्रथम मंगल है। जब नाम मंगल है तो उनका रूप भी मंगल है। उन्होंने 'बाल्मीक उर आनंद भारी-मंगल मूरति नयन निहारी' नामक चौपाई के माध्यम से भगवान श्रीराम के मंगल रूप को रेखांकित किया। उनके सेवक हनुमान जी भी मंगल मूरत हैं। तो जहां-जहां राम हैं, वहां-वहां मंगल है। रावण की उपस्थित अमंगलकारी है। जो सबको रुलाए वो रावण और जो सबको रमा लेता है वो रावण है। रामजी सबको मंगल ही देते रहते हैं। श्रोताओं से मुखाबित महाराज श्री ने कहा कि कथा श्रवण का फलादेश मोह का जाना है। कथा सुनने से मोह से मुक्ति मिल जाता है।

# पहले प्रवेश दिया अब बोल रहे टीसी लेकर जाओ

## अभिभावकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


एसडीएम से चर्चा करते अभिभावक


प्रवेश नहीं मिलने की जानकारी देते अभिभावक

**कटंगी।** शिक्षा पर सभी का समान अधिकार है और यह प्रत्येक बच्चे का एक संवैधानिक भी अधिकार है। बावजूद इसके सरकारी नियमों में उलझाकर बच्चों को उनके इस संवैधानिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है। मामला बालाघाट जिले के तहसील मुख्यालय कटंगी के शासकीय सांदीपनि विद्यालय से जुड़ा हुआ है। यहां पर अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्राइवेट स्कूल से आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा हैं। वहीं जिन विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान प्रवेश दिया जा चुका था। अब ऐसे विद्यार्थियों के अभिभावकों से शिक्षक संपर्क कर उन्हें अपने बच्चों की टीसी वापस लेकर जाने की बात कह रहे है। शिक्षकों के द्वारा अभिभावकों को बच्चे का प्रवेश निरस्त होने की जानकारी दी जा रही है। जबकि ऐसा कोई नियम नहीं है। सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता ने अब ऐसे विद्यार्थियों को भी प्रवेश देने से साफ इनकार कर दिया है। जिनका चयन सूची में नाम आ चुका है। प्राचार्य ने लोक शिक्षण संचालनालय के नियमों का हवाला देते हुए बताया कि सांदीपनि स्कूल में पहली प्राथमिकता पोषक शालाओं के विद्यार्थियों को दी जानी है। इधर, बच्चों को प्रवेश नहीं मिलने और प्रवेश के बाद टीसी वापस लेने की बात कहें जाने से अभिभावक परेशान है। अभिभावकों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के.सी.ठाकुर को ज्ञापन सौंपते हुए सभी बच्चों को प्रवेश दिलाने की मांग रखी है। एसडीएम ने अभिभावकों को भरोसा दिया है कि वह शिक्षा विभाग के अधिकारियों से चर्चा करेंगे।

सांदीपनि स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही है। आरोप यह भी है कि सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य प्राइवेट स्कूलों के दबाव में प्राइवेट स्कूल के बच्चों को सांदीपनि स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश नहीं दे रहे है। हालांकि सांदीपनि के प्राचार्य इन आरोपों से साफ इनकार करते है। वह लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों के अनुसार ही प्रवेश दिए जाने की बात कहते है।

### यह है लोक शिक्षण संचालक के आदेश

लोक शिक्षण संचालक प्रमोद सिंह ने एक आदेश जारी किया है। यह आदेश नवीन भवन पूर्ण होने वाले/ नवीन भवन में संचालित सांदीपनि विद्यालयों में आकांक्षी नामांकन के अनुसार प्रवेश के संबंध में है। सबसे पहले आकांक्षी नामांकन को आसान भाषा में समझ लीजिए। आकांक्षी नामांकन के लिए सबसे पहले स्कूल को यह निर्धारित करना होता है कि उसके पास विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था के क्या प्रबंध है। इसी व्यवस्था के आधार पर स्कूल प्रवेश के लिए सीटें निर्धारित करता है यह आकांक्षी नामांकन कहे जाते है जो स्कूल तय करता है। आदेश कहता है कि जहां नए भवन पूर्ण होने वाले है या नवीन भवन में स्कूल संचालित हो रहे है। ऐसे सांदीपनि स्कूल में नामांकन को पुनरीक्षित किया जाना है जो विभाग द्वारा तय किया जाता है। यानी आकांक्षी नामांकन और पुनरीक्षित नामांकन के मध्य जो सीटें रिक्त है। उन रिक्त सीटों पर शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाना। जबकि नवीन विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए 08 अप्रैल 2025 की प्रवेश्ज्ञ नीति ही अपनाई जा रही है। यह प्रवेश नीति सीएम राइज विद्यालय में विद्यार्थियों को नवीन प्रवेश देने के लिए शासकीय विद्यालय में प्रवेश के पश्चात शेष रिक्त सीटों पर दूरी के बढ़ते क्रम में 1, 2 और 3 किमी. में निवासरत विद्यार्थियों को प्रवेश की बात कहती है। इसी प्रवेश नीति के आधार पर सांदीपनि स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया और अब उनके प्रवेश निरस्त किए जा रहे है। जिसका अभिभावक विरोध कर रहे है। इधर, कथित तौर प्राइवेट स्कूल लोक शिक्षण संचानालनालय के द्वारा जारी आकांक्षी नामांकन के आदेश को तोड़-मरोड़कर इसे सरकारी स्कूलों के बच्चों के प्रवेश के लिए ही जारी आदेश बता रहे है। इस पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को दखल देते हुए स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए ताकि अभिभावकों के साथ सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य के बीच जो भ्रम की स्थिति बनी हुई है वह दूर हो सकें।

### इनका कहना है

मेरे बच्चे का 04 अप्रैल को ही स्कूल में प्रवेश हो चुका है अब टीसी वापस लेकर जाने के लिए कहा जा रहा है। अब बच्चे को कहा लेकर जाएं पूछने पर बताया जा रहा है कि प्रवेश निरस्त कर दिया गया है।

**देवराज नागोसे अभिभावक**

मेरे बच्चे का छटवीं कक्षा में प्रवेश हुआ था दो दिन से कक्षा में बैठ भी रहा है। अब प्रवेश निरस्त करने की बात कहीं जा रही है।

**दानेन्द्र नेवारे अभिभावक**

# सेलवा की शराब दुकान विस्थापन की मांग

## सरपंच और ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय जनसुनवाई में पहुंचकर बताई पीड़ा

कटंगी (स्वतंत्र मत)।


बालाघाट में शिकायत करने पहुंची महिलाएं

बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत सेलवा के सरपंच देवेंद्र देशमुख के नेतृत्व में गांव की महिलाओं और पुरुषों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुंचकर डोंगरू टोला में आबादी के बीच संचालित होने वाली शराब दुकान के विस्थापन की मांग रखी है। ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से मुलाकात करते हुए अपनी मांग रखी। इसके अलावा ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी को भी मांग पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में देसी-विदेशी शराब दुकान डोंगरूटोला कें रहवासी क्षेत्र में सेलवा-छतेरा-कटंगी मुख्य सड़क मार्ग पर संचालित है। जिसे गांव के बाहर विस्थापन करने की नितांत आवश्यकता है। गांव के भीतर शराब दुकान का संचालन होने से गांव का सामाजिक माहौल खराब हो रहा है और गांव की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में समा रही है। रहवासी क्षेत्र में शराब दुकान होने की वजह से शाम ढलते ही महिलाओं का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। शराब दुकान की वजह से अन्य गांवों के लोग गांव में रोटी-बेटी का रिश्ता करने में संकोच करते है। मुख्य सड़क मार्ग से हर दिन सेलवा, बड़गांव, आगरवाड़ा, सीताखोह, नंदलेसरा, बाहकल, अतरी, सावंगी सहित अन्य गांवों के राहगीरों, स्कूली-कॉलेज की छात्राओं का आना-जाना होता है। जिनके साथ शराब दुकान के सामने शराबी आए दिन छींटाकशी की घटना को अंजाम देते है।

शराब दुकान से महज 300 मीटर की दूरी पर शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरुटोला संचालित है। जहां स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों को शराब के दुष्प्रभाव के बारे में बताया जाता है लेकिन घर के पास में ही शराब दुकान संचालित होने पर बच्चे स्कूल से आकर घर में पूछते है कि गांव में शराब क्यों बिकती है। शराब दुकान के सामने ही वर्षों पुराना भगवान शिव का अपंजीकृत मंदिर है। जहां हिंदू धर्म को मानने वाले लोग पूजा-अर्चना करने के लिए जाते है। खासतौर पर महिलाएं सुबह और शाम के वक्त आती है। शराब के नशे में लोग पूजा अर्चना करने के लिए आने वाली महिलाओं को अश्लील ईशारे करते है।

महिलाओं ने बताया कि चुनाव के दौरान अकसर राजनेता शराब दुकान हटाने का भरोसा देते है किंतु चुनाव जीतकर आने के बाद शराब दुकान हटाने पर कोई चर्चा नहीं होती। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने नेताओं से लेकर अफसरों के पास गुहार लगाई है। गौरतलब हो कि कुछ वर्षों पूर्व ग्राम सेलवा के ग्रामीणों ने शराब दुकान लगने पर विरोध जताने की कोशिश की थी तो पुलिस ने ग्रामीणों पर ही लाठियां भांजी थी। इस घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसलिए अब ग्रामीण कानूनी दांव-पेंच के जरिए शराब दुकान हटाने की कार्रवाई में जुटे हुए है।

# वैभव एकेडमी का शानदार प्रदर्शन : नवोदय और सैनिक स्कूल में दर्जनों विद्यार्थियों का चयन



**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** शहर के मार्डीकल गली स्थित वैभव एकेडमी ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर जिले का नाम रोशन किया है। एकेडमी के संचालक परमेश सिल्हारे के मार्गदर्शन में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल और राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता हासिल की है।

संस्थान की इस उपलब्धि से न केवल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे क्षेत्र में एकेडमी की गुणवत्ता और मेहनत की सराहना की जा रही है। एकेडमी में बच्चों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में सभी विषयों की मजबूत तैयारी कराई जाती है। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी विद्यार्थियों को घर बैठे पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को विशेष लाभ मिल रहा है।

नवोदय विद्यालय के लिए चयनित विद्यार्थियों में ओजस्वी ठाकरे, शौर्य मेश्राम, भव्य टेंभरे और दिवांश अहिरवार ने सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहीं सैनिक स्कूल के लिए चयनित छात्रों की सूची भी काफी लंबी है, जिसमें आरवी तुरकर, आराध्या बिसेन, ओजस्वी ठाकरे, दर्शिका बघेले, नैवेद्य लोधी, मुक्ता महंत, भूमिक नागेश्वर, वर्ण बिसेन, शौर्य मेश्राम, भव्य टेंभरे, ऋग्वेद ठाकरे, राजवीर मरकाम, आदी दहाटे, आरोही रौड़कर, भवि हनवत, दिव्यांश पारधी, तोस्थिक टेंभरे, कान्हा हिरेंद्रवार, कोपल परिहार और वैश्विक ठाकरे शामिल हैं।

यह उल्लेखनीय है कि एक ही संस्थान से इतने बड़े पैमाने पर विद्यार्थियों का चयन होना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस सफलता का श्रेय एकेडमी के अनुशासित वातावरण, अनुभवी शिक्षकों की टीम और विद्यार्थियों की मेहनत को दिया जा रहा है। संचालक परमेश सिल्हारे ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अज्ञात कारण से कच्चे मकान में लगी आग

## कुएं में लगी मोटर पंप चोरी, घर में रखी बाइक भी धू-धू कर जली

कटंगी (स्वतंत्र मत)।


धोबीटोला में मकान में लगी आग


आगजनी से जलकर नष्ट हुआ मकान और घर के सामने रखी गाड़ी।

तिरोड़ी तहसील मुख्यालय से करीब 10 किमी. दूर सीमा पर बसे ग्राम धोबीटोला में सोमवार की देर रात तकरीबन 11 बजे के आस-पास एक कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई और कुछ ही मिनटों में पूरा मकान जलकर नष्ट हो गया। गनीमत की बात यह रही कि आगजनी से कोई जनहानि नहीं हुई किंतु पीड़ित परिवार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। उनके सिर से छत गायब हो गई है और परिवार बेघर हो गया है। आगजनी की घटना में एक दोपहिया वाहन भी धूं-धूं कर जल गया। आगजनी की घटना के दौरान यह भी पता चला है कि पीड़ित परिवार के कुएं से मोटर पंप भी चोरी हुआ है। ऐसे में चोरों के द्वारा ही आगजनी की घटना को अंजाम देने का अनुमान लगाया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार घटना धोबीटोला निवासी अमीर चंद सूर्यवंशी के निवास में घटित हुई है। मंगलवार की सुबह साढ़े 12 बजे धोबीटोला निवासी मुकेश दांद्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि जब पूरा परिवार खाना खाकर सोने की तैयारी में था तभी घर के एक हिस्से आग की लपटें उठती हुई देखी गई तो पड़ोसियों ने परिवार को सचेत किया और पूरे परिवार को घर से बाहर निकाला गया। मकान में लगी आग पर काबू पाने का हरसंभव प्रयास किया गया परंतु आग की लपटें इतनी तेजी से भड़की की चंद मिनट में ही सब कुछ जलकर नष्ट हो गया।

ग्रामीणों ने दमकल वाहन को भी सूचना दी लेकिन दुर्गम इलाके की घटना होने की वजह से दमकल भी समय पर घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन को आगजनी की सूचना देकर उचित मुआवजा और पक्की छत प्रदान की मांग की है।

# वन विकास निगम के जंगल में बाघ का क्षत-विक्षत शव मिला



**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** जिले के मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम क्षेत्र में एक बाघ का क्षत-विक्षत शव मिला है। जंगल में शव मिलने की सूचना के बाद वन विभाग और राज्य वन विकास निगम के अधिकारी सोमवार को मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सोमवार 6 अप्रैल को यह शव राज्य वन विकास निगम के परियोजना परिक्षेत्र उमरिया के चंदवार बीट के पी-111, राजस्व क्षेत्र में झाड़ियों के बीच पाया गया। शव की खराब स्थिति के कारण बाघ की मौत के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। सूचना पर वन विभाग और वन विकास निगम की एक संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। डॉग स्क्वाड की सहायता से भी जांच की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या शिकार से संबंधित सुराग मिल सके। संभागीय प्रबंधक अमित पटौदी ने बताया कि टीम मौके पर मौजूद है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, बाघ की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। घटना के बाद वन क्षेत्रों निगरानी बढ़ा दी गई है। आसपास के इलाकों में भी सतर्कता बरती जा रही है।

# एसईसीएल कर्मचारी ने मामूली विवाद पर लगा दी अपनी ही बाइक में आग

उमरिया (स्वतंत्र मत)।



जिले के बिरसिंहपुर पाली में एक एसईसीएल कर्मचारी ने मामूली विवाद के बाद अपनी ही बाइक में आग लगा दी। यह घटना सोमवार रात बाबू लाइन कॉलोनी के वार्ड नंबर 12 में हुई। विवाद गाड़ी निकालने की जगह को लेकर शुरू हुआ था। जानकारी के मुताबिक, गोलू गुप्ता अपनी बोलेरो लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में एसईसीएल कर्मचारी गोविंद प्रजापति की बाइक खड़ी थी। गोलू ने किनारे से अपनी गाड़ी निकाल ली, जिस पर गोविंद भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। गोलू गुप्ता का आरोप है कि नशे में धुत गोविंद ने पहले उन पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की।

जब शोर सुनकर मोहल्ले वाले इकट्ठा हुए और बीच-बचाव किया, तो गुस्से में आकर गोविंद ने अपनी ही बाइक फूंक दी। मौके पर मौजूद एक महिला ने भी इस बात की पुष्टि की है कि विवाद के दौरान गोविंद काफी आक्रामक था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाई, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा उमरिया द्वारा धरना प्रदर्शन एवं रैली और ज्ञापन आज

**उमरिया।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रांतीय आवाहन पर आज बुधवार 8 अप्रैल को शिक्षक स्वाभिमान रैली प्रमुख मॉग श्टी0ई0टी0 परीक्षा को रद्द करने व नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन बहाल करना को लेकर पूरे मध्यप्रदेश में सभी जिलों में एक साथ मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा जाना है।

इसी क्रम में उमरिया जिले में भी अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला इकाई उमरिया द्वारा धरना प्रदर्शन व बैठक आयोजित कर रैली निकालकर ज्ञापन सौंपेगा। रैली स्टेडियम ग्राउंड से अस्पताल तिराहा,पुराना बस स्टैंड होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचेगा और 4 बजे ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## एक वर्ष से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, शादी का झांसा देकर युवती को बनाया हवस का शिकार

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

चौकी सिविल लाईन पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक उमरिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया के दिशा-निर्देश में एवं एसडीओपी उमरिया के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में 01 वर्ष से फरार आरोपी को सूरत (गुजरात) से पकड़कर लाने में सफलता प्राप्त हुई है। बता दें 2025 में पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी जयप्रकाश यादव के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 69(1) बी एन एस के तहत प्रकरण कायम किया गया था,प्रकरण कायमी के पश्चात से ही आरोपी फरार था तथा गिरफ्तारी से बचने के लिये अलग-अलग स्थानों पर छिप रहा था,पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे, पुलिस टीम द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर आरोपी के छिपे होने के वर्तमान स्थान का पता लगाकर तत्काल पुलिस टीम को संबंधित स्थान पर आरोपी को पकडने के लिये रवाना किया गया जिसके परिणामस्वरूप आरोपी को सूरत (गुजरात) से पकड़ने में सफलता हाथ लगी।संपूर्ण कार्यवाही में एसडीओपी उमरिया पी.एस.परस्ते के नेतृत्व में निरीक्षक मदनलाल मरावी थाना प्रभारी कोतवाली, उनि रसिया साकेत चौकी प्रभारी सिविल लाईन, आर. नरबद पेन्द्रो (चौकी सिविल लाईन) एवं सायबर सेल से आर. संदीप सिंह व आर. सुनील रघुवंशी की भूमिका रही।

# जनगणना 2027: जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश जारी

**उमरिया, (स्वतंत्रमत)।** आगामी जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रचार-प्रसार के विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश में 1 से 30 मई 2026 के बीच किया जाएगा। इसके पहले स्व-गणना की प्रक्रिया 16 से 30 अप्रैल 2026 तक संपन्न होगी।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनगणना को सफल बनाने के लिए आम नागरिकों की जागरूकता और सहयोग बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रचार के प्रमुख माध्यम नगर निकायों की कचरा संग्रहण गाड़ियों पर ऑडियो सिस्टम के जरिए जनगणना संदेशों का प्रसारण, शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों के एलईडी डिस्प्ले और नोटिस बोर्ड पर वीडियो और स्लोगन प्रदर्शित करना, प्रमुख ट्रैफिक चौराहों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली से संदेश प्रसारित करना, स्थानीय केबल नेटवर्क और जिला स्तरीय आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग।

# मानपुर में अवैध बस संचालन पर पुलिस की कार्रवाई

मानपुर (स्वतंत्र मत)।




मानपुर क्षेत्र में बिना परमिट और फिटनेस के सड़कों पर सवारियां ढो रही बसों के खिलाफ मानपुर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए हाल ही में कार्रवाई की है। एएसआई बिजय सिंह के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की उमरिया पुलिश अधीक्षक बिजय कुमार भागवानी जी के आदेशानुसार एवं मानपुर थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में रविवार को सुबह कई बसों को रोक कर दस्तावेजों की जांच की गई जिसमे पण्डित बिजय प्रकाश मिश्रा की बस सुबह 9.30 बजे मानपुर से कटनी जाती है की जाँच करने पर बैद्यनिक परमिट,फिटनेस एवं रजिस्ट्रेशन होना नही पाया गया बस में नम्बर भी नही लिखा था जिस पर इस्तगासा क्रमांक 27৳26 धारा 66৳192 ।130৳177(3)77৳177 मोटर बिकल एक्ट के तहत कायम कर ड्राइवर धीरज पिता चन्द्रभान शर्मा से जप्ती की कार्यवाही करते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी उमरिया को चेचिस नम्बर, इंजन नम्बर एवं रजिस्ट्रेशन की जानकारी हेतु पत्र लिखा गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में ऐसी बसें धड़ल्ले से चल रही हैं,जो न तो वैध परमिट रखती हैं और न ही उनकी फिटनेस जांच पूरी होती है लोग यह भी बताते है की यह बस पण्डित बिजय प्रकाश मिश्रा की है जो लगभग 18-20 वर्ष पुरानी है, इसका कागज सासन के समय सीमा के अनुसार कागज सलेंडर किया जा चुका है इससे न केवल यातायात नियमों की अनदेखी हो रही है,बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। जबकी उमरिया पुलिश अधीक्षक के आदेश पर मानपुर पुलिश के द्वारा चेकिंग के दौरान कई बार बिजय प्रकाश की बशो के परमिट फिटनेस न होने एवं ड्राइवर के द्वारा ड्रिंक कर वाहन चलाने पर कार्यवाही की गई है।

मानपुर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए इस पर कदम उठाया है, वहीं दूसरी ओर उमरिया जिले के परिवहन और ट्रैफिक विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि क्षेत्रीय परिवहन एवं ट्रॉफिक विभाग की लापरवाही के चलते ही ऐसे वाहन बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। मानपुर में दौड़ने वाले बस चालक और स्टॉप हमेशा बिना ड्रेस के रहते हैं, इन बसों में एमरजेंशी दवा किट, हॉइड्रोजन गैस डिब्बा सो के लिये खाली पाये जाते हैं, इन बसों में इमरजेंशी खिड़की नहीं रहती है, टायर खराब लगे रहते हैं, सीट खिड़की दरवाजा कबाड़ जैसे लगे मिलते हैं, इनमें म्यूजिक साधन का भी अभाव बना रहता है, ये बस रिजर्व फारेस्ट के बीच बने संकले सड़कों में भी बिना साइड दिये 70 से 90 किमी प्रति घंटे के रस्तार से दौड़ा करती हैं जिससे बड़े हादसे होते रहने की चरचा बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि परिवहन एवं ट्रैफिक विभाग भी पुलिस के साथ समन्वय बनाकर नियमित जांच अभियान चलाए, ताकि अवैध बस संचालन पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। कार्यवाही में मुख्य रूप से मानपुर थाना प्रभारी मुकेश मर्सकोल, एएसआई बिजय सिंह,प्रधान आरक्षक मनोज पटेल,आरक्षक राकेश कोल उपस्थित रहे।

## मिलेट्स ने बनाया रामनाथ को मास्टर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश का जिला मंडला अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति और कृषि विविधता के लिए जाना जाता है। इसी जिले के विकासखंड मोहगांव के ग्राम बम्होरी के लघु कृषक रामनाथ उइके मिलेट उत्पादक के रूप में एक नई पहचान बना चुके हैं। कभी सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी से जूझने वाले रामनाथ आज अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। उनकी इस सफलता के पीछे मप्र शासन की रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना और कृषि विभाग का सतत तकनीकी मार्गदर्शन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है कुछ वर्ष पहले तक रामनाथ उइके अपने 4 एकड़ खेत में पारंपरिक रूप से धान और गेहूं की खेती करते थे। सिंचाई की कमी रासायनिक उर्वरकों की बढ़ती लागत और अनिश्चित मानसून के कारण उनकी आय प्रति सीजन मात्र 25 से 30 हजार रुपये तक ही सीमित रह जाती थी।

## सिंधी समाज का रक्तदान 10 को

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पीड़ित मानवता की सेवार्थ के लिए सिंधी समाज के युवाओं के द्वारा जागरूकता की पहल की जा रही है। 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में सिंधु नवयुवक मंडल के सदस्यों के द्वारा स्थानीय अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब के नीचे हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## समस्याओं पर हुई जन सुनवाई

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय स्थित जिला योजना भवन में मंगलवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित कुल 99 आवेदन प्रस्तुत किए कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याओं को सुना। जिन प्रकरणों का मौके पर समाधान संभव था, उन्हें तत्काल निराकृत किया गया। शेष आवेदनों के संबंध में उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

## केसीसी देय तिथि बढ़ाने ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सहकार भारती की टीम ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया खरीफ फसल पर दिए गए केसीसी की देय तिथि 31 मार्च निर्धारित है। उक्त फसल से अर्जित आय किसान अपनी आजीविका पर खर्च कर देता है और रबी फसल की आय से अपने ऋण की अदायगी करता है। रबी की मुख्य फसल गेहूं की सरकारी खरीदी 31 मार्च के बाद प्रारंभ हो रही है। ऐसी स्थिति में 31 मार्च को देय राशि का भुगतान किसान कर पाने में असमर्थ है जिसके चलते शासन की 0 प्रतिशत ब्याज दर की योजना के लाभ से मध्यप्रदेश के किसान वंचित हो रहे हैं यही नहीं इस बार गेहूं खरीदी केंद्रों की संख्या भी कम होने से किसान भाइयों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

## चंदवारा में पेयजल व्यवस्था सुदृढ

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड मोहगांव के ग्राम चंदवारा में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 20.60 लाख रुपये की योजना स्वीकृत कर पूर्ण कर ली गई है। योजना के तहत कार्य पूर्ण होने के बाद इसे ग्राम पंचायत को संचालन एवं संधारण के लिए हस्तांतरित कर दिया गया है। ग्राम में शेष घरों और बसाहटों तक पाइपलाइन एवं नल कनेक्शन पहुंचाने के लिए 62.01 लाख रुपये की पुनरीक्षित योजना पर कार्य जारी है। वर्तमान में गांव में 5 हैंडपंप, 1 सार्वजनिक कुआं तथा 6 निजी कुएं संचालित हैं जिनसे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

# मुख्य मार्गों में लगे विद्युत खंबों को बिना शिफ्ट कराए बना दी सड़क

# लोगों ने कहा- बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां शुभानअल्लाह

मण्डला(स्वतंत्रमत)





नेहरू स्मारक से बिंझिया जाने वाला मार्ग काफी संवेदनशील मार्ग की श्रेणी में गिना जाता है। इस मार्ग में न्यायाधीश सहित कैबिनेट मंत्री का शासकीय बंगला भी है। यहां पर दिन रात यातायात बना रहता है। इस मार्ग के चौडीकरण और मजबूतीकरण को लेकर लाखों रूपए खर्च किए जा रहे हैं। मार्ग के सौन्द्रीयकरण के काम में जिस तरह की लापरवाही निर्माण एजेंसी नगर पालिका और विद्युत मंडल ने अपनाई है। यह चर्चा का विषय बन गया है। अगर इस मार्ग में लगे विद्युत खंबो को शीघ्र ही शिफ्ट नही किया गया तो आने वाले समय में बड़ा हादसें से इंकार नही किया जा सकता। मार्ग चौड़ीकरण से अब यह खंबे मुख्य मार्ग में ही बीचों बीच दिखाई देने लगे हैं। इन खंबो से हाईटेंशन लाईन गई है वहीं विद्युत पोलों से आसपास के रहवासी ईलाकों में सप्लाई लाइन भी गई है। पूरे मामले में विद्युत मंडल की घोर लापरवाही सामने आई है। नियत राशि जमा करने के बाद भी जिम्मेदारों ने इन खंबो को शिफ्ट नही किया है। जिससे परेशान होकर नगर पालिका ने सड़क का चौड़ीकरण तो कर दिया लेकिन अब यह सड़क लोगों के लिए जानलेवा साबित हो जाएगी। गलती किसकी और लापरवाही क्यों की गई यह तो जांच के बाद ही तय होगा लेकिन लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण से दुर्घटना की संभावना अधिक हो गई है। तेज गति से भागते वाहन अब विद्युत पोल से टकराने से नही चुकेंगे। वहीं सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। यहां पर धूल डस्ट हटाने के लिए न तो डस्ट मशीन का उपयोग किया जा रहा है न ही सड़क को पानी से धुला गया है। वहीं डामल का मटेरियल भी विशेष तापमान में तैयार नही किया गया है और तो और नगर पालिका का तकनीकि अमला मौंके से गायब नजर आया है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बीते दिनों सड़क का निरीक्षण किया था और जबावदारों को उचित निर्देश दिए थे लेकिन काम की गुणवत्ता पर कोई सुधार नही हो पाया है। मिली जानकारी के अनुसार मंडला नगर पालिका द्वारा नेहरू स्मारक से बिंझिया चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण के साथ टाईल्स पत्थर लगाने का कार्य किया जा रहा है। यहां पर लगे बिजली खंबो को सिफ्ट करने को लेकर बिजली विभाग द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जबकि नगर पालिका के द्वारा लाखों रूपए की राशि बिजली विभाग के खाते में जमा की जा चुकी है। इसके बाद भी अब तक खंबे लाईन को सिफ्ट नही किया गया है। जिससे सड़क निर्माण का कार्य प्रभावित हो गया है। इस संबंध में नगर पालिका द्वारा लगातार विद्युत मंडल से सम्पर्क किया जा रहा है लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नही हैं इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष भी नाराज बताए जाते हैं वहीं स्थानीय पार्षद भी परेशान हैं आरोप है कि विद्युत मंडल के अधिकारी और कर्मचारी मनमर्जी से काम कर रहे हैं जब जिला मुख्यालय में यह हाल है तो अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में क्या हाल होंगे। वहीं जिस मार्ग का चौड़ीकरण सौन्र्दीयकरण किया जा रहा है इसी मार्ग में कैबिनेट मंत्री का शासकीय आवास भी बना हुआ है इसके बाद भी विद्युत मंडल द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। कृषि कार्य से जुड़े लोगों का कहना है कि सिंचाई के समय अचानक बिजली कट जाने से उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं। वहीं छोटे व्यवसायियों का कहना है कि दिनभर की कमाई बिजली पर निर्भर होती है ऐसे में बार-बार कटौती से उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है। बिजली विभाग द्वारा शिकायतों के समाधान के लिए हेल्पलाइन और कार्यालय स्तर पर व्यवस्थाएं बनाई गई हैं लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शिकायत दर्ज कराई लेकिन न तो कोई जांच हुई और न ही समस्या का समाधान हुआ। विभागीय कर्मचारी अक्सर एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर मामले को टाल देते हैं। बिजली बिलिंग की गड़बड़ी का एक बड़ा कारण मीटर रीडिंग में लापरवाही भी माना जा रहा है। कई जगहों पर मीटर रीडर नियमित रूप से रीडिंग लेने नहीं पहुंचते और अनुमान के आधार पर बिल बना दिया जाता है।

## युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का हुआ स्वागत




**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया का नगर आगमन हुआ। कटरा बाईपास तिराहे पर जिला युवा कांग्रेस के साथियों के द्वारा स्वागत किया गया। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्थानीय चिलमन चौक पर स्वागत किया साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एड राकेश तिवारी सहित शहर कांग्रेस अध्यक्ष एड रजनीश रंजन उसराठे, अमर लहोरिया, जावेद कुरैशी, समीर कुरैशी, पूजा शिवंशी, आलिया मलिक, सोमवती धुर्वे सौम्या परते, धनेश्वरी मसराम, मुख्तियार खान ने स्वागत किया। यहां पर संगठनात्मक बैठक कर चर्चा की गई। जिसका उद्देश्य 13 अप्रैल को जबलपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर होने वाले ऐतिहासिक घेराव की अग्रिम रणनीति बनाना रहा। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी अमित शुक्ला, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गुलाबसिंह उईके, आशीष आशु जैन, कोविद सिंह ठाकुर, सौरभ जंघेला, इंद्रजीत भंडारी, विवेक दुबे सहित जिले के दिग्गज कांग्रेसी मौजूद रहे।

## राज्यपाल से मिले शिक्षक, बताई पीड़ा

मण्डला(स्वतंत्रमत)



अध्यापक संयुक्त मोर्चा एवं ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर राज्यपाल को विस्तारपूर्वक अवगत कराया प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के पश्चात टीईटी को अनिवार्य किया गया तथा उसी अनुरूप भर्तियां की जाती रहीं किन्तु 1 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए भी टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस निर्णय के चलते लगभग 57 वर्ष तक के शिक्षकों को भी टीईटी परीक्षा देना आवश्यक हो गया है जिससे शिक्षकों में व्यापक चिंता व्याप्त है प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2005 से राज्य सरकार अपने स्तर पर शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करती रही है, किन्तु वर्तमान में उस परीक्षा को मान्यता नहीं दी जा रही है जिससे शिक्षकों की समस्या और गंभीर हो गई है इसके अतिरिक्त अध्यापक संवर्ग से शिक्षक बने शिक्षकों की सेवा निवृत्ति पर पेंशन एवं ग्रेच्युटी अत्यंत कम होने का मुद्दा भी उठाया गया। एनपीएस योजना के अंतर्गत पेंशन पहले से ही सीमित है, साथ ही इसके विलंब से लागू होने एवं वरिष्ठता की गणना नियुक्ति दिनांक से होने के कारण शिक्षकों को अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है प्रतिनिधिमंडल ने यह भी अवगत कराया कि ट्राइबल क्षेत्रों में शिक्षकों की पहले से ही कमी है तथा स्थानीय भाषा एवं बोली के अनुरूप शिक्षण अधिक प्रभावी होता है। ऐसे में ट्राइबल विभाग में टीईटी की अनिवार्यता से अतिरिक्त जटिलताएँ उत्पन्न होंगी राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना उनसे सहमति व्यक्त की।

## काव्य संग्रह प्रीत नयन का विमोचन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** साहित्य प्रेमियों के लिए एक यादगार पल देखने को मिला जब साहित्यकार डॉ. प्रीति मनीष दुबे के प्रथम काव्य संग्रह प्रीत नयन का विधिवत विमोचन किया गया। यह आयोजन साहित्यिक गरिमा और उत्साह से भरा रहा कार्यक्रम में गुरुदेव अशोक दुबे नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीणा, अरविंद नारायण पाराशर रजनी कटारे हेम के गरिमामाय आतिथ्य में विमोचन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ जाया सराफ की मधुर आवाज में ईश वंदना और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ डॉक्टर दुबे ने यह कृति अपने धर्म के माता-पिता भगवान दास दुबे एवं श्रीमती कुंज लता दुबे को समर्पित की एवं प्रेरणा स्रोत अपने माता एवं पिता को माना। नगर में आज साहित्य प्रेमियों के लिए एक यादगार पल देखने को मिला।



## निर्धारित समय से पहले हुआ मूल्यांकन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में स्थापित बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्र में इस वर्ष मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय सीमा से पहले ही सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। समय बद्धता, अनुशासन और बेहतर प्रबंधन के चलते यहां सभी विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 5 अप्रैल तक पूरा कर लिया गया जिससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली की सराहना भी की जा रही है जानकारी के अनुसार मूल्यांकन कार्य की शुरुआत 22 फरवरी से की गई थी प्रारंभ से ही इस कार्य को व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी रखी गई मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण समय-समय पर अपर कलेक्टर द्वारा प्रेक्षक के रूप में किया जाता रहा जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और अनुशासन बना रहा प्राचार्य एसके जाटव ने बताया कि केंद्र में विभिन्न विषयों की हजारों उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का कार्य किया गया सभी परीक्षकों ने पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

## राहगीरों को मिलेगा पेयजल

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)

विकासखंड नारायणगंज अंतर्गत ग्राम कूड़ामैली में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया इस पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों और यात्रियों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय से जल संरक्षण एवं पानी के सदुपयोग अपील की गई। साथ ही प्यासे पशु-पक्षियों और जरूरतमंद लोगों को जल उपलब्ध कराने का संदेश भी दिया गया। जिसमें राकेश कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार अग्रवाल, सुरेश कुमार सोनी, सुमित हथाले एवं कुमारी इंद्रा उईके सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## विभागों की समीक्षा में निर्देश

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिला योजना भवन में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन जल जीवन मिशन सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता और गति दोनों सुनिश्चित की जाए तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान को जिले में व्यापक रूप से संचालित कर गतिविधियां की जाए उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में आमजन को समय पर और सुचारु रूप से राशन वितरण सुनिश्चित करें कलेक्टर ने जबलपुर संभाग आयुक्त धनंजय सिंह द्वारा ली जाने वाली वीसी बैठक के मद्देनजर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे तय विषयों पर अद्यतन जानकारी तैयार रखें।

## महिलाओं ने जबलपुर में लहराया परचम



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में दो दिवसीय 46 वां राष्ट्रीय महाधिवेशन एवं 5वां महिला महाधिवेशन दाऊ मैरिज गार्डन महाराजपुर बायपास जबलपुर में हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल रहीं विशिष्ट अतिथि पशुपालन मंत्री लखन पटेल एवं महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू रहे। देश के लगभग 24 राज्यों से आए प्रतिनिधियों के सम्मान में महिलाओं ने 24 कलश स्थापित कर पारंपरिक तरीके से मुख्य अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में एलपी पटेल, डॉ. वीएस निरंजन, गणेश चौधरी,रामखेलावन पटेल, लता ऋषि चंद्राकर, धीरज पाटीदार, लता वानखेड़े, ममता एस पटेल, सतीश पटेल, राजकुमार पटेल, प्रदीप पटेल सहित विभिन्न हस्तियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही इस गरिमामय आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों से आए स्वजातीय भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज की एकता, संस्कृति तथा महिला सशक्तिकरण का परिचय दिया इस राष्ट्रीय अधिवेशन में जिले की कुर्मी समाज की महिलाओं ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपनी प्रतिभा और सांस्कृतिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया महिलाओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यक्रम में श्रीमती संजूलता सिंगौर,दिव्या पटेल, जागृति पटेल, सविता पटेल, प्रतिभा सिंगौर, अर्चना सिंगौर,अंजू चंद्रोल, संध्या सिंगौर, चंदा गुमास्ता, रेखा सिंगौर, ज्योति सिंगौर,सीमा चंदौल, वंदना पटैल, ज्योति पटेल, श्रद्धा पटेल, शकुंतला पटेल एवंअर्चना चंद्रोल सहित अनेक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं वार्ड 14 के रहवासी

### सामूहिक आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे निवासी

नैनपुर (स्वतंत्रमत)



नगर के वार्ड क्रमांक 14 के निवासी अपने रहवासी इलाके में बिजली पानी की बहाली की मांग करने जन सुनवाई में पहुंचे। लगभग 50 से अधिक परिवार बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखने से आक्रोषित है। इसी तारतम्य में सीताराम टोला के निवासियों ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को सामूहिक आवेदन सौंपा है। जनसुनवाई में सामूहिक आवेदन के साथ वार्ड के निवासी उपस्थित रहे और अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा।

आवेदन के अनुसार उनकी मांग है कि सीताराम टोला के खसरा नंबर 518 में लगभग 30 से अधिक परिवार पिछले कई वर्षों से निवासरत हैं। पूर्व में इन परिवारों के पास वैध बिजली कनेक्शन उपलब्ध था। लेकिन हाल ही में बिना पूर्व सूचना के उनके बिजली कनेक्शन काट दिए गए। निवासियों का आरोप है कि बाद में भूमि को निजी स्वामित्व की बताया गया। जबकि वे लंबे समय से वहां रह रहे हैं। निवासियों ने यह भी बताया कि इसी भूमि पर पूर्व में नगर पालिका नैनपुर द्वारा शासकीय मद से निजी शौचालयों का निर्माण भी कराया गया था। जिससे यह स्पष्ट होता है कि यहां बुनियादी सुविधाओं के लिए शासन स्तर पर कार्य हो चुका है। उनकी फरियाद है कि घरों की बिजली कटने के कारण बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों और बीमारों की देखभाल तथा दैनिक जीवन पर गंभीर असर पड़ रहा है। साथ ही, पानी की समुचित व्यवस्था न होने से स्थिति और भी कठिन हो गई है। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मानवीय आधार पर उनके वर्तमान निवास स्थान पर तत्काल बिजली एवं पानी की व्यवस्था बहाल की जाए। यदि तकनीकी कारणों से यह संभव नहीं हो, तो उन्हें किसी अन्य शासकीय भूमि पर पट्टा प्रदान कर पुनर्वास किया जाए। साथ ही, पट्टा वितरण की प्रक्रिया पूरी होने तक अस्थायी बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है । ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें। वहीं, अनुविभागीय अधिकारी ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत मण्डला जिला-मण्डला**

क्रं./मुकवियो/जन.पंचा./2026/64 मण्डला दिनाँक 07/04/2026

**निविदा**

जनपद पंचायत मण्डला जिला मण्डला द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजना अन्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 26.04.2026 को विवाह स्थल संगमघाट महाराजपुर में किया जाना है। उक्त कार्यक्रम हेतु वर-वधु के श्रृंगार सामग्री (वस्त्र कुर्ता-पैजामा, साफा, पगडी, साडी, चुनरी, मोर पंख, मुकुट, पेटीकोट, जूता/चप्पल (सेंडिल) जयमाला) इत्यादि हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.04.2026 से कार्यालयीन समय पर जनपद पंचायत मण्डला से प्राप्त की जा सकेंगी दिनांक 15.04.2026 को समय दोपहर 02:00 बजे तक जमा की जा सकेगी। प्राप्त निविदाए दिनांक 16.04.2026 को समय दोपहर 02:00 बजे क्रय समिति/निविदाकार के समक्ष इस कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा शर्ते कार्यालयीन समय पर कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में क्रय समिति का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत मण्डला**

संपादकीय

# जब 'बंधक' बना न्याय

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में ऐसा हिंसक उत्पात मचाया गया कि देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की नींद ही उड़ गई। वह आधी रात के बाद 2 बजे तक जागते रहे और प्रयास करते रहे कि 'बंधक' बनाए गए 7 न्यायिक अधिकारी सुरक्षित मुक्त हो जाएं। उन अधिकारियों में 3 महिलाएं भी थीं। प्रधान न्यायाधीश ने कोलकाता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को फोन किए। मुख्य न्यायाधीश ने राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक को फोन कर 'बंधक' अधिकारियों को मुक्त कराने का आग्रह किया। उन्हें 'आश्वस्त' किया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। देश के प्रधान न्यायाधीश का कहना है कि रात के 11 बजे तक मालदा के डीएम और एसएसपी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे थे। अधिकारियों को अपराह्न 3.30 बजे के करीब बंधक बनाया गया था। भीड़ ने कारें तोड़ीं, उनमें आग लगाई और पथराव किए। कमोबेश यह लोकतंत्र की अभिव्यक्ति नहीं थी। यह गुंडागर्दी ही नहीं, खतरनाक जंगलराज का मंजर था। अंततः जस्टिस सूर्यकांत को मौखिक आदेश देना पड़ा और सुरक्षा बलों ने उन न्यायिक अधिकारियों को सुरक्षित मुक्त कराया। सर्वोच्च अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था के पुलिस प्रमुख, क्षेत्र के पुलिस आयुक्त और जिले के डीएम, एसएसपी को 'कारण बताओ नोटिस' जारी कर 6 अप्रैल को अदालत में ऑनलाइन पेश होने के आदेश दिए हैं। संभव है कि कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया ऐसे ही चलती होगी, लेकिन भीड़ ने न्यायिक अधिकारियों पर जिस तरह हमला किया और उन्हें करीब 9 घंटे तक 'बंधक' बनाए रखा, कमोबेश यह लोकतांत्रिक कलंक है, न्याय और कानून-व्यवस्था का हमलावर उल्लंघन है और लोकसेवकों के काम में आपराधिक अड़चन है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने भी माना है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं, साजिश और आपराधिक अवमानना है। हर कोई राजनीतिक भाषा बोल रहा है। दरअसल यह न्यायिक अधिकारियों पर मनोवैज्ञानिक हमला है। अब सवाल यह है कि क्या यह उन लोगों की आक्रामक प्रतिक्रिया, गुस्सा, आक्रोश है, जिनके मताधिकार छीन लिए गए? किन्हीं भी कारणों से उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए गए? लिहाजा यह घटना उत्पात, हुड़दंग, हिंसा के अलावा, चुनाव आयोग के लिए एक गंभीर चुनौती भी है। आयोग को विशेष गहन पुनरीक्षण पर तटस्थ और गैर-राजनीतिक तौर से पुनर्विचार करना चाहिए। संविधान ने चुनाव आयोग को शक्तियां दी हैं, तो देश के नागरिकों को भी मौलिक अधिकार दिए हैं। बंगाल में 50 लाख से अधिक मतदाताओं को 'तार्किक विसंगति श्रेणी' में रखा गया था। उनमें से करीब 13 लाख मतदाताओं पर अभी अंतिम निर्णय लिया जाना है। सर्वोच्च अदालत के आदेश पर न्यायिक अधिकारी उसी जांच में जुटे रहे हैं। मुस्लिम बहुल मालदा जिले में 8,67,054 मतदाता अभी विचाराधीन हैं। जहां यह घटना हुई, वहां ही करीब 78,000 मतदाताओं पर निर्णय होना है कि वे 23 और 29 अप्रैल को वोट दे सकेंगे या नहीं! मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने दायित्व से पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने तंज कसा है कि चुनाव आयोग 'सुपर राष्ट्रपति' की तरह काम कर रहा है। बेशक चुनाव के दौरान प्रशासन चुनाव आयोग के प्रति जवाबदेह होता है। आयोग ने बंगाल में 474 अधिकारियों को बदला है, लेकिन लगता है कि नए प्रशासनिक अधिकारी भी 'ममतामय' हैं। बहरहाल, सवाल है कि क्या मतदान और पूरा चुनाव निष्पक्ष, तटस्थ हो सकेगा? सभी अधिकारियों को निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए।

# बागी सिपाहियों को सबक सिखाने के मूड में कांग्रेस

उमेश चतुर्वेदी

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, चुनावी घमासान बढ़ता जा रहा है। देश की सबसे पुरानी पार्टी का दांव चूंकि दो राज्यों में ही सबसे ज्यादा है, इसलिए उसका सारा ध्यान इन्हीं दो राज्यों पर है। असम और केरल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की स्थिति अलग-अलग है। इसलिए दोनों ही राज्यों में उसकी चुनौतियां अलग हैं, इसलिए उसकी लड़ाई के रूप और तरीके अलग-अलग हैं। हरियाली और समुद्री किनारे के चलते केरल को खूबसूरत राज्यों में शुमार किया जाता है। इस खूबसूरती की ही वजह से केरल को 'भगवान का देश' कहा जाता है। बारह साल से केंद्रीय सत्ता से दूर कांग्रेस को उम्मीद भगवान के इसी देश से ही ज्यादा है। पिछले लोकसभा चुनावों में जिस तरह इस राज्य से उसे समर्थन मिला था, उसकी वजह से उसकी उम्मीदों का परवान चढ़ना स्वाभाविक है। लेकिन यहां उसकी चुनौती भगवान को न मानने वाली विचारधारा से है। केरल की सत्ता पर काबिज जिस वाममोर्चा से विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का मुकाबला है, राष्ट्रीय स्तर पर मोदी के खिलाफ बने विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस उसी वाममोर्चे के साथ है। स्थानीय स्तर पर विरोध और राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग का विरोधाभास अगर सर्वाधिक शिक्षित राज्य में भारी पड़ सकता है। हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में राजधानी तिरूअनंतपुरम् में जीत हासिल कर चुकी बीजेपी इस विरोधाभास को खूब उछाल रही है। वैसे तो बीजेपी का दावा है कि इस बार भगवान के देश में भगवा ध्वज फहरने जा रहा है, हालांकि अब तक चुनावी अभियान से साफ है कि बीजेपी को वैसी सफलता मिलती नजर नहीं आ रही। लेकिन बीजेपी का मौजूदा जीन आखिरी दम तक हार नहीं मानने का है। इसलिए पार्टी की कोशिश सीपीएम की अगुआई वाले वाममोर्चे और कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त मोर्चे के विरोधाभास को उजागर करने पर है। पार्टी को लगता है कि देश के इस सर्वाधिक साक्षर राज्य में अगर जनता ने इस विरोधाभास को समझ लिया तो राज्य के चुनावी नतीजे 2017 के उत्तर प्रदेश के परिणामों की तरह आश्चर्यजनक रूप से अपने पक्ष में किए जा सकते है। 2017 में किसने सोचा था कि भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत हासिल करेगी। इसी कोशिश के तहत अमित शाह केरल की करीब 19 प्रतिशत जनसंख्या वाले ईसाई समुदाय से लगातार संपर्क कर रहे हैं। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, केरल के कुल 3.34 करोड़ निवासियों में से लगभग 61.41 लाख ईसाई हैं, जो मुख्य रूप से मध्य केरल में केंद्रित हैं। पारंपरिक रूप से केरल में यह समुदाय कांग्रेस का सहयोग करता रहा है, लेकिन बीजेपी की कोशिश इस समुदाय को कांग्रेस से तोड़ने की रही है। हालिया अतीत के कुछ चुनावों में यह समुदाय बीजेपी के साथ खड़ा होता नजर आया है। इसकी वजह यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित लव जेहाद का शिकार केरल में यह समुदाय भी होता रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर इस समुदाय में भी कुछ वैसा ही गुस्सा है, जैसा उत्तर भारत में हिंदू समाज में ऐसा नजर आता है। कांग्रेस का संकट है कि वह वाममोर्चा का विरोध और समर्थन की उलटबांसी की सटीक काट नहीं खोज पा रही है। इस वजह से राज्य का चुनावी मुकाबला लगातार दिलचस्प होता जा रहा है। वैसे बीजेपी जिस तरह की कोशिश करती नजर आ रही है, उससे सबसे ज्यादा संकट में कांग्रेस की संभावनाएँ ही नजर आ रही है। ऐसा लगता है कि बीजेपी की रणनीति कांग्रेस को इस राज्य की सत्ता से दूर रखने की ही है।



पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख राज्य असम की जहां तक बात है, तो वहां मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस में ही है। कांग्रेस की चिढ़ यह है कि बीजेपी जिस हिमंत विस्वसरमा के चेहरे पर चुनावी मैदान में है, वह कभी कांग्रेस का ही चेहरा होते थे। कांग्रेस अपने इस पूर्व नेता को इस बार हर हाल में सबक सिखाने के मूड में नजर आ रही है। जिस तरह उनकी पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के पास तीन-तीन पासपोर्ट हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का आरोप है कि रिन्की भुइयां सरमा के पास संयुक्त अरब अमीरता, एंटीगुआ और बारबुडा एवं मिस्र का पासपोर्ट है। कांग्रेस ने इसके समर्थन के कुछ दस्तावेज़ों की कॉपी भी दिखाई है। हालांकि हिमंत विस्वसरमा का कहना है कि कांग्रेस हताशा में है और उनकी ओर से कांग्रेस के नेताओं पर मानहानि का केस दायर करने की भी बात कही जा रही है। कांग्रेस एक तरह से अपने इस पुराने सिपाही को भ्रष्टतम साबित करने की कोशिश में है। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि हिमंत के पास अमेरिका में भी कंपनी है, जिसमें बावन हजार करोड़ रूपए जमा हैं। कांग्रेस का यह आरोप राहुल गांधी के आरोपों का विस्तार ही लगता है। राहुल गांधी ने कुछ दिन पहले उन्होंने अपने पुराने सहयोगी को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया था। राहुल गांधी उन्हें सत्ता में वापसी के बाद जेल भेजने की बात कहते रहे हैं। कांग्रेस की इन आरोपों के जरिए कोशिश सिर्फ हिमंत को ही सवालों के घेरे में रखना नहीं है, बल्कि बीजेपी को भी भ्रष्टाचार बताने की भी है। वैसे हिमंत भी राहुल गांधी की आलोचना करते रहे हैं। अपने कांग्रेस छोड़ने की वजह वे राहुल गांधी को ही बताते रहे हैं। दोनों के रिश्तों के संदर्भ में मौजूदा आरोपों को देखें तो यह निजी खुन्नस का भी मामला लगता है। हिमंत इन आरोपों को निजी खुन्नस बताने और असम के लोगों को समझाने की कोशिश में लगे हैं। अगर वे इसमें कामयाब रहे तो असम में कांग्रेस की चुनावी संभावना दूर होगी। अगर ऐसा हुआ तो फिर कांग्रेस के लिए उत्तर पूर्व में अपनी मौजूदगी बनाए रखना दूर की कौड़ी हो जाएगा। इसका कारण यह है कि हिमंत पूर्वोत्तर भारत में बीजेपी का चेहरा और संकट मोचक बन चुके हैं। अगर कांग्रेस की कोशिशें कामयाब रहीं तो पूर्वोत्तर में बीजेपी की राह कठिन हो जाएगी। हिमंत की हार उसकी चुनावी संभावनाओं पर बड़ा प्रश्नचिन्ह बनकर उभरेगी। असम पर काबू पाने के लिए कांग्रेस ने अपने हरावल दस्ते के हर हथियार मैदान में उतार दिए हैं। कांग्रेस की कोशिशों को पलीता उसकी प्रेस कांफ्रेंस में ही लगता दिखा, जब राष्ट्रीय मीडिया के एक पत्रकार ने उस कंपनी की वेबसाइट खोलकर उसकी स्थापना के तथ्य कांग्रेस प्रवक्ता के सामने पेश करने शुरू कर दिए, जो कांग्रेस के दावे के ठीक उलट नजर आ रहे थे। इसका माकूल और संतोषजनक जवाब कांग्रेस प्रवक्ता नहीं दे पाए। असम से सटे पश्चिम बंगाल में भी विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। वहां तो वह लड़ती भी नहीं दिख रही। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कभी कांग्रेस की सिपाही रहीं। केरल की तरह पश्चिम बंगाल में भी कांग्रेस विरोधाभास से जूझ रही है। राष्ट्रीय स्तर पर वह ममता के साथ है, लेकिन राज्य में उसकी पूरी कोशिश ममता को हिमंत की तरह सबक सिखाने की ही लग रही है। दरअसल राज्य में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। हालांकि 2023 में मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले की सगरदीघी सीट के उपचुनाव में कांग्रेस तृणमूल कांग्रेस को हराकर विधानसभा में अपना खाता खोलने में सफल रही थी। मुस्लिम बहुल विधानसभा में कांग्रेस की जीत से ममता की नींद उड़ गई थी। राज्य के करीब पैंतीस फीसद मुस्लिम वोट बैंक में सेंध का डर उन्हें सताने लगा। इसके लिए उन्होंने ऑपरेशन सगरदीघी शुरू किया और यहां से जीते कांग्रेसी विधायक बायरन विश्वास को तृणमूल कांग्रेस में शामिल करा दिया। कांग्रेस ने इसे विश्वासघात माना और लगता ऐसा है कि वह ममता को इन चुनावों में सबक सिखाने की कोशिश कर रही है। वैसे पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य की ग्यारह मुस्लिम बहुल विधानसभा सीटों पर उसके प्रत्याशी पहले नंबर पर रहे थे। इसलिए कांग्रेस यह मानकर चल रही है कि विधानसभा चुनावों में उसे मुस्लिम वोटरों का साथ मिल सकता है। उसकी पूरी रणनीति इसी लिहाज से आगे बढ़ रही है। साफ है कि इस बार के चुनावों में कांग्रेस जहां अपने पुराने सिपाहियों को सिखाने की कोशिश में है, वहीं खुद की संभावनाएं बेहतर करने का भी प्रयास कर रही है।

**- लेखक वरिष्ठ पत्रकार**

# 3 घंटे में फैसला: क्या भारत की शिक्षा व्यवस्था छात्रों के साथ न्याय कर रही है?



पवन शर्मा

लेखक

एक ऐसे देश में जहाँ हर दिन करोड़ों सपने आकार लेते हैं, यह चिंताजनक है कि एक छात्र का भविष्य केवल तीन घंटे की परीक्षा में तय कर दिया जाता है। सिर्फ तीन घंटे-और उसी आधार पर तय होता है कि छात्र पास है या फेल, योग्य है या साधारण। लेकिन क्या किसी की मेहनत, समझ और क्षमता को इतने सीमित समय में आँका जा सकता है? इसका उत्तर स्पष्ट है-नहीं। आज की शिक्षा व्यवस्था पूरे वर्ष की निरंतर मेहनत को नजरअंदाज कर अंतिम परीक्षा को ही निर्णायक मान बैठी है। जो छात्र साल भर पढ़ाई में लगा रहता है, कक्षा में सक्रिय रहता है, विषय को समझता है-अगर वह किसी कारणवश उस एक दिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता, तो उसे पीछे कर दिया जाता है। वहीं, जो छात्र केवल परीक्षा के समय अच्छा प्रदर्शन कर ले, वह आगे निकल जाता है। यह मूल्यांकन नहीं, बल्कि एक असंतुलित व्यवस्था है।

समस्या यहीं समाप्त नहीं होती। आज भी हमारे मूल्यांकन का आधार रटकर लिखना है। किताब के शब्दों को ज्यों का त्यों लिखने पर पूरे अंक मिलते हैं, लेकिन वही बात यदि छात्र अपने शब्दों में लिखे, तो उसे समान महत्व नहीं दिया जाता। यह प्रवृत्ति छात्रों की सोचने और समझने की क्षमता को कमजोर करती है।

इससे हम अनजाने में यह सिखा रहे हैं कि समझ से ज्यादा याद करना जरूरी है, और अलग सोचने का कोई मूल्य नहीं है। हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि केवल अच्छे अंक जीवन में सफलता की गारंटी नहीं होते। जीवन में आगे बढ़ने के लिए निर्णय लेने की क्षमता, संवाद कौशल, समस्या समाधान और भावनात्मक संतुलन जैसे गुण अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। दुर्भाग्य से, वर्तमान शिक्षा प्रणाली इन पहलुओं को विकसित करने में पीछे रह जाती है।

समय आ गया है कि हम मूल्यांकन के तरीके को बदलें। छात्र की योग्यता का आकलन पूरे वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर होना चाहिए-जिसमें उसकी नियमितता, कक्षा में भागीदारी, अनुशासन, प्रायोगिक समझ और निरंतर प्रयास को भी महत्व दिया जाए। इसके साथ ही, शिक्षा की शुरुआत से ही बच्चों को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। उन्हें साफ-सफाई, साझा करना, अनुशासन और शिष्टाचार जैसे मूल्यों की शिक्षा भी दी जानी चाहिए। यही गुण एक सशक्त और जागरूक समाज की नींव बनाते हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, सक्षम और संवेदनशील नागरिक तैयार करना होना चाहिए। आज सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है-क्या हम बच्चों को केवल परीक्षा पास करने के लिए तैयार कर रहे हैं, या जीवन में सफल होने के लिए? इस प्रश्न का उत्तर ही हमारे समाज और देश के भविष्य की दिशा तय करेगा।

# होर्मुज संकट और भारत की तैयारी : रणनीति या सिर्फ समय खरीदने की कोशिश?



भूपेन्द्र गुप्ता

लेखक स्वतंत्र विश्लेषक हैं

होरमुज जलडमरूमध्य में बढ़ता तनाव एक बार फिर यह याद दिला रहा है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा कितनी नाजुक नींव पर खड़ी है। सरकार चाहे जितने भी दावे करे, सच्चाई यह है कि भारत आज भी अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बाहरी दुनिया पर अत्यधिक निर्भर है। ऐसे में सवाल उठता है-क्या सरकार की वर्तमान रणनीति वास्तव में दूरदर्शी है या सिर्फ संकट को टालने की कोशिश?

सबसे पहले बात करते हैं तेल सप्लाई स्रोतों की विविधता की। सरकार इसे अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करती है कि उसने मध्य पूर्व के अलावा रूस, अमेरिका और अफ्रीका से तेल खरीद बढ़ाई है। लेकिन यह आधा सच है। रूस से सस्ता तेल खरीदना एक अवसर जरूर था, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। भू-राजनीतिक परिस्थितियां कभी भी बदल सकती हैं। अमेरिका से तेल महंगा है और अफ्रीका से आपूर्ति स्थिर नहीं रहती। यानी अन्य स्रोतो ने जोखिम तो कम किया है, खत्म नहीं किया।

दूसरा बड़ा दावा है रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व (एसपीआर) का। सरकार ने भंडारण क्षमता बढ़ाने की योजना बनाई है, लेकिन वास्तविकता यह है कि वर्तमान भंडारण केवल कुछ दिनों की जरूरत ही पूरी कर सकता है। अगर होरमुज लंबे समय तक बंद रहता है, तो यह रिजर्व ऊंट के मुंह में जीरा साबित होगा। सवाल यह है कि जब भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा करता है, तो उसकी ऊर्जा सुरक्षा इतनी सीमित क्यों है?

तीसरा पहलू है नौसेना और सामुद्रिक सुरक्षा। भारतीय नौसेना की तैनाती और एस्कॉर्ट मिशन निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन यह समाधान नहीं बल्कि संकट कम करना है। समुद्र में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है, पर अगर रास्ता ही बंद हो जाए तो सुरक्षा किस काम की?

अब आते हैं सबसे महत्वपूर्ण पहलू-कूटनीति। भारत की सबके साथ संतुलन वाली नीति को अक्सर उसकी ताकत बताया जाता है। लेकिन यह संतुलन भी जोखिम से भरा है। ईरान, अमेरिका, सऊदी अरब और रूस-इन सभी के साथ संबंध बनाए रखना आसान नहीं है। किसी भी बड़े संघर्ष की स्थिति में यह संतुलन टूट सकता है, और तब भारत के पास विकल्प सीमित हो जाएंगे।

सरकार का एक और बड़ा तर्क है ऊर्जा की वैकल्पिकता का-यानी सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और ग्रीन हाइड्रोजन। यह निश्चित रूप से भविष्य की दिशा है, लेकिन वर्तमान संकट का समाधान नहीं। भारत में अभी भी परिवहन और उद्योग का बड़ा हिस्सा तेल पर निर्भर है। ऊर्जा संक्रमण की गति इतनी धीमी है कि निकट भविष्य में इसका असर सीमित ही रहेगा।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन सभी प्रयासों के बावजूद भारत की मूल समस्या जस की तस बनी हुई है-88त्न तेल आयात पर निर्भरता। जब तक यह निर्भरता कम नहीं होती, तब तक हर अंतरराष्ट्रीय संकट भारत की अर्थव्यवस्था को झकझोरता रहेगा।

राजनीतिक स्तर पर भी यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो महंगाई बढ़ती है, और महंगाई सीधे सरकार की लोकप्रियता को प्रभावित करती है। इसलिए अक्सर देखा गया है कि सरकारें अल्पकालिक उपायों-जैसे टैक्स में कटौती या तेल कंपनियों पर दबाव-का सहारा लेती हैं। लेकिन ये उपाय दीर्घकालिक समाधान नहीं हैं, बल्कि सिर्फ चुनावी प्रबंधन के औजार हैं।

तो समाधान क्या है? सबसे पहले, भारत को अपनी ऊर्जा नीति में वास्तविक सुधार करना होगा। घरेलू उत्पादन को बढ़ाना, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में तेज निवेश करना और ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता देना जरूरी है। दूसरा, एसपीआर को वैश्विक मानकों के अनुसार बढ़ाना होगा ताकि कम से कम 60 से 90 दिनों का भंडारण सुनिश्चित किया जा सके। तीसरा, विदेश नीति में ऊर्जा सुरक्षा को केंद्र में रखना होगा, न कि सिर्फ संतुलन साधने की कोशिश।

अंततः, होरमुज संकट ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत की ऊर्जा रणनीति अभी अधूरी है। सरकार ने कुछ कदम जरूर उठाए हैं, लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं। यह समय है कठोर फैसले लेने का, क्योंकि ऊर्जा सुरक्षा सिर्फ आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल है।अगर अभी भी हम नहीं जागे, तो अगला संकट केवल चेतावनी नहीं, बम एक गंभीर झटका साबित हो सकता है।

# बातें युद्धविराम की, हमले और भयावह



अनिरुद्ध सिंह 'कुसुम'

लेखक/पत्रकार

अमेरिका ईरान युद्ध अब 35 दिन से आगे आ चुका है, लेकिन ना तो युद्ध थमने की संभावना नज़र आ रही है और ना ही बातचीत की कोई गुंजाइश बन रही है, क्योंकि बातचीत के लिए भरोसा एक दूसरे पर ही नहीं तीसरे पक्ष पर भी दोनों सहमत नहीं हो रहे है। और युद्ध की विभीषिका का आलम ये है कि अब तो आसमान से बरसते गोले रिहायशी इलाके और जन जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण अधोसंरचना को निशाना बना रहे हैं, और इंतहा ये की अब खुले तौर पर कहा जा रहा है की हमारा एक पुल ध्वस्त किया है हम आठ पुल ध्वस्त करेंगे, जहां पहले ये कहा जाता था की जो बम रिहायशी इलाके में गिरा है वो गलत निशाने की वजह से गया होगा। बहरहाल जहां ईरान शुरु से लेकर आज तक अपने वक्तव्य पर कायम है बात हॉर्मूज की हो या युद्ध विराम की उसने शुरु से कहा है हॉर्मुज हमारा है इसमें किसी की दखलदांजी नाकाबिले बर्दाश्त होगी और युद्ध हमने शुरु नही किया था, लेकिन खत्म हम करेंगे आखिरी गोली तक लड़ेंगे, वहीं अमेरिका हर दिन अपने गोलपोस्ट बदल रहा है और ट्रंप हर दिन हैरान कर देने वाले नए नए दावे कर रहे हैं,पहले ईरान में रिजीम बदलने का दावा, फिर हॉर्मुज कब्जे का दावा और हॉर्मुज से हमारा कोई लेना देना नहीं और बेहद हास्यास्पद करने वाला दावा हम युद्ध जीत चुके।

बहरहाल अब तक इस युद्ध में अमेरिका के लिए अंगूर खट्टे हैं ,तो वहीं ईरान भी दशकों पीछे चला गया है, और यही वजह है कि, दोनों देश कहीं न कहीं बातचीत और युद्ध विराम के संकेत अपने वक्तव्यों में दे रहें हैं। ट्रंप जहां हॉर्मूज़ को किनारे कर रहे हैं, तो ईरान भी शर्तो को किनारे करते हुए ये आश्वासन चाहता है कि दुबारा हमला ना हो, लेकिन बातचीत में सबसे बड़ी बाधा है विश्वास।

बहरहाल दोनो देशों वक्तव्यों में बातचीत के संकेतो की एक महत्त्वपूर्ण वजह है, अमेरिका में जहां ट्रंप की नीतियों का विरोध शुरू हो गया है, और नाटो देशों भी हाथ खींच रहें हैं अधिकांश ने साफ़ मना कर दिया है कि हम इस युद्ध में अमेरिका के साथ नहीं हैं। वहीं ईरान में भी मोजतुबा अंडरग्राउंड हैं और ईरानी राष्ट्रपति के बयान भी बदल जाते हैं। रिपोर्ट्स बता रही हैं की अमेरिका में आज तक अच्छा खासा नुकसान हुआ है। अमेरिका-ईरान युद्ध में अमेरिका को अब तक काफी नुकसान हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले 24 घंटों में ही अमेरिका ने लगभग 779 मिलियन डॉलर (?6871 करोड़) खर्च कर दिए थे। वहीं, तीन हफ्तों में यह नुकसान 1.4 बिलियन डॉलर से 2.9 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों से लगभग 800 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है, जिसमें मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बनी इमारतों, सुविधाओं और दूसरे बुनियादी ढांचों को लगभग 310 मिलियन डॉलर का अतिरिक्त नुकसान हुआ है ।अमेरिकी सैनिकों की मौत की बात करें, तो अब तक कम से कम 13 अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं, जबकि 140 से 150 सैनिक घायल हुए हैं , इन आंकड़ों के पेंटागन भी स्वीकार करता है।

वहीं दूसरी ओर इस युद्ध में ईरान भी दशकों पीछे चला गया है ,रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान में अब तक कम से कम 1,332 लोग मारे गए हैं और 6,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा, ईरान के 31 में से 24 प्रांत इस युद्ध से प्रभावित हुए हैं ।ईरान के सैन्य ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिसमें उसके कई शीर्ष सैन्य कमांडर मारे गए हैं। इजरायल ने दावा किया है कि शुरुआती हवाई हमलों में ईरान के अधिकांश शीर्ष सैन्य कमांडर मारे गए हैं ।इसके अलावा, ईरान की मिसाइल शक्ति भी काफी हद तक कमजोर हो गई है, जिसमें उसके 80 प्रतिशत हवाई रक्षा तंत्र को नष्ट कर दिया गया है। ईरान के पास केवल 100 से 200 मिसाइल लॉन्चर ही शेष बचे हैं । और अभी हाल ही में तेहरान और करंज को जोड़ने वाले क्ब1 पुल को अमेरिकी मिसाइल ने ध्वस्त कर दिया। बहरहाल दोनों देशों की हां, हां और ना, ना में पूरी दुनिया उर्जा संकट से जूझ रही है, कच्चा तेल युद्ध के शुरू में ही 100 पर जा चुका है और अब तो एक सौ पन्द्रह डालर पर है और इतना ही नहीं हॉर्मुज से वही निकलेगा जिसे ईरान अनुमति देगा। जुबानी तीखे तेवरों के बीच आने एक दो हफ़्ते बेहद महत्त्वपूर्ण रहने वाले हैं , की ईरान की घटती सैन्य क्षमता के बाबजूद जवाबी हमले और कितने तीव्र होंगे वहीं अलग थलग पड़ता अमेरिका जीत के पड़ले को अपने पक्ष की ओर रखने में कितना कामयाब रहता है ।

# पश्चिम बंगाल : चुनाव से पहले मतदाताओं में बेचैनी



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पश्चिम बंगाल में मतदान से पहले मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है लेकिन लाखों मतदाता अनिश्चितता की स्थिति में हैं और चिंतित हैं। अत्यधिक लंबी सत्यापन प्रक्रिया के कारणबड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार से वंचित होने का खतरा है क्योंकि यह प्रक्रिया बहिष्कार का रूप ले चुकी है। मतदाता सूची से हटाए गए 6 लाख मतदाताओं के नाम विचाराधीन श्रेणी में डाले गए थे। इस बात की कोई उम्मीद नहीं कि विचाराधीन प्रक्रिया पूरी हो पाएगी। पूरी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

मालदा में प्रदर्शनकारी मतदाताओं द्वारा एसआईआर अधिकारियों का घेराव और उन्हें कई घंटों तक बंधक बनाएजाने की घटना के पीछे राजनीतिक सुनियोजित घटनाक्रम के तार राष्ट्रीय अन्वेषण ब्यूरो (एनआईए) ढूंढ रही है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले पर सख्त रवैया अपनाते हुए पश्चिम बंगाल प्रशासन को खूब खरी-खोटी सुनाई थी लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया अब बहिष्कार में तब्दील हो गई है। क्योंकि लोग लंबी प्रक्रिया में घंटों इंतजार करने की बजाय घर में ही बैठक पसंद कर रहे हैं।

राज्य में मतदाता सूची से हटाए गए लोगों की अर्जी सुनने के लिए गठित न्यायाधिकरणों ने अभी काम भी शुरू नहीं किया है और एसआईआर में हुई गड़बड़ियों के कई उदाहरण सामने आ रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का से कांग्रेस उम्मीदवार मोहताब शेख को वोट डालने का मौका मिल गया है। मोहताब शेख का नाम 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के विचाराधीन मामले के कालम में डाल दिया गया था। एक न्यायधिकरण ने उनका नाम बहाल कर दिया। मतदाता सूची से नाम हटा दिए जाने के कारणमोहताब शेख नामांकन भी दाखिल नहीं कर सके थे।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम ने शेख के मामले की सुनवाई के लिए साल्ट लेक में एक विशेष सुनवाई आयोजित की। इस दौरान शेख




ने अपना-पासपोर्ट प्रस्तुत किया। यह वही दस्तावेज था जो उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत प्रस्तुत किया था। न्यायमूर्ति शिवज्ञानम ने सभी दस्तावेजों की दोबारा जांच की और अपने आदेश में कहा कि निर्वाचन आयोग ने न्यायिक अधिकारी द्वारा निर्णय के दौरान उनका नाम हटाए जाने से संबंधित परिस्थितियों को प्रस्तुत न करने के लिए तकनीकी कारणों का हवाला दिया था।

न्यायमूर्ति शिवज्ञानम ने अंततः यह माना कि शेख द्वारा दिया गया पासपोर्ट पर्याप्त था और चुनाव आयोग को रविवार रात 8 बजे तक एक अतिरिक्त सूची के माध्यम से उन्हें मुर्शिदाबाद का वैध मतदाता घोषित करने का आदेश दिया। निर्वाचन आयोग ने 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की थी जिसमें लाखों मतदाताओं को विचाराधीन के रूप में चिह्नित किया गया था। इससे स्पष्ट होता है कि एसआईआर में गड़बड़ियां हुई हैं और गड़बड़ियों का अर्थ यह है कि अनुच्छेद 326 में निहित संवैधानिक वादा कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता बनने का अधिकार होगा, पूरा नहीं होगा। क्या गड़बड़ियों वाली मतदाता सूची से निष्पक्ष और ईमानदार चुनावों की उम्मीद की जा सकती है चुनाव आयोग की विश्वसनियता लगातार प्रभावित हो रही है और जनता के बीच इसका भरोसा काफी कम हो चुका है।

चुनाव आयोग, जिसका प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने और मतदाता समावेशन को प्राथमिकता देने का गौरवशाली इतिहास रहा है, उसे इन गंभीर चिंताओं का समाधान अवश्य करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय, जिसने पिछले वर्ष बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन के दौरान हस्तक्षेप करके प्रक्रिया को मतदाताओं की समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने में मदद की थी, उसे पश्चिम बंगाल पर भी नजर रखनी चाहिए। शुरुआत से ही, बंगाल में किया गया विशेष गहन संशोधन अन्य राज्यों की तुलना में अधिक जटिल प्रतीत होता है। समय की कमी के बीच कई विवादास्पद नए प्रावधान लागू किए गए।

फरवरी में न्यायालय ने एसआईआर को चुनौती देने वाले मामले की सुनवाई करते हुए लगभग 500 न्यायिक अधिकारियों को लंबित मामलों का निपटारा करने के निर्देशदिएथे। अब क्योंकि चुनाव सिर पर है और प्रक्रिया अधूरी है। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया काफी विवादित रही है। 28 फरवरी को जारी की गई राज्य की अंतिम वोटर लिस्ट में 6.44 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल थे। इस प्रक्रिया के तहत करीब 63 लाख 'अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट' मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए। वहीं करीब 60 लाख मतदाताओं की स्थिति 'जांच के अधीन' बनी रही। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद करीब 700 न्यायिक अधिकारियों को 'जांच के अधीन' मौजूद वोटरों के रिकॉर्ड की जांच करने और उनकी मतदान पात्रता तय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

अब तक 52 लाख से ज़्यादा 'जांच के अधीन' रखे गए मामलों का निपटारा किया जा चुका है, लेकिन इस प्रक्रिया में हटाए गए मतदाताओं की सही संख्या अभी भी पता नहीं है। सवाल यह भी है कि क्या लाखों मतदाता वोट देने से वंचित रह जाएंगे। कोलकाता स्थित थिंकटैंक 'सबर इंस्टीट्यूट' के एक विश्लेषण के अनुसार, पहले और दूसरे चरण में न्यायिक अधिकारियों ने जिन वोटरों को वोटर लिस्ट से हटाया है उनमें सबसे ज़्यादा प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं का है। एसआईआर प्रक्रिया के कारण मतदाताओं में बेबसी की भावना पैदा हुई। उनकी उदासीनता मतदाता के तौर पर अधिकार को लेकर चिंताओं का ही एक रूप है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि बंगाल के मतदाताओं की चिंता दूर कैसे की जाए।

# युद्ध के बीच ट्रंप को छोड़ना पड़ सकता है राष्ट्रपति पद

## क्या है 25वां संशोधन, जिसे लागू करने की हो रही मांग

नई दिल्ली

ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की हालिया विवादित बयानबाजी के बाद अमेरिका में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कई अमेरिकी सांसद ट्रंप के प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि वे अमेरिकी संविधान के 25वें संशोधन का इस्तेमाल करके उन्हें पद से हटा दें।

दरअसल, यह पूरा विवाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा हाल ही में ईरान को खत्म करने की धमकी देने के बाद शुरू हुआ है। डेमोक्रेटिक और कुछ पूर्व रिपब्लिकन नेताओं का तर्क है कि ट्रंप की मौजूदा बयानबाजी और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की धमकियां न केवल अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन हैं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा हैं। अमेरिकी सांसदों का कहना है कि संभावित नुकसान को रोकने के लिए सत्ता का हस्तांतरण अब अनिवार्य हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस के लोगों का कहना है कि ट्रंप शायद मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं। एरिजोना की कांग्रेस वुमन यासमीन अंसारी, ट्रंप के खिलाफ 25वें संशोधन को लागू करने की मांग की हैं। यासमीन अंसारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ट्रंप एक विनाशकारी, गैर-कानूनी युद्ध को भड़का रहे हैं, बड़े पैमाने पर युद्ध अपराधों की धमकी दे रहे हैं और ईरान में नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। अकेले पिछले 48 घंटों में, उनकी बयानबाजी ने सारी हदें पार कर दी हैं।

इससे पहले, मिनेसोटा की कांग्रेसवुमन इल्हान उमर ने भी ईरान में नागरिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ ट्रंप की धमकियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था- यह बिल्कुल ठीक नहीं है। 25वें संशोधन को लागू करो। महाभियोग चलाओ। हटाओ। इस बेकाबू पागल को पद से हटाया ही जाना चाहिए। इलिनोइस के पूर्व रिपब्लिकन कांग्रेसी जो वॉल्श ने भी ट्रंप के बारे में कहा- वह हमेशा इस देश पर एक कलंक बने रहेंगे।



और पूरी दुनिया पर भी। 25वां संशोधन अभी लागू होना चाहिए।

डेमोक्रेटिक सीनेट सदस्य क्रिस मर्फी ने भी ट्रूथ पर पोस्ट किया- अगर मैं ट्रंप की कैबिनेट में होता, तो मैं ईस्टर का दिन 25वें संशोधन के बारे में संवैधानिक वकीलों से बात करने में बिताता। यह पूरी तरह से, एकदम बेकाबू हरकत है। वह पहले ही हजारों लोगों को मार चुके हैं। वह और हजारों लोगों को मारने वाले हैं। एमएसएनबीसी के पूर्व होस्ट मेहदी हसन ने लिखा, राष्ट्रपति का ईस्टर मैसेज, जिससे वीपी और कैबिनेट को सच में 25वां संशोधन लागू करना चाहिए। डेमोक्रेटिक रिप्रेजेंटेटिव मेलानी स्टैंसबरी की एक और अपील में कहा गया, सम्राट के पास कपड़े नहीं हैं। 25वें संशोधन का समय आ गया है। कांग्रेस और कैबिनेट को कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रंप की पुरानी फैन मार्जोरी टेलर ग्रीन ने एक लंबा पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने कहा, मैं आप सभी और उन्हें (ट्रंप को) जानती हूं। वो पागल हो चुके हैं और आप सभी इसमें शामिल हैं।

अमेरिका में जिस 25वें संविधान संशोधन के जरिए राष्ट्रपति ट्रंप को हटाने की मांग हो रही है, वह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें उपराष्ट्रपति और कैबिनेट के ज्यादातर लोग अपनी ड्यूटी न कर पाने की वजह से राष्ट्रपति को बदलने का विकल्प चुन सकते हैं। इस दौरान उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति की भूमिका निभाते हैं।

धारा एक के अनुसार, यदि राष्ट्रपति को पद से हटा दिया जाता है, उनकी मृत्यु हो जाती है या फिर इस्तीफा देते हैं तो उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति की भूमिका निभाते हैं।

अमेरिका में 25वां संविधान संशोधन 1967 में राष्ट्रपति जॉन एफ. केनेडी की हत्या के बाद लाया गया था। जब उत्तराधिकार को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इसका पहली बार उपयोग 1973 में हुआ, जब उपराष्ट्रपति स्पाइरो एग्न्यू के इस्तीफे के बाद जेराल्ड फोर्ड को नामित किया। इसके एक साल बाद जेराल्ड फोर्ड राष्ट्रपति बने, तब भी धारा एक लागू हुई।

# पनामा में ईंधन टैंकर विस्फोट: ब्रिज ऑफ द अमेरिकाज के पास भीषण आग, कई घायल

नई दिल्ली



पनामा में एक पुल के पास ईंधन टैंकर में भीषण विस्फोट हुआ और आग लग गई। विस्फोट के साथ तेल टैंकर में लगी आग ने कुछ ही देर में जल्द ही विकराल रूप धारण कर लिया, जिसकी चपेट में पुल का मुख्य हिस्सा भी आ गया। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है, जबकि एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है।

दरअसल, यह घटना सोमवार की बताई जा रही है, जब पनामा नहर के प्रशांत प्रवेश द्वार पर स्थित ब्रिज ऑफ द अमेरिकाज के पास भीषण विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना जोरदार था कि आग की लपटें पुल की सड़क तक पहुंच गईं, इससे वहां मौजूद लोग जान बचाकर भागने लगे। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, आग लगने की वजह से सुरक्षा के मद्देनजर पुल को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। लोक निर्माण मंत्रालय ने पुल के अस्थायी रूप से बंद होने की पुष्टि की है। एक बयान में कहा गया,यह एहतियाती कदम चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है, जबकि विशेष तकनीकी टीमें पुल की संरचनात्मक स्थिति की जांच करने के लिए संबंधित तकनीकी निरीक्षण कर रही हैं।

### क्यों महत्वपूर्ण है ब्रिज ऑफ द अमेरिकाज?

बता दें कि ब्रिज ऑफ द अमेरिकाज एक अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है, जिसकी लंबाई 1654 मीटर है और जो पनामा नहर के प्रशांत प्रवेश द्वार पर स्थित है। यह दुनिया के सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शिपिंग चोकपॉइंट्स में से एक के ठीक बगल में स्थित है।

### होर्मुज में तनाव के बीच कच्चे तेल की आवाजाही

गौरतलब है कि मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के चलते ईरान द्वारा होर्मुज में लगाई गई पाबंदी के बाद अमेरिका से कच्चे तेल की खेप को पनामा नहर के रास्ते एशिया की ओर मोड़ा जा रहा था। मार्च में रॉयटर्स ने टैंकरों की आवाजाही में हुई बढ़ोतरी की जानकारी दी थी।

# भाजपा में अंदरूनी कलह चरम पर : अजय राय

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में अंदरूनी कलह अपने चरम पर पहुंच गयी है। श्री राय ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पार्टी कार्यालय में मौजूद न रहना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश अध्यक्ष और संगठन के अन्य पदाधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे, लेकिन मुख्यमंत्री का न होना यह दर्शाता है कि उन्हें दरकिनार किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि भाजपा के भीतर भारी अंतर्कलह चल रही है। उन्होंने कहा, पार्टी के अंदर लोग आपस में लड़ रहे हैं, जिससे साफ है कि संगठन में सब कुछ ठीक नहीं है।

अजय राय ने मुख्यमंत्री के हालिया बयान पर पलटवार करते हुए कहा, योगी जी ने गोरखपुर में कांग्रेस पर विश्वासघात का आरोप लगाया था, लेकिन हकीकत यह है कि उनकी अपनी पार्टी ही उनके साथ विश्वासघात कर रही है।

उन्होंने योगी सरकार पर जनता से किए वादे पूरे न करने का आरोप लगाते हुए कहा, आपने प्रदेश की जनता के साथ विश्वासघात किया है, कोई भी बड़ा वादा पूरा नहीं किया गया। अजय राय ने प्रदेश में चल रही बुलडोजर कार्रवाई को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में बुलडोजर चलाकर मंदिर और मस्जिदों में विध्वंस किया जा रहा है। वाराणसी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में हालात ऐसे हैं कि गौमाता के अवशेषों को कुत्ते खा रहे हैं और इसे प्रशासनिक विफलता बताया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की इस प्रेसवार्ता में भाजपा और योगी सरकार पर तीखे राजनीतिक हमले देखने को मिले, जिससे प्रदेश की सियासत में बयानबाजी और तेज होने के संकेत हैं।

# लश्कर-ए-तैयबा का अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल पकड़ा गया, दो पाकिस्तानियों समेत 5 गिरफ्तार

श्रीनगर, (वार्ता)

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतर-राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने इस मॉड्यूल के पकड़े जाने के संबंध में अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया है।

पिछले कई हफ्तों से चल रहे एक अभियान के दौरान पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के बाहर से लश्कर-ए-तैयबा के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

ये दोनों पिछले एक दशक से भी अधिक समय से फरार चल रहे थे। सूत्रों ने बताया, दो पाकिस्तानी आतंकवादियों की गिरफ्तारी के बाद इस मॉड्यूल के और सदस्यों को पकड़ने के लिए उत्तरी भारत के कई हिस्सों में छापेमारी की गई। इस दौरान कुछ और गिरफ्तारियां भी हुई हैं। पिछले कई हफ्तों से चल रहे एक अभियान के दौरान पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के बाहर से लश्कर-ए-तैयबा के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

अधिकारियों ने बताया कि यह मॉड्यूल सक्रिय आतंकवादियों को आने-जाने की सुविधा, रहने की जगह और आर्थिक मदद मुहैया करा रहा था। उन्होंने बताया कि जांच जारी है।

# ईरान युद्ध का दुनिया पर कैसे पड़ रहा असर?

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध को एक महीने से ज्यादा समय हो गया है। इस बीच होर्मुज स्ट्रेट पर नाकाबंदी से दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है। होर्मुज से दुनियाभर का 20 प्रतिशत ऊर्जा व्यापार होता है। आइए जानते हैं होर्मुज नाकेबंदी से दुनियाभर की अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ रहा है?

**किसान कम उगा रहे गेहूं** – मिडिल ईस्ट युद्ध के चलते ऑस्ट्रेलियाई किसान अब कम गेहूं उगा रहे हैं। क्योंकि दुनिया भर के किसान खाद की बढ़ती कीमतों को लेकर चिंतित हैं। बता दें दुनिया का एक-तिहाई खाद होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर अन्य देशों तक पहुंचता है। खाद की कमी से फसलों पर सीधा असर पड़ रहा है।

**नहाने से भी मनाही** – दक्षिण कोरिया में लोगों से अपील की गई है कि वे कम समय तक नहाएं। दक्षिण कोरिया में पानी गर्म करने के लिए इस्तेमाल होने वाली ज्यादातर ऊर्जा मिडिल ईस्ट से आती है। इसी तरह श्रीलंका ने काम के दिन कम कर दिए हैं,साथ ही बुधवार को सार्वजनिक छुट्टी कर दी गई है। लाओस में स्कूलों के दिन भी तीन दिन तक सीमित कर दिए गए हैं ताकि ईंधन की बचत हो सके।

**क्या-क्या हुआ महंगा?** ट्रैक सूट अब महंगे हो सकते हैं क्योंकि इनमें इस्तेमाल होने वाला पॉलिएस्टर पेट्रोकेमिकल्स से बनता है। तेल-गैस की कीमतें आसमान छू रही हैं। पार्टियों में इस्तेमाल होने वाले गुब्बारे भी बाजार में कम मिल रहे हैं। क्योंकि कतर दुनिया का एक-तिहाई हीलियम उत्पादन करता है, जो प्राकृतिक गैस का को-प्रोडक्ट है। प्रोडक्शन रुकने से गुब्बारों की कमी हो गई है।

**फॉर्मूला-1 ने कैंसिल की रेस** –फॉर्मूला-1 ने बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली रेस कैंसिल कर दी है। सुरक्षा चिंताओं के चलते शकीरा, क्रिस्टीना एगुइलेरा समेत कई कलाकारों ने अपने कॉन्सर्ट भी टाल दिए हैं।

**कैंसर की दवाओं की कमी** – कैंसर जैसी बीमारियों की दवाएं भी कुछ मरीजों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। दुबई और दोहा जैसे प्रमुख कार्गो हब बंद होने से दवाओं की सप्लाई पर असर हुआ है।

**घर खरीदना महंगा** –अमेरिका में घर खरीदना अब और भी महंगा हो गया है। तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ने का डर है, जिसके चलते होम लोन की ब्याज दरें बढ़ गई हैं।

**हवाई किराए में बढ़ोतरी** –हवाई जहाज के किराए भी तेजी से बढ़ रहे हैं क्योंकि एयरलाइंस जेट फ्यूल का ज्यादा खर्च यात्रियों पर डाल रही हैं। ऐसे में हजारों उड़ानें रद हो चुकी है। मिडिल ईस्ट के हवाई क्षेत्र बंद होने से रूट पर असर पड़ा है। ब्राजील अब अपनी चीनी मिलों में ज्यादा बायोफ्यूल बनाने पर जोर दे रहा है ताकि ऊर्जा की बढ़ती कीमतों से फायदा उठाया जा सके। वहीं, सोने की कीमतें इस बार संकट के बावजूद गिर रही हैं क्योंकि निवेशक मुनाफा बुक कर चुके हैं।

**भारत में एलपीजी संकट**– थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने सरकारी दफ्तरों में एयर कंडीशनर सीमित कर छोटी आस्तीन वाली शर्ट पहनने की अपील की है। फिलीपींस में कर्मचारियों से लिफ्ट न इस्तेमाल करने को कहा गया है, जबकि मिस्र में शॉपिंग के समय में कटौती कर दी गई है।

# अमेरिका एवं कंबोडिया में लगभग 300 करोड़ रुपये का स्वास्थ्य समझौता

वाशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिका और कंबोडिया ने पांच साल के लिए लगभग 300 करोड़ रुपये (36.1 मिलियन डॉलर) के स्वास्थ्य सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट ग्लोबल हेल्थ स्ट्रैटेजी के तहत एशिया में यह इस तरह का पहला समझौता है। कंबोडिया की शाही सरकार के प्रवक्ता थॉमस टॉमी पिगोट के एक बयान के अनुसार, सरकार के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उद्देश्य एचआईवी/एड्स, मलेरिया और तपेदिक सहित संक्रामक रोगों से निपटने के प्रयासों को मजबूत करना है। इस समझौते के तहत अमेरिका ने 30.8 मिलियन डॉलर से अधिक का योगदान देने की प्रतिबद्धता जतायी है, जबकि कंबोडिया ने अपने स्वास्थ्य खर्च को 5.3 मिलियन डॉलर से अधिक बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए अधिक जिम्मेदारी लेने और निदान, टीकों तथा उपचार तक पहुंच का विस्तार करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस समझौते में वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी पांच मिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता शामिल है, जिसके तहत प्रयोगशालाओं के नेटवर्क में सुधार करने के साथ ही मलेरिया को खत्म करने के लिए कंबोडिया के लक्ष्य को समर्थन देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# इस्तांबुल में इजरायली कॉन्सुलेट के बाहर गोलीबारी, सुरक्षाबलों ने 2 हमलावरों को मार गिराया

नई दिल्ली

इस्तांबुल में इजरायली वाणिज्य दूतावास के पास फायरिंग हुई है। सुरक्षाबलों ने दो हमलावरों को मार गिराया है। रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी भी घायल हो गया।

न्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, आज मंगलवार को इस्तांबुल में इजरायली वाणिज्य दूतावास वाली एक इमारत के बाहर गोलीबारी हुई, जिसमें दो हमलावर मारे गए, एक तीसरा हमलावर हिरासत में लिया गया और एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावरों के पास लंबी बैरल वाले हथियार थे। हमलावरों ने इजरायली कॉन्सुलेट के बाहर गोलीबारी शुरू कर दी।




पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में हमलावरों को जवाब दिया, जिसमें दो हमलावर ढेर हो गए और तीसरा हमलावर पकड़ा गया। इजरायली कॉन्सुलेट के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद इमारत के आसपास के इलाके को तुरंत सील कर दिया गया। तुर्किए के न्याय मंत्री अकिन गुरलेक ने पुष्टि की कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हमलावरों की पहचान या उनके मकसद के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# रफल दुनाली में रेवती माहुरकर ने दिखाया अब तक का सबसे एक्सप्रेसिव अंदाज़

तेवर में हार्डी संधू के साथ अपनी धमाकेदार मौजूदगी से सबका ध्यान खींचने के बाद, और गुरु रंधावा के साथ क़तल के 200 मिलियन व्यूज़ का जश्न मनाने के बाद, डिजिटल सेंसेशन रेवती माहुरकर अब अपने नए गाने रफल दुनाली के साथ एक बार फिर लोगों को थिरकने के लिए तैयार हैं। इस नए ट्रैक में रेवती, प्रिंस नरूला के साथ एक बिल्कुल नए अंदाज़ में नजर आ रही हैं,जहां हाई-एनर्जी दौड़ने के साथ देसी भारतीय रंग का तड़का भी है। गानों में पंजाबी म्यूज़िक की धुन और हरियाणवी लिरिक्स का स्वाद मिलकर ऐसा मस्तीभरा माहौल बनाते हैं, जो सीधे दिल और डांस फ्लोर दोनों पर असर करता है। ट्रेडिशनल इंडियन लुक में नजर आती रेवती ने स्क्रीन पर अपने एक्सप्रेशन्स का ऐसा रंग दिखाया है, जो उनके अंदर छिपे एक्शन की ताकत को साफ दिखता है। रेवती ने कहा, रफल दुनाली मेरे लिए काफी अलग है। इसमें मासी और हाई-एनर्जी वाइब तो है ही, लेकिन सबसे ज्यादा एक्साइटमेंट मुझे परफॉर्म करने में आया ।लिप-सिंक करना, इमोशन्स दिखाना और एक देसी लुक में नजर आना। इस गाने में मैंने अपने एक्सप्रेशन्स को एक नए तरीके से एक्सप्लोर किया, जो मुझे बहुत पसंद आया। अब मैं चाहती हूं कि लोग मुझे सिर्फ म्यूजिक वीडियो तक लिमिटेड न देखें, बल्कि एक ऐसी परफॉर्मर के रूप में पहचानें जो एक्टिंग भी कर सकती है और किरदारों को जी सकती है।



# 84 वर्ष के हुये जीतेन्द्र

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता जीतेन्द्र आज 84 वर्ष के हो गये। 07 अप्रैल 1942 को एक जौहरी परिवार में जन्में जीतेन्द्र का रूझान बचपन से हीं फिल्मों की ओर था और वह अभिनेता बनना चाहते थे।वह अक्सर घर से भाग कर फिल्म देखने चले जाते थे।जीतेन्द्र ने अपने सिने करियर की शुरूआत 1959 में प्रदर्शित फिल्म नवरंग से की जिसमें उन्हें छोटी सी भूमिका निभाने का अवसर मिला।लगभग पांच वर्ष तक जीतेन्द्र फिल्म इंडस्ट्री में अभिनेता के रूप में काम पाने के लिये संघर्षरत रहे।वर्ष 1964 में उन्हें व्ही .शांताराम की फिल्म गीत गाया पत्थरों ने..में काम करने का अवसर मिला।इस फिल्म के बाद जीतेन्द्र अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये।

वर्ष 1967 में जीतेन्द्र की एक और सुपरहिट फिल्म फर्ज प्रदर्शित हुयी। रविकांत नगाइच निर्देशित इस फिल्म में जीतेन्द्र ने डांसिग स्टार की भूमिका निभाई।इस फिल्म में उन पर फिल्माया गीत मस्त बहारो का मैं आशिक श्रोताओं और दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ।इस फिल्म के बाद जीतेन्द्र को जंपिग जैक कहा जाने लगा।

फर्ज की सफलता के बाद डांसिग स्टार के रूप में जीतेन्द्र की छवि बन गयी। इस फिल्म के बाद निर्माता-निर्देशकों ने अधिकतर फिल्मों मेंउनकी डांसिंग छवि को भुनाया। निर्माताओं ने जीतेन्द्र को एक ऐसे नायक के रूप में पेश किया जो नृत्य करने में सक्षम है।इन फिल्मों में हमजोली और कारंवा जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल है।इस बीच जीतेन्द्र ने जीने की राह,दो भाई और धरती कहे पुकार के जैसी फिल्मों में हल्के.फुल्के रोल कर अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया।

वर्ष 1973 में प्रदर्शित फिल्म जैसे को तैसा के हिट होने के बाद फिल्म इंडस्ट्री में उनके नाम के डंके बजने लगे और वह एक के बाद एक कठिन भूमिकाओं को निभाकर फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गये।70 के दशक में जीतेन्द्र पर आरोप लगने लगे कि वह केवल नाच गाने से भरपूर रूमानी किरदार ही निभा सकते है। उन्हें इस छवि से बाहर निकालने में निर्माता .निर्देशक गुलजार ने मदद की और उन्हें लेकर परिचय,खुशबू.और किनारा जैसी पारिवारिक फिल्मों का निर्माण किया।इन फिल्मों में जीतेन्द्र के संजीदा अभिनय दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। जीतेन्द्र के सिने कैरियर पर नजर डालने पर पता लगता है कि वह मल्टी स्टारर फिल्मों का अहम हिस्सा रहे है।फिल्म इंडस्ट्री के रूपहले पर्दे पर जीतेन्द्र की जोड़ी रेखा के साथ खूब जमी। अस्सी के दशक में उनकी जोड़ी अभिनेत्री श्रीदेवी और जया प्रदा के साथ काफी पसंद की गयी ।अपनी अनूठी नृत्य शैली के कारण इस जोड़ी को दर्शकों ने सिर आंखो पर लिया। वर्ष 1982 से 1987 के बीच जीतेन्द्र ने दक्षिण भारत के फिल्मकार टी रामाराव,के .बापैय्या,के .राघवेन्द्र राव आदि की फिल्मों में भी काम किया।नब्बे के दशक में अभिनय मे एकरपता से बचने और स्वंय को चरित्र अभिनेता के रूप मे भी स्थापित करने के लिये जीतेन्द्र ने खुद को विभिन्न भूमिकाओं में पेश किया।2000 के दशक में फिल्मों में अच्छी भूमिकाएं नही मिलने पर उन्होंने फिल्मों में काम करना काफी हद तक कम कर दिया।इस दौरान वह अपनी पुत्री एकता कपूर को छोटे पर्दे पर निर्मात्री के रूप स्थापित कराने में उनके मार्गदर्शक बने रहे।जीतेन्द्र ने पांच दशक लंबे सिने कैरियर में 250 से भी अधिक फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कियाहै। जीतेन्द्र इन दिनों अपनी पुत्री एकता कपूर को फिल्म निर्माण में सहयोग कर रहे है।



# अड़ीवी शेष ने 'डकैत' में हाई-ऑक्टेन कार चेज़ सीक्वेंस करने के अपने अनुभव साझा किए



अभिनेता अड़ीवी शेष ने फिल्म 'डकैत' में हाई-ऑक्टेन कार चेज़ सीक्वेंस करने के अपने अनुभव प्रशंसकों के साथ साझा किए हैं। अड़ीवी शेष अपनी आने वाली एक्शन फिल्म डकैत के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म के दमदार एक्शन सीक्वेंस के बारे में बात की, खासकर तेज रफ्तार कार चेज़ सीन के बारे में, जिनमें उन्हें खुद गाड़ी चलानी पड़ी। फिल्म में कई रोमांचक चेज़ सीक्वेंस हैं, जिनके लिए सटीक ड्राइविंग और सही टाइमिंग की ज़रूरत होती है। बॉडी डबल पर ज़्यादा निर्भर रहने के बजाय, अड़ीवी शेष ने खुद इन सीन को करने का फैसला किया, जिससे दृश्यों में असलीपन और बढ़ गया। इनमें से कई सीन में प्रोफेशनल स्टंट उपकरणों के साथ कार को ड्रिफ्ट करना शामिल था, जिसे उन्होंने पूरे उत्साह के साथ किया। अड़ीवी शेष ने कहा, डकैत में बहुत ही इंटेंस कार चेज़ सीक्वेंस हैं, और इनमें से कई मैंने खुद ड्राइव करते हुए किए हैं। प्रोफेशनल गियर के साथ ड्रिफ्ट करना रोज़ का काम नहीं होता और सच कहूं तो यह एक ज़बरदस्त एक्सपीरियंस देता है। जब आप गाड़ी के अंदर होते हैं और चारों तरफ कैमरे, स्टंट कोऑर्डिनेटर और पूरी प्लानिंग होती है, तब समझ आता है कि इसे सही तरीके से करने के लिए कितनी सटीकता चाहिए। ऐसे सीन में ज़्यादा रीटेक का मौका नहीं होता क्योंकि हर मूवमेंट और हर टर्न पहले से तय होता है। अड़ीवी शेष ने कहा, मेरे लिए सबसे बड़ा रोमांच खुद को चुनौती देना है कि मैं सीन को जितना हो सके उतना परफेक्ट करूं। कई बार मैं खुद से कहता था कि यह सीन एक ही टेक में करना है। इससे आपका फोकस और बढ़ जाता है, आप स्पीड, टाइमिंग और ज़िम्मेदारी को बहुत अच्छे से महसूस करते हैं। यह रोमांचक होने के साथ-साथ बहुत संतोष देने वाला भी होता है। ऐसे ही पल एक्शन फिल्मों को खास बनाते हैं।

# नगर में सम्पन्न हुआ विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेला




## अभिभावकों को मिली आकर्षक छूट

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय पीएमश्री शासकीय बालक उ मा विद्यालय (बीटीआई) में पुस्तक मेले का आयोजन उत्साहपूर्वक सोमवार को सम्पन्न हुआ। पुस्तक मेले का शुभारंभ नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा की उपस्थिति में मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चन कर किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, नरेश कौरव, पार्षद पूजा तिवारी, सतीश कौरव,सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, बीईओ वीरेंद्र राजपूत, बीआरसी डी के पटैल, प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, एस के मिश्रा, सुनीता पटैल, सुशील शर्मा, लेखा कौरव मौजूद थे। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नगर में पहली बार पुस्तक मेले का आयोजन अभिनव प्रयास है। यहाँ अभिभावकों को रियायती दरों पर विद्यार्थियों के लिए सामग्री उपलब्ध है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री कुशवाहा मेले में पूरे समय उपस्थित रहे एवं उन्होने इस अवसर पर कहा कि इस मेले के आयोजन का उद्देश्य छात्र छात्राओं के लिए कम दामों पर सामग्री उपलब्ध कराना है। मेले में अतिथियों एवं अधिकारियों ने लगाए गए 20 स्टॉलों का



अवलोकन किया। इसके अलावा एसडीएम कलावती ब्यारे ने भी मेले का अवलोकन करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप अभिभावकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामाग्री उपलब्ध कराने पर बल दिया। मेले में पंजीकृत 555 स्कूली बच्चों के अभिभावकों को पुस्तकों पर 10 से 13 प्रतिशत तथा कॉपियों पर 20 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट प्रदान की गई। मेले में दुकानदारों को लगभग 4 लाख से अधिक की बिक्री हुई। दुकानदारों ने बताया कि वह आगामी समय में भी इसी तरह छूट देते रहेंगे। इस छूट का लाभ उठाते हुए अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मेले में आये एक अभिभावक ने बताया कि मेले में उन्हें कम दामों पर सामग्री मिली। इस आकर्षक छूट के कारण मेले में बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने इसका लाभ उठाया। मेले के दौरान बीएसी मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया, योगेंद्र झारिया, मधुसूदन पटैल, सिराज अहमद सिद्धिकी, लालजी कपाडिया, श्रद्धा राय,मुस्कान यादव, अमित पटैल सहित जनशिक्षक व शिक्षकों द्वारा पंजीयन का कार्य किया गया। इसके साथ ही श्रीमती अर्पणा ब्राउन ने माइक के जरिये पूरी व्यवस्था संभाली। इसके अलावा राजेश दुबे, के के राजोरिया,प्रमोद राय,के बी कौरव, मनमोहन शर्मा,रिनी जैन, रोहित वाल्मीक,विवेक दीक्षित सूरज कहार,कंछेदी धानक, शिबम साहू, कपिल सराठे ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया ।



# दिल्ली में नरसिंहपुर की बेटी की स्वर्णिम दौड़

**नरसिंहपुर।स्वतंत्रमत।** रोशन धौरेलिया वर्ल्ड स्कूल की छात्रा आराध्या जाट ने दिल्ली स्टेट ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता 3 से 5 अप्रैल के बीच जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित हुई।आराध्या ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीत हासिल की।इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने आराध्या को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि आराध्या की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। अगर इसी तरह निरंतर मेहनत जारी रही, तो वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

## शिकायत निवारण समिति की बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले की नगर परिषद साईखेड़ा में शिकायत निवारण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सीवर परियोजना एवं नर्मदा पेयजल योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सांईखेड़ा श्री जय प्रकाश रजक ने बताया कि नगर में जिन घरों में अब तक पानी के कनेक्शन नहीं हो पाए हैं, उन्हें चिन्हित कर शीघ्र कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, ताकि हर घर तक पेयजल उपलब्ध हो सके।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के क्रीड़ा विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर बी सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों हेतु मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नरसिंहपुर जिला चिकित्सालय का सहयोग रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विभिन्न प्रकार की मानसिक हिंसाए उसके प्रभावों तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत काउंसलर मृदुला सोनी एवं क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा बच्चों से संवाद स्थापित कर की गईए जिसमें बच्चों से उनके अनुभवों एवं समझ के बारे में पूछा गया। इसके पश्चात उन्हें सरल एवं सहज भाषा में बताया गया कि हिंसा केवल शारीरिक ही नहीं होतीए बल्कि मानसिकए भावनात्मक एवं मौखिक हिंसा भी उतनी ही हानिकारक होती है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के ग्राम शाहपुर की छात्रा जमना लोधी ने आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह को अवगत कराया कि वह कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत हैं, किन्तु आंखों से कम दिखाई देने के कारण उन्हें पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने छात्रा की समस्या को गंभीरता के साथ सुना और तत्काल मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया।

## जल मंदिर-प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खापा शेढ़ व सिलवानी में आयोजित जल संवाद में जल संरक्षण व संवर्धन पर जोर दिया गया। साथ ही नागरिकों को शीतल जल सहजता से उपलब्ध हो इसके लिए जल मंदिर-प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही नागरिकों को जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने और जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खापा शेढ़ व सिलवानी और नवांकुर संस्था वंदना आदर्श समिति देवनगर पुराना के संयुक्त तत्वावधान में जल संवाद एवं जल मंदिर-प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जल संवाद के दौरान नागरिकों को जल के महत्व को बताते हुए जल का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जल संचय, संरक्षण व संवर्धन के महत्व को समझाया गया।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने ली अशासकीय शालाओं के प्राचार्यो की आवश्यक बैठक



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस स्थानीय पीएमश्री शासकीय बालक उ मा विद्यालय (बीटीआई ) में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा ने क्षेत्र के साईखेडा एवं चीचली ब्लॉक के अशासकीय स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक ली। बैठक में सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, बीईओ वीरेंद्र राजपूत, बीआरसी डी के पटेल, प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, सुनीता पटेल भी साथ रहे। बैठक मे ड़ीईओ श्री कुशवाहा ने कहा की सभी

### हम सभी मिलकर एक सेतु की भांति कार्य करें : डीईओ

शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों से मिलकर स्कूल शिक्षा विभाग संचालित है।

हम सभी मिलकर आपसी सामंजस्य बनाकर एक सेतु की भांति कार्य करें। विभाग के जो भी निर्देश आते है उनका सभी अशासकीय स्कूल जरूर पालन करें। अशासकीय स्कूलों के द्वारा पुस्तकों के प्रकाशन एवं फीस की सूची बाकायदा विभाग को समय पर उपलब्ध कराई जाये एवं स्कूलों के संचालन के दौरान कोई अप्रिय स्थिति न बने इस बात का जरूर ध्यान रखे।

उन्होने बैठक में बताया कि चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे से पुस्तक मेला आयोजित होना है। चीचली ब्लॉक अंतर्गत आने वाले सभी अशासकीय स्कूल इस मेले की जानकारी छात्र छात्राओं के अभिभावकों को अवश्य दें।

# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने समय सीमा की बैठक में की विभागीय योजनाओं अभियानों और प्रगति की समीक्षा

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागीय कार्यों और योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी अधिकारी भ्रमण करेंगे और इसकी जानकारी गूगल फार्म में भरकर उपलब्ध कराएंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम और जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने हर घर नल जल योजना एवं जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत पेयजल की उपलब्धता, जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। पीएचई विभाग को



निर्देशित किया कि पेयजल संबंधी आ रही समस्याओं का निराकरण तत्परता से करें। मैदानी अमले को गांव-गांव जाकर पेयजल संबंधी समस्या का निराकरण करने का निर्देश दे। कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए जल आपूर्ति की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और जल संरक्षण की गतिविधियों को जनभागीदारी के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में भूसा की स्थिति अच्छी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नरवाई जलाने वालो को नोटिस जारी किए जाएं। कनेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में संबल योजना एवं समग्र ई-केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों का शत-प्रतिशत पंजीयन एवं सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने गेहूं उपार्जन के संबंध में केन्द्र निर्धारण, लंबित पेंशन प्रकरणों, किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौशाला प्रबंधन की समीक्षा करते हुए पशुओं की समुचित देखभाल, चारा एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने और प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति, भू-अभिलेख संबंधी कार्यों, शहरी क्षेत्रों में पट्टा वितरण की स्थिति एवं फसल क्षति के आकलन और राहत वितरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करे। उन्होंने जिले में पेट्रोल- डीजल एवं एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने बैठक में पीएम सूर्य घर बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना में अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ा जाए।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ करें।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 263 अ-20(1) सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 24/04/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/124 | 783.5 वर्गफुट | मस्तराम सोनी आ. दुर्गाप्रसाद सोनी सा. मुशरान वार्ड कंदेली | मस्तराम सोनी आ. दुर्गाप्रसाद सोनी सा. मुशरान वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 262 अ-20(1) सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 24/04/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/153 | 1606 वर्गफुट | कैलाशचंद, द्वारकाप्रसाद, प्रकाशचंद उर्फ चंद्रप्रकाश, रामजी भाई पिस. फूलचंद, चंदाबाई, रेवाबाई, शशिबाई पि. फूलचंद सोनी सा. कंदेली | कैलाशचंद, द्वारकाप्रसाद, प्रकाशचंद उर्फ चंद्रप्रकाश, रामजी भाई पिस. फूलचंद, चंदाबाई, रेवाबाई, शशिबाई पि. फूलचंद सोनी सा. कंदेली |

आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर


# नशे के विरूद्ध पुलिस ने पकड़ा लगभग 2 किलोग्राम अवैध गांजा

**एक आरोपी गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध**

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्धआपरेशन ईगल क्ला चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशे विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए वर्ष 2025 में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थो को जप्त कर सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी क्रम में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी, नरसिंहपुर श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में थाना स्टेशनगंज पुलिस टीम को भ्रमण के दौरान एक व्यक्ति नवलगांव तिराहे के पास जैतपुर की ओर से आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर खुद को छुपाने की कोशिश करता प्रतीत हुआ संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उसे पकड़ा गया जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध गांजा जप्त किया गया है। आरोपी न्नन्हूलाल मेहरा पिता गनाराम मेहरा उम्र 58 साल, निवासी ग्राम पिपरिया, थाना मुंगवानी, जिला नरसिंहपुर से जप्त मादक पदार्थ = लगभग 2 किलोग्राम अवैध गांजा (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 40 हजार अनुमानित) धारा 8, 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी स्टेशनगंज, निरीक्षक सौरभ पटेल, उप निरीक्षक संजय सूर्यवंशी आरक्षक नंदकिशोर, आरक्षक दिलीप, सैनिक अंकित, सैनिक रुपेश की भूमिका रही है।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 205 अ-20(1) सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 24/04/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/79 | 1000 वर्गफुट | चंदा सोनी पति चंद्रप्रकाश सोनी निवासी रामवार्ड कंदेली | चंदा सोनी पति चंद्रप्रकाश सोनी निवासी रामवार्ड कंदेली |

आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 260 अ-20(1) सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 24/04/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/99 | 1380 वर्गफुट | विष्णुप्रसाद, विनोद कुमार उर्फ दिनेश कुमार पि. परसराम, प्रदीप कुमार आ. मोहनलाल सोनी सा. कंदेली | विष्णुप्रसाद, विनोद कुमार उर्फ दिनेश कुमार पि. परसराम, प्रदीप कुमार आ. मोहनलाल सोनी सा. कंदेली |

आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 261 अ-20(1) सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 24/04/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/27 | 1800 वर्गफुट | शिवकुमार, रामदास, पिस. कंछेदीलाल सोनी सा. कंदेली | शिवकुमार, रामदास, पिस. कंछेदीलाल सोनी सा. कंदेली |

आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

# कटनी–उमरिया रोड पर सघन वाहन जांच अभियान, 11 वाहन किए जब्त

## ओवरलोडिंग, बिना दस्तावेज़ और बिना फिटनेस वाले वाहनों पर कार्रवाई, परिवहन विभाग की सख्ती

कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में 07 अप्रैल को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल द्वारा कटनी- उमरिया रोड पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना, ओवरलोडिंग पर रोक लगाना तथा बिना वैध दस्तावेजों के संचालित वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करना था। सुबह से शुरू हुए इस अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने लगातार निगरानी करते हुए मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को रोककर उनकी बारीकी से जांच की। अभियान के दौरान लगभग 48 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 11 वाहन नियम विरुद्ध संचालित होते पाए गए। इन सभी वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें थाना कुठियाला में सुरक्षित रखा गया, जबकि एक वाहन को थाना बड़वारा में सुरक्षित रखा गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि कई वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर सड़क पर चल रहे थे, जो न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। टीम ने विशेष रूप से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर ध्यान केंद्रित किया। कार्रवाई में तीन वाहन गिट्टी से ओवरलोड पाए गए, जिनमें निर्धारित सीमा से अधिक सामग्री भरी गई थी। इसी



प्रकार तीन वाहन रेत से लदे हुए मिले, जो बिना उचित अनुमति और ओवरलोडिंग की स्थिति में संचालित हो रहे थे। इसके अतिरिक्त एक वाहन बॉक्साइट से लदा हुआ पाया गया, जो नियमों के विपरीत संचालित हो रहा था। अभियान के दौरान दो वाहन मुरम से लदे हुए पाए गए, जिनमें आवश्यक दस्तावेजों की कमी के साथ ओवरलोडिंग की स्थिति भी सामने आई। वहीं दो वाहनों में कोयला परिवहन किया जा रहा था, लेकिन वे भी नियमों के अनुरूप नहीं थे और आवश्यक अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके अलावा एक वाहन बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालित होता पाया गया, जो सड़क सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत गंभीर मामला माना गया। बिना फिटनेस के वाहन सड़क पर चलना दुर्घटनाओं की संभावना को बढ़ाता है, इसलिए विभाग ने इस पर सख्ती दिखाते हुए वाहन को जब्त कर लिया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने बताया कि ओवरलोडिंग और बिना फिटनेस के वाहन संचालन से सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं और दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं बल्कि वाहन चालकों और मालिकों को नियमों के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सामग्री का परिवहन करें और सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा तथा ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखें। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए समझाइश भी दी। कई वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए भविष्य में नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। विभाग ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के सघन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि सड़क सुरक्षा को मजबूत किया जा सके और अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। स्थानीय प्रशासन ने भी इस कार्रवाई को आवश्यक बताया और कहा कि ओवरलोडिंग के कारण सड़कों की स्थिति खराब होती है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नियमित जांच अभियान चलाकर नियमों का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी कटनी जिले के विभिन्न मार्गों पर इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस सघन जांच अभियान से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने सभी वाहन संचालकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित और नियमबद्ध परिवहन व्यवस्था ही दुर्घटनाओं को कम कर सकती है और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है।



# स्मरण उत्सव के रूप में मनाया गया पूर्व कैबिनेट मंत्री कर्मयोगी पंडित सत्येंद्र पाठक जन्मदिन

कटनी (स्वतंत्रमत)

पूर्व कैबिनेट मंत्री कर्मयोगी स्वर्गीय पंडित सत्येंद्र पाठक का जन्मदिन 7 अप्रैल को स्मरण दिवस के रूप में मनाया गया। कर्मयोगी स्वर्गीय पंडित सत्येंद्र पाठक के जन्मदिन के अवसर पर पाठक वार्ड स्थित शांति निवास पर उनके सुपुत्र पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने जनता दरबार लगा कर कर्मयोगी पंडित सत्येंद्र पाठक के कार्यों का स्मरण करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के प्रयास किए। शांति निवास पर सुबह 11 बजे स्मरण उत्सव की शुरुआत पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने अपने पूज्य पिता पूर्व कैबिनेट मंत्री कर्मयोगी स्वर्गीय पंडित सत्येंद्र पाठक के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए की। इसके बाद पारिवारिक सदस्यों और समर्थकों व शुभ चिंतकों ने भी कर्मयोगी पंडित सत्येंद्र पाठक को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनका पुण्य स्मरण किया। इसके बाद पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक दोपहर 3 बजे तक स्मरण उत्सव पर शामिल विधानसभा क्षेत्र के लोगों व शहरवासियों की समस्या सुन कर उनके निराकरण के प्रयास करते रहे।

**जिलेवासियों को शीघ्र मिलेगा सर्व सुविधा युक्त अस्पताल**– स्मरण उत्सव पर मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कहा कि उनके द्वारा पूज्य पिता पूर्व कैबिनेट मंत्री कर्मयोगी स्वर्गीय पंडित सत्येंद्र पाठक की स्मृति में जिला अस्पताल परिसर में बनाया जा रहा सर्व सुविधा युक्त अस्पताल भवन का कार्य अंतिम दौर में है, कार्य पूर्ण होने के बाद नवनिर्मित भवन अस्पताल प्रशासन को सौंप दिया जाएगा। जिसके बाद सर्व सुविधा युक्त अस्पताल भवन आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

**चुनाव के पहले फिर लेंगे जनादेश**– मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पूर्व एक बार फिर विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपने स्तर पर चुनाव करा कर जनादेश लेंगे और 51 प्रतिशत से कम मत मिलने पर इस्तीफा दे देंगे।

# महाविद्यालय में हुआ मानसिक स्वास्थ्य पर एक विशेष कार्यक्रम

कटनी (स्वतंत्रमत)

शासकीय कन्या महाविद्यालय में 07 अप्रैल को मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के महत्व को रेखांकित करते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आदेश के अनुपालन में संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि चतुर्वेदी के संयोजन में आयोजित इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उनके कल्याण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में दो प्रमुख गतिविधियाँ सम्मिलित थीं- पहला, मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण संबंधी व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करना तथा दूसरा, साइकोलॉजिकल काउंसलिंग कैंप के अंतर्गत मिनी गेम गतिविधियों का आयोजन। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों को



समस्या के रूप में नहीं, बल्कि अवसर के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने तथा समस्याओं के समाधान की ओर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने मिनी गेम के माध्यम से छात्राओं को रचनात्मक तरीके से समस्या समाधान, तनाव प्रबंधन तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने की उपयोगी तकनीकें सिखाईं। इन गतिविधियों ने छात्राओं को तनाव मुक्त होने के साथ-साथ एक-दूसरे के साथ जुड़ने का सुंदर अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। डॉ. अमिताभ पांडेय, डॉ. आर.के. गुप्ता, के.जे. सिन्हा, बंदना मिश्रा, डॉ. वीणा सिंह, शिल्पी सिंह, डॉ. अर्पित द्विवेदी, डॉ. अशोक शर्मा, भीम बर्मन, प्रेमलाल कोवरे, प्रियंका सोनी, स्मृति दहायत, मीनाक्षी वर्मा, डॉ. सोनिया कश्यप, अंजनेय तिवारी, डॉ. पी.सी. कोरी, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. अनिल द्विवेदी, डॉ. अशुतोष द्विवेदी, डॉ. रंजना वर्मा, डॉ. श्रद्धा वर्मा, डॉ. मैत्रेयी शुक्ला, डॉ. अपर्णा मिश्रा, डॉ. मदन सिंह मरावी, पूजा सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# जनहित में महापौर की एक और पहल

## सालाना जलकर जमा करने पर एक माह की छूट के साथ ही ओटीएस योजना में बकाया अधिभार पर मिलेगी भारी छूट

कटनी (स्वतंत्रमत)

नगर निगम कटनी क्षेत्र के हजारों जलकर उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। महापौर प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में मेयर इन काउंसिल की बैठक में जलकर पर लगने वाले चक्रवृद्धि ब्याज को समाप्त कर उसकी जगह मात्र 15 प्रतिशत साधारण ब्याज लागू करने का ऐतिहासिक प्रस्ताव अनुमोदित करते हुए निगम सम्मिलन के समक्ष स्वीकृति हेतु पेश कर दिया गया है। विदित हो कि पूर्व में भी वर्ष 2013 में पूर्व महापौर निर्मला पाठक और परिषद द्वारा उक्त संबंध में निर्णय लिया गया था, किन्तु सक्षम आदेश जारी न होने के कारण इसका क्रियान्वयन संभव नहीं हो सका। नगर निगम के सभी उपभोक्ताओं को जो सुविधा 2013 में मिलते-मिलते रह गई थी अब वह महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं एमआईसी सदस्यों के प्रयासों से जल्द मिल सकने की उम्मीद जागी है।

### जनभावनाओं का सम्मान करते हुए लिया निर्णय

महापौर की मौजूदगी में आयोजित हुई



एमआईसी की बैठक में जलकर व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। लंबे समय से नागरिकों द्वारा चक्रवृद्धि ब्याज के कारण बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर पीड़ा जाहिर की जा रही थी। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मेयर इन काउंसिल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए यह बड़ा निर्णय लेकर प्रस्ताव को अनुमोदित किया है। यह निर्णय केवल राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवस्था सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रस्ताव के तहत प्रमुख रूप से बकाया जलकर पर चक्रवृद्धि ब्याज समाप्त करने, केवल 15 प्रतिशत साधारण ब्याज लागू करने, हर वर्ष अप्रैल में 12 माह का अग्रिम जलकर भुगतान करने पर 1 माह की छूट प्रदान करने, 31 अगस्त 2026 तक एकमुश्त भुगतान करने पर बकाया अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करने जैसे जनहितैषी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। जनता की पीड़ा लगातार शिकायत प्राप्त होने के बाद महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह जनभावनाओं के अनुरूप है। अन्य नगर निगमों के नियमों का अध्ययन करने के बाद ही यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। परिषद से अंतिम स्वीकृति मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और लंबित वसूली में भी तेजी आएगी। बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, जय नारायण निषाद, बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा एवं तुलसा गुलाब बेन सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नागरिकों की मांग का रखा गया पूर्ण ध्यान

जल प्रदाय समिति के प्रभारी सदस्य उमेन्द्र अहिरवार ने बताया कि वर्ष 2013 में तत्कालीन परिषद द्वारा लिए गए निर्णय तथा वर्तमान में नागरिकों द्वारा लगातार की जा रही मांगों सहित उनके आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके लागू होते ही उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। यह निर्णय केवल वित्तीय सुधार नहीं, बल्कि नागरिकों के प्रति संवेदनशील प्रशासन का उदाहरण है। इससे न केवल आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि नगर निगम और नागरिकों के बीच विश्वास भी मजबूत होगा।

# एनकेजे क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान

कटनी (स्वतंत्रमत)

एनकेजे क्षेत्र में जगजीवन राम वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, शिवाजी वार्ड एवं रामकृष्ण परमहंस वार्ड का व्यापक दौरा किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसंवाद एवं संपर्क अभियान के माध्यम से आमजन से जुड़कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं उनके समाधान हेतु आश्वस्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना एवं अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना रहा। दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली, सभी ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। प्रत्येक वार्ड में सुव्यवस्थित ढंग से वार्ड कमेटियों का गठन किया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं



वरिष्ठजनों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई तथा उनके नेतृत्व में 25-25 सदस्यों की सशक्त एवं सक्रिय टीम का गठन कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती ही जनता की आवाज को बुलंद करने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे निरंतर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहकर आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहें। ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने एवं जन-जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने पर जोर दिया। उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ता: एड. अमित शुक्ला, राजेश जाटव, कमल पांडे, चोखे भाईजान, दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता, इस्तियाक अहमद, सुरेंद्र कुमार, मो. रईस खान, निजामुद्दीन अंसारी, विनीत जायसवाल, शेख शाह जहां, नगदी विरहा, मो. अख्तूर खान, मो. सरताज, मो. गुलजार खान, संदीप हांडा, नरेश कुमार रजक, मुकेश तिवारी, शरीफ खान, मो. अनीश, राजेश चावरे, बसंत सिंह, सुनील कुमार श्रीवास एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवा संगम के आयोजन में कटनी जिला मध्यप्रदेश में प्रथम



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शासकीय तौर पर रोजगार मेलों का आयोजन कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के मामले में कटनी जिला प्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रथम स्थान पर है। राज्य शासन के रोजगार आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन कर आकांक्षी युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में कलेक्टर द्वारा दिये गये बहुमूल्य योगदान की प्रशंसा किया है। रोजगार आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गिरीश शर्मा ने कलेक्टर को प्रेषित प्रशंसा पत्र में उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुये कहा है कि आपके नेतृत्व में किया गया कार्य प्रशंसनीय है, भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा है। जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले के व्यापक आयोजन के मामले में कटनी जिला प्रदेश में अव्वल स्थान पर है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 10 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें 2 हजार 894 बेरोजगार युवाओं का प्रारंभिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर वितरित किया गया।

# शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर 3 अधिकारियों को नोटिस

## अवैध रेत की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित

कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर तीन अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने उपसंचालक खनिज तथा सहकारिता बैंक नोडल अधिकारी जयति बिलथारिया और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय सीमा में आवेदन निराकरण न करने पर तहसीलदार स्लीमनाबाद आकाशदीप नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हररिमनप्रीत कौर सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने पीएम सोलर योजना के लक्ष्य पूर्ण करने हेतु विद्युत विभाग को इच्छुक उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर वेंडर्स से साझा करने के निर्देश दिए। वहीं कृषि विभाग को सोलर पंप योजना में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु वेंडर्स बैठक आयोजित करने को कहा। कलेक्टर ने सीमांकन, बंटवारा एवं फार्मर आईडी रजिस्ट्री कार्यों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरण शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। वनाधिकार पट्टों से जुड़े फौती प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा समग्र ई-केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। जिला श्रम अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि संबल योजना के अंतर्गत 13 हजार आवेदन लंबित हैं, जिस पर पात्र हितग्राहियों के शीघ्र पंजीयन स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। जनगणना-2027 की तैयारी के तहत सभी तहसीलों में मकान नंबरिंग कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने खनिज विभाग को एसडीएम के नेतृत्व में अवैध रेत से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। बैठक में खेल, ऊर्जा, पीडब्ल्यूडी, स्कूल शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, श्रम, आदिम जाति कल्याण, पीएचई, सामाजिक न्याय एवं



खाद्य विभाग की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना एवं जननी सुरक्षा योजना से संबंधित शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए। हॉर्टीकल्चर योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने हेतु एसडीएम की अध्यक्षता में क्लस्टरवार किसान बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर स्वयं इन बैठकों का औचक निरीक्षण करेंगे। एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए सभी बीएमओ को अभियान तेज करने तथा शिक्षा विभाग को स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिले में अवैध उत्खनन एवं रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए विशेष रात्रि जांच अभियान चलाया। सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा के नेतृत्व में जांच दल ने बिना वैध दस्तावेज रेत परिवहन करते दो वाहनों (एमपी-21-जी-1800 एवं यूपी-95-बी-2327) को जब्त किया। दोनों वाहन एनकेजे थाना परिसर में खड़े कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने अवैध खनन पर लगातार कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी है। विकासखंड बड़वारा के ग्राम बरमानी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निर्मित खेत तालाब जल संरक्षण और ग्रामीण आजीविका का सफल उदाहरण बनकर उभरा है। हितग्राही पार्वती के खेत में बने तालाब से सिंचाई सुविधा बढ़ी है तथा मछली पालन और अन्य आयवर्धक गतिविधियों की संभावनाएं विकसित हुई हैं। 2.38 लाख रुपये स्वीकृत लागत वाले इस कार्य से 3136 मानव दिवस रोजगार सृजित हुए। अधिकारियों ने इसे जल संरक्षण का उत्कृष्ट मॉडल बताया।

### जल संरक्षण के लिए नारा लेखन से जागरूकता

जन अभियान परिषद के निर्देशन में बहोरीबंद विकासखंड के पटना मढ़िया सेक्टर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नारा लेखन कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

**हिरवारा में चौपाल, रैली और दीवार लेखन से दिया जल बचाने का संदेश**– ग्राम हिरवारा में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत चौपाल, जागरूकता रैली एवं दीवार लेखन कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जल स्रोत संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# गुजरात को जीत की तलाश

## दिल्ली की नजरें जीत की हैट्रिक पर

नयी दिल्ली (वार्ता)।

आईपीएल 2026 के बुधवार के मुक़ाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना गुजरात टाइटंस (जीटी) से दिल्ली में होगा। जहां डीसी को अपने शुरुआती दो मैचों में जीत मिली है, वहीं जीटी को अभी भी अपनी पहली जीत का इंतज़ार है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मैचों में जीटी 4-3 से आगे है। पिछले आईपीएल के दो मैचों में जीटी को दोनों में जीत मिली है, वहीं दिल्ली में भी दोनों टीमों के बीच खेले गए तीन मैचों में जीटी 2-1 से आगे है।



### राहुल को रहना होगा रबाडा और प्रसिद्ध से सावधान

केएल राहुल के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत कुछ ख़ास नहीं रही है और दो मैचों में उनका स्कोर 0 और 1 का है। राहुल का यह ख़राब फ़ॉर्म जीटी के ख़िलाफ़ मैच में भी जारी रह सकता है क्योंकि जीटी के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा उन्हें परेशान करते हैं। प्रसिद्ध अपने राज्य के साथी को सात पारियों में तीन जबकि रबाडा भी उन्हें 12 पारियों में तीन बार आउट कर चुके हैं। राशिद ख़ान ने भी राहुल को तीन बार आउट किया है, जिसका मतलब है कि अगर राहुल टिक भी जाते हैं तो भी पावरप्ले के बाद उन्हें परेशान करने वाला कोई है।

### एनगिडी कर सकते हैं जीटी के शीर्ष क्रम को परेशान

भारत में हुए टी20 विश्व कप से ही लुंगी एनगिडी शानदार फ़ॉर्म में हैं और अपनी स्लोअर गेंदों से बल्लेबाज़ों को परेशान करने की कला को उन्होंने आईपीएल 2026 में भी जारी रखा है। एनगिडी जीटी के ख़िलाफ़ भी अपनी स्लोअर गेंदों का जादू दिखा सकते हैं। जीटी के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को उन्होंने चार पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि गिल उन पर सिर्फ़ 88 के स्ट्राइक रेट से सात रन ही बना पाए हैं। बटलर को भी एनगिडी ने तीन बार आउट किया है, हालांकि बटलर उन पर 161 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। बटलर को अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की अनुभवी स्पिन जोड़ी भी परेशान करती है और दोनों उन्हें दो-दो बार आउट कर चुके हैं। बटलर दोनों स्पिनरों पर सिर्फ़ 132 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

### मिलर का तोड़ राशिद के पास है

डेविड मिलर को डीसी ने इस बार फ़िनिशर के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है, लेकिन राशिद उनको अंतिम ओवरों में परेशान करने की कुव्वत रखते हैं। जीटी के अपने पूर्व साथी को राशिद ने चार बार आईपीएल में आउट किया है, जबकि मिलर, राशिद पर सिर्फ़ 119 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सिराज और रबाडा ने भी मिलर को दो-दो बार आउट किया है और इन दोनों के ख़िलाफ़ भी मिलर का स्ट्राइक रेट सिर्फ़ 100 और 119 का है।

### फिलिप्स कैसे करेंगे डीसी के स्पिनरों का सामना

मिलर की तरह ग्लेन फ़िलिप्स को जीटी ने अपनी टीम में फ़िनिशर के तौर पर शामिल किया है, लेकिन उन्हें स्पिन खेलने की कला सीखना होगा। टी20 विश्व कप से लेकर अब तक भारत में खेली गई अपनी छह टी20 पारियों में फ़िलिप्स चार बार स्पिनरों के ख़िलाफ़ आउट हुए हैं। कुलदीप और अक्षर दोनों, फ़िलिप्स को पांच पारियों में चार-चार बार आउट कर चुके हैं, जो कि लगभग एक परफ़ेक्ट रिकॉर्ड है।

# पलक और मुकेश ने भारत को दिलाया पहला स्वर्ण

**ग्रेनाडा (स्पेन) (वार्ता)।** भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। पलक और मुकेश नेलावल्लि की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम फाइनल में विश्व चैंपियन चीन के हू काई और कियानशुन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह मुकाबला मंगलवार को लास गाबियास शूटिंग रेंज में खेला गया। 20 वर्षीय भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 487.7 का विश्व रिकॉर्ड स्कोर किया, जबकि 21 वर्षीय चीनी जोड़ी 484.8 तक ही पहुंच सकी। हंगरी की वेरोनिका मेजर और आकोस कारोली नागी की जोड़ी ने 414.9 के साथ कांस्य पदक जीता। इस जीत को और खास बनाता है कि मुकेश का यह सीनियर टीम में पदार्पण था। इस जोड़ी ने अपने प्रदर्शन से जूनियर विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। एशियन गेम्स की पूर्व चैंपियन पालक ने मुकाबले के बाद कहा, हम वही कर पाए जो करने आए थे। यह टीम के रूप में हमारी पहली प्रतियोगिता थी। हमारे पास फाइनल के लिए स्पष्ट रणनीति थी और हम शॉट दर शॉट अपने खेल पर ध्यान दे रहे थे। मुकेश ने मुस्कुराते हुए कहा, च्हमने मजा किया। मैं तो असल में पलक से ही मुकाबला कर रहा था। मुझे लगा कि मुझे उससे बेहतर करना है। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने कठिन क्वालिफिकेशन राउंड में 581 का संयुक्त स्कोर बनाकर 42 टीमों के बीच दूसरा स्थान हासिल किया। वे चीनी जोड़ी से पांच अंक पीछे रहे। मुकेश ने खास तौर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 शॉट्स में 294 का स्कोर किया, जिसमें 24 शॉट्स 10 रिंग में लगे। हंगरी (580) तीसरे स्थान पर रही, जबकि अमेरिका की



नथालिया टोबार प्राडो और निकोलाउस मोवरेर (578) चौथे स्थान पर रहे। दूसरी भारतीय जोड़ी सैंयम और उज्ज्वल मलिक 576 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रही और पदक की दौड़ से दो अंकों से चूक गई। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन जोड़ी जोराना अरुनोविच और दामिर मिकेक 577 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रही, जबकि पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता तुर्किये की सेव्वाल तरहान और यूसुफ डिकेच की जोड़ी 572 के स्कोर के साथ 19वें स्थान पर रही। पलक और मुकेश ने फाइनल की शुरुआत दो उच्च 9 के साथ की और पहले पांच शॉट्स के बाद 100.1 का स्कोर बनाकर 0.4 अंकों की मामूली बढ़त ले ली। इसके बाद दोनों अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर आए। मुकेश के आठवें शॉट पर 10.8 ने बढ़त को 2.6 तक पहुंचा दिया। पलक ने 51.3 और मुकेश ने 51.6 का शानदार स्कोर किया।तीसरी सीरीज में मुकेश ने 11वें शॉट पर 10.8 और 15वें शॉट पर 10.7 लगाकर भारत की बढ़त 4.3 तक कर दी, जबकि हंगरी काफी पीछे रह गया। 18वें शॉट के बाद अमेरिकी जोड़ी बाहर हो गई, वहीं चीनी जोड़ी ने अंतर कम करने की कोशिश की, लेकिन अंतिम तीन शॉट्स से पहले भी भारत 2.6 अंकों से आगे था।

# एआईएफएफ ने गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भारत के पूर्व फॉरवर्ड गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका 3 अप्रैल को गुवाहाटी में निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। असम के एक जाने-माने फॉरवर्ड, गिलबर्टसन संगमा ने 1975 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 17 अप्रैल, 1975 को जकार्ता में आयोजित मारा हलीम कप में इंडोनेशिया के खिलाफ अपने सीनियर राष्ट्रीय टीम करियर की शुरुआत की थी। संगमा ने भारत के लिए कुल तीन मैच खेले, और ये सभी मैच इसी टूर्नामेंट के दौरान खेले गए थे। घरेलू स्तर पर, संगमा ने 1972 से 1980 तक संतोष ट्रॉफी में असम के लिए लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया इस दौरान राज्य की टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने प्रतियोगिता में कुल चार गोल किए। क्लब स्तर पर, उन्होंने 1972 से 1982 तक असम पुलिस टीम का प्रतिनिधित्व किया, और वे उस टीम का हिस्सा थे जिसने 1981 में बरदोलोई ट्रॉफी जीती थी। संगमा ने फाइनल मुकाबले में डेम्पो के खिलाफ निर्णायक गोल दागा था, जिससे उनकी टीम ने यह खिताब अपने नाम कर लिया था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त करने में पूरे भारतीय फुटबॉल जगत के साथ शामिल है, और खेल के प्रति उनके योगदान को नमन करता है।

# मीनाक्षी और जैस्मीन का जलवा

## छह महिला मुक्केबाज फाइनल में

उलानबटार (वार्ता)।



एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में भारत का शानदार अभियान जारी रहा, जिसमें कुल आठ मुक्केबाज-छह महिलाएं और दो पुरुष-फाइनल में पहुंच गए। मंगलवार को महिलाओं के सेमीफाइनल में मीनाक्षी और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि पुरुषों की श्रेणी में विश्वनाथ सुरेश और सचिन ने अपने दमदार प्रदर्शन से इस संख्या को और बढ़ाया। महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में, मीनाक्षी ने थाईलैंड की थिप्सत्चा योदवारी पर 4-1 से आत्मविश्वास भरी जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली। फाइनल में उनका साथ देते हुए, जैस्मीन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में उज्बेकिस्तान की निगीना उक्तामोवा को एक कड़े मुकाबले में 3-2 के फैसले से हराया। पुरुषों के वर्ग में, विश्वनाथ सुरेश (50 किलोग्राम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुथैफा एशिश को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सचिन (60 किलोग्राम) ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड के सकदा रुआमथम पर 4-1 से ठोस जीत दर्ज कर सभी को प्रभावित किया।

अन्य परिणामों में, आकाश उज्बेकिस्तान के जावोखिर अब्दुरखिमोव से 1-4 से हार गए। लोकेश उज्बेकिस्तान के जसरबेक युल्डोशेव के खिलाफ 0-5 से हार गए। नरेंद्र को चीन के बायिकेवुज़ी दानाबिएके के हाथों 1-4 से हार का सामना करना पड़ा; यह मुकाबला पहले ही राउंड में चोट (कट) लगने के कारण रोक दिया गया था। हर्ष चौधरी भी ताजिकिस्तान के परविज़ करीमोव से 1-4 से हार गए। अब भारत इन शानदार प्रदर्शनों को स्वर्ण पदक में बदलने की उम्मीद करेगा, क्योंकि कई मुक्केबाज फाइनल मुकाबलों के लिए कमर कस रहे हैं।

महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में, मीनाक्षी का मुकाबला मंगोलिया की नोमुंडारी एनख-अमगालन से होगा। जैस्मीन 57 किलोग्राम वर्ग के खिताबी मुकाबले में थाईलैंड की पुनरावी रुएनरोस का सामना करने के लिए तैयार हैं। भारतीय मुक्केबाजों से जुड़े अन्य अहम फ़ाइनल मुकाबलों में, प्रीति (54किग्रा) का सामना चीनी ताइपे की हुआंग शियाओ-वेन से होगा, जबकि प्रिया (60किग्रा) नॉर्थ कोरिया की उन ग्योंग वॉन से भिड़ेंगी।

# ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग वनडे रैंकिंग में टॉप पर



**दुबई (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलिया के कैरेबियन दौरे के दौरान शानदार प्रदर्शन की बदौलत अलाना किंग आईसीसी महिला वनडे बॉलिंग रैंकिंग में फिर से टॉप पर पहुंच गई हैं। किंग ने सेंट किट्स में अपने आखिरी मैच में पांच विकेट लिए, जिससे मंगलवार को जारी ताज़ा रैंकिंग में वह इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन से आगे निकल गईं। इस लेग-स्पिनर (753) ने मार्च में रैंकिंग में टॉप पर एक्लेस्टोन के लगभग चार साल के दबदबे को खत्म कर दिया था, हालांकि पिछले हफ्ते की रैंकिंग में वह इंग्लैंड की इस लेफ्ट-आर्म ऑर्थोडॉक्स स्पिनर से पीछे रह गई थीं। 30 साल की इस खिलाड़ी ने बासेटेरे के वार्नर पार्क में 5/19 (10) के शानदार आंकड़े के साथ मैच खत्म किया। उन्होंने 44 डॉट गेंदें फेंकीं, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट से जीत हासिल की और 3-0 से सीरीज़ अपने नाम कर ली। आईसीसी के अनुसार, उनके इस प्रदर्शन की बदौलत वह ऑलराउंडर रैंकिंग (281) में एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गईं और इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट (280) को पीछे छोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर, न्यूज़ीलैंड की बल्लेबाज़ों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज़ में उनके बल्ले से खूब रन निकले।

# चावल-गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नयी दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव टूट गया। गेहूं में भी नरमी देखी गयी। चीनी की कीमत गत दिवस के स्तर पर अपरिवर्तित रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 11 रुपये घटकर 3,845 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं पांच रुपये सस्ता हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। तुअर दाल औसतन 15 रुपये और चना दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल में 16 रुपये की गिरावट रही। उड़द दाल और मसूर दाल की कीमत कमोबेश गत दिवस के स्तर पर पड़ी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 45 रिंगिट गिरकर 4,766 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 70.39 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 43 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।



वनस्पति 25 रुपये मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल और सोया तेल भी सात-सात रुपये महंगे हुए। सरसों तेल 48 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मूंगफली तेल के दाम स्थिर रहे। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी गत दिवस के स्तर पर टिकी रही।दाल चना 7685.36 रुपये, मसूर काली 8072.93 रुपये, मूंग दाल 10141.85 रुपये, उड़द दाल 10787.36 रुपये, तुअर दाल 11272.35 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2779.81 रुपये और चावल 3844.87 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3268.86 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4300.46 रुपये और गुड़ 4979.16 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# मॉर्गन स्टेनली ने भारत की वृद्धि का अनुमान घटाया




**नई दिल्ली (वार्ता)।** पश्चिम एशिया और पश्चिमी देशों की कठिन परिस्थितियों के मद्देनज वित्त और निवेश के कारोबार में लगे वैश्विक संगठन मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले संगठन ने 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया था। मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 95 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहेगी तथा गैस की उपलब्धता एक अतिरिक्त बाधा होगी। मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की बढ़ती कीमत और औद्योगिक आपूर्ति में कमी से उत्पादन के संसाधनों की लागत बढ़ रही हैं और चुनिंदा वस्तुओं के उत्पादन में कटौती करनी पड़ रही है। रुपये की कमजोरी के बीच आयातित महंगाई बढ़ रही है। मॉर्गन स्टेनली ने आगे कहा कि उत्पादन की उच्च लागत, मुद्रा की कमजोरी और खाद्य/मुख्य वस्तुओं की कीमतों में मजबूती के कारण वित्त वर्ष 27 में औसत खुदरा मुद्रास्फीति साल-दर-साल आधार पर बढ़कर 5.1 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि तेल की ऊंची कीमतों के कारण वित्त वर्ष 2026-27 में चालू खाते का घाटा (कैड) प्रतिशत लगभग 1.50 अंक बढ़कर जीडीपी के लगभग 2.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने कहा है, च्हाल के वर्षों में पूंजी प्रवाह वित्तपोषण की जरूरतों से पीछे रहा है।

# आज से महंगे होंगे एयर इंडिया के टिकट

नयी दिल्ली (वार्ता)।

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बुधवार 08 अप्रैल से टिकट पर ईंधन शुल्क बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देश में और वैश्विक स्तर पर विमान ईंधन की कीमतों में पिछले कुछ समय में आयी तेजी को देखते हुए ईंधन शुल्क बढ़ाना अनिवार्य हो गया था। घरेलू मार्गों पर 08 अप्रैल या उसके बाद बुक करायी गयी टिकटों पर पांच सौ किमी तक की दूरी के लिए 299 रुपये ईंधन शुल्क लगेगा। इससे अधिक और एक हजार किमी तक की दूरी के लिए ईंधन शुल्क 399 रुपये रखा गया है। एयरलाइंस ने बताया कि एक हजार किमी से अधिक और डेढ़ हजार किमी तक की उड़ानों पर 549 रुपये तथा डेढ़ हजार किमी से अधिक और दो हजार किमी तक की उड़ानों के लिए प्रति यात्री 749 रुपये का ईंधन शुल्क लगाया जायेगा। वहीं, 2000 किमी से अधिक की दूरी के लिए 899 रुपये ईंधन शुल्क होगा। इससे पहले एयर इंडिया ने सभी घरेलू मार्गों पर पहली बार 12 मार्च से 399 रुपये का ईंधन शुल्क लगाया था। बुधवार 08 अप्रैल से दक्षेस के देशों (बंगलादेश को छोड़कर) के लिए ईंधन शुल्क 24 डॉलर, पश्चिम एशिया के लिए 50 डॉलर, चीन और दक्षिण पूर्व एशिया (सिंगापुर को छोड़कर)




के लिए 100 डॉलर, सिंगापुर के लिए 60 डॉलर और अफ्रीकी देशों के लिए 130 डॉलर प्रति यात्री तय किया गया है। वहीं, 10 अप्रैल से यूरोप (ब्रिटेन सहित) के लिए 205 डॉलर और उत्तरी अमेरिका तथा ऑस्ट्रेलिया के लिए 280 डॉलर का ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की गयी है।

### रुपया 16 पैसे टूटा

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को 16 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 93.06 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 28 पैसे की मजबूती के साथ 92.90 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपये पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह 15 पैसे गिरकर 93.05 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। बीच कारोबार में यह ऊपर 92.87 रुपये और नीचे 93.12 रुपये प्रति डॉलर तक गया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली ने रुपये पर दबाव बनाया।

# चुनौतियों के बीच भारत में ऑफिस के पट्टे का बाजार रिकार्ड स्तर पर : नाइट फ्रैंक इंडिया

नयी दिल्ली (वार्ता)।

भू-सम्पत्ति बाजार की परामर्श सेवा कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार भूराजनीतिक तनावों के बीच 2026 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में भारत के ऑफिस मार्केट ने लीजिंग में नया तिमाही रिकॉर्ड बनाया और प्रमुख बाजारों में ऑफिस लीजिंग करीब तीन करोड़ वर्ग फुट ( 2.99 करोड़ वर्ग फुट) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गयी। यह जनवरी-मार्च 2025 में बने पिछले रिकॉर्ड से छह प्रतिशत



अधिक और वर्तमान भूराजनीतिक तनावों के बीच बावजूद एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नाइट फ्रैंक इंडिया ने मंगलवार को जारी अपनी नवीनतम रिपोर्ट इंडिया रियल एस्टेट मार्केट- ऑफिस एंड रेसिडेंशियल में बताया कि इस दौरान ऑफिस की जगह के कुल पट्टों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भारत में वैश्विक कारोबार के लिए स्थापित किये जाने वाले क्षमता केंद्रों (जीसीसी) की हिस्सेदारी 48 प्रतिशत (1.44 करोड़ वर्ग फुट) रही। कुल पट्टों में प्रथम ग्रेड (ए) परिसंपत्तियों का लीजिंग गतिविधि में 93 प्रतिशत है। पहली तिमाही में बेंगलुरु 92 लाख वर्ग फुट के साथ सबसे बड़ा ऑफिस लीजिंग बाजार बना रहा, जबकि हैदराबाद (59 लाख वर्ग फुट), मुंबई (56 लाख वर्ग फुट) और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) (40 लाख वर्ग फुट) के मजबूत प्रदर्शन ने लीजिंग को अधिक संतुलित बनाया।

# लिवाली से शेयर बाजारों में तेजी

## निफ्टी 23 हजार के पार

मुंबई (वार्ता)।



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी देखी गयी और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक करीब दो सप्ताह के बाद 23 हजार अंक के पार बंद हुआ। शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौट आयी। सुबह के कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स एक समय 800 अंक से ज्यादा लुढ़क गया था, लेकिन दोपहर बाद कम कीमत पर हुई लिवाली से यह हरे निशान में लौट गया। सेंसेक्स अंत में 509.73 अंक (0.69 प्रतिशत) चढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 23,123.65 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 25 मार्च के बाद का उच्चतम स्तर है। मझौली कंपनियों में तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। वहीं, स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.06 प्रतिशत फिसल गया।

आईटी कंपनियों में दोपहर बाद लिवाली तेज होने से बाजार को समर्थन मिला। धातु, रियलटी, एफएमसीजी, निजी बैंकों और मीडिया कंपनियों के समूहों में भी तेजी रही। वहीं, सार्वजनिक बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह गिरावट में रहे। एनएसई में जिन 3,314 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 2,082 के शेयरों में तेजी रही जबकि 1,147 कंपनियों के शेयर टूट गये। अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 2.77 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टीसीएस में 2.68 फीसदी, इंफोसिस में 2.60, भारती एयरटेल में 2.22, टेक महिंद्रा में 1.58, सनफार्मा में 1.43, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.30, आईटीसी में 1.27, आईसीआईसीआई बैंक में 1.21 और टाटा स्टील में 0.99 प्रतिशत की तेजी रही।

मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। इंडिगो, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयर गिरावट में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंग सेंग 0.70 प्रतिशत गिर गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26 प्रतिशत नीचे था।

# इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री बीते वित्त वर्ष में दो लाख के करीब पहुंची

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वित्त वर्ष 2025-26 में देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री 83.63 प्रतिशत उछलकर 1,99,923 इकाई पर पहुंच गयी। वाहन डीलरों के संगठन फाडा द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स एक बार फिर सबसे आगे रही। उसकी बिक्री 36 प्रतिशत बढ़कर 78,811 इकाई पर पहुंच गयी। सबसे लंबी छलांग महिंद्रा ने लगायी जिसकी बिक्री 407 प्रतिशत बढ़कर 42,721 इकाई हो गयी। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की बिक्री 74 फीसदी की वृद्धि के साथ 53,089 इकाई रही। खास बात यह रही कि यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी एक साल पहले के 2.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.2 प्रतिशत पर पहुंच गयी। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 देश की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की यात्रा में उल्लेखनीय साल रहा। दुपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन और वाणिज्यिक वाहन मिलाकर तकरीबन 24.52 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बिके जो एक साल पहले के मुकाबले 24.6 प्रतिशत अधिक है। हर खंड में दहाई दर से वृद्धि हुई है। इलेक्ट्रिक दुपहिया की बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 14,01,818 इकाई पर पहुंच गयी। टीवीएस मोटर ने 3,41,513 इकाई के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उसकी बिक्री 44 प्रतिशत बढ़ी। पिछले वित्त वर्ष में पहले स्थान पर रही ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री 52 प्रतिशत घटकर 1,64,295 इकाई रह गयी। बजाज ऑटो 2,89,349 इकाई और एथर एनर्जी 2,39,178 इकाई के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।



# जिला एवं तहसील स्तर पर भी कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता तय करें

## मंत्रिमण्डल समिति ने की पेट्रोल, डीजल, एलपीजी एवं सीएनजी की आपूर्ति की समीक्षा

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम एवं मध्यपूर्व देशों की स्थिति के दृष्टिगत प्रदेश पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा के लिये गठित मंत्रिमण्डल समिति की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने जिला एवं तहसील स्तर पर कामर्शियल एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी की आपूर्ति की समीक्षा की। बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि किसी भी स्तर की अनियमित्ता एवं कालाबाजारी पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही करें। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में एलपीजी की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दें। प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। क्रूड ऑयल की पर्याप्त उपलब्धता के कारण प्रट्रोलियम पदार्थों की लगातार आपूर्ति हो रही हैं। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, खाद्य, नागरिक आपूति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रश्मि अरूण शमी, आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा और ऑयल कम्पनी के स्टेट नोडल ऑफिसर अजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### शहरों में 25 और गाँवों में 45 दिन में सिलेंडर बुकिंग

बैठक में बताया गया कि घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग शहरों में 25 दिन और गाँवों में 45 दिन के अंतराल में की जा रही है। वर्तमान में गैस बुकिंग की संख्या सामान्य है, जिसकी पूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है। जिन घरों तक पाईप



लाइन पहुँच गई है, उन घरों में पीएनजी कनेक्शन दिये जा रहे है। पिछले 1 दिन में 225 नवीन पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

### 70 प्रतिशत तक दिए जा रहे है कामर्शियल सिलेण्डर

बैठक में ऑयल कम्पनी के स्टेट नोडल ऑफिसर श्री श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में भारत सरकार के निर्देशानुसार 70 प्रतिशत की सीमा के अधीन कामर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराये जा रहे है। शुरूआत में 20 प्रतिशत इनकी आपूर्ति हो रही थी।

### कालाबाजारी पर कार्यवाही

प्रदेश में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 3226 स्थानों पर कार्यवाही कर 3872 सिलेंडर जब्त किये गये है और 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई है।

### पीएनजी कनेक्शन विस्तार पर जोर

बैठक में जानकारी दी गई कि सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) संस्थाओं को अगले 3 माह में 2 लाख नये पीएनजी कनेक्शन दिये जाने वाले का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही सीजीडी संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन किये जा रहे आवेदन एवं उसके विरुद्ध दिये जा रहे पीएनजी कनेक्शन की सतत मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। सीजीडी संस्थाओं को पीएनजी के लाभ एवं पीएनजी कनेक्शन की प्रक्रिया से संबंधित एफएक्यू तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश नोडल सीजीडी संस्था थिंक गैस को दिये गए हैं। भारत सरकार के गतिशक्ति पोर्टल पर सीजीडी संस्थाओं को पाइप-लाइन अपलोड करने के निर्देश दिये गये। सीजीडी संस्थाएँ जिलेवार एवं लोकेलिटीवाइज कैम्प शेड्यूल कर जिला प्रशासन एवं विभाग को उपलब्ध करायेंगी। शहर के जिन स्थानों में पाइप-लाइन गई है, उसके आस-पास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को ऑयल कम्पनी द्वारा अवगत कराया गया है कि वह पीएनजी कनेक्शन प्राप्त करने के लिये तत्काल आवेदन करें। इसके बाद पीएनजी कनेक्शन प्राप्त नही करने की स्थिति में आगामी 3 माह में एलपीजी का कनेक्शन बंद किया जा सकता है।

### शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा

जिला आपूर्ति अधिकारियों को एमपीआईडीसी के जिला अधिकारी, जिले में स्थित पॉलीटेक्निक तथा आईटीआई से प्रशिक्षणार्थियों की सूची सीजीडी संस्था को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। सीजीडी संस्था द्वारा इन प्रशिक्षणार्थियों को वर्तमान वेण्डर के साथ क्लब कर मैन पॉवर बढ़ाया जाएगा। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन में प्रदेश में कार्यरत 10 संस्थाओं को पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जहां घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं की मांग और शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। पीएनजी पाइप लाइन जिन क्षेत्रों में बिछ चुकी है, वहां आवासीय परिसर, स्कूल, हॉस्टल, कॉलेज, कम्युनिटी किचन और आंगनवाड़ी केंद्रों को आवेदन प्राप्त होने के 5 दिन में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। पीएनजी कनेक्शन की प्रगति की निगरानी के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर, एडीएम, जिला आपूर्ति अधिकारी और संबंधित सीजीडी संस्थाओं के अधिकारी समीक्षा करेंगे।

### आरओयू आवेदनों की 24 घंटे के अंदर स्वीकृति जारी

केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार पीएनजी कनेक्शन प्रदाय करने के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक निर्माण एवं म.प्र. औद्योगिक विकास निगम द्वारा सीजीडी संस्थाओं को उनके आवेदन करने के 24 घंटे में पाइप-लाइन बिछाने की आरओयू अनुमति दिये जाने के आदेश जारी किये गये हैं। विभाग द्वारा 10 से अधिक आरओयू आवेदनों की 24 घंटे के अंदर स्वीकृति जारी की गई है।

सीजीडी संस्थाओं को घरेलू एवं व्यावसायिक पीएनजी के आवेदनकर्ताओं को पीएनजी कनेक्शन प्राप्त करने के लिये सीजीडी संस्थाओं के कंट्रोल रूम नम्बर इस प्रकार हैं। अवंतिका गैस लिमिटेड - इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर (9424098887), गैल गैस लिमिटेड - देवास, रायसेन, शाजापुर, सीहोर (7880001788), नवेरिया गैस लिमिटेड - धार (07292-223311), थिंक गैस - भोपाल, राजगढ़, शिवपुरी (1800-5727-107), आईओसीएल - गुना (9425991090), मउगंज, रीवा (9424836488), अशोकनगर (9425119522), मुरैना (7223982333), बीपीसीएल - मैहर, सतना शहडोल (9424738607), सीधी, सिंगरौली (9424341954), गुजरात गैस लि. - रतलाम (7412230292) शामिल है। प्रदेश के इन स्थानों से पाइप-लाइन के आस-पास के घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन के लिये आवेदन कर सकते हैं।



# राज्यपाल ने नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों को दिलाई शपथ

## आलोक नागर और राजेश भट्ट ने ली राज्य सूचना आयुक्त की शपथ

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग के नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों को मंगलवार को शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्य सचिव अनुराग जैन मंचासीन थे। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन लोकभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया था। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने आलोक नागर और राजेश भट्ट को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद राज्य सूचना आयुक्तों को पुष्प-गुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शपथ विधि का संचालन अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ल ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, मुख्य सूचना आयुक्त विजय यादव, सूचना आयुक्त ओंकार नाथ, डॉ. वंदना गांधी, डॉ. उमाशंकर पचौरी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक सिंह, पुलिस आयुक्त भोपाल संजय कुमार, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, सूचना आयुक्तों के परिजन, लोकभवन और सूचना आयोग के अधिकारी मौजूद रहे।

# शासकीय भूमि एवं अवैध निर्माण को हटाने दिया आवेदन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** देवीचरण अग्रवाल एवं सुवोध अग्रवाल द्वारा अस्पताल चौक से घंटाघर रोड के बीच बराहद्वारी के पास मौजा दमोह खास नजूल भूमि सीट नं. 42 प्लाट नं. 214/1 में 680 वर्गफुट पर अवैध निर्माण व कब्जा करीब 105 फुट शासकीय जमीन पर किए हुए है जिसे हटाने शासन द्वारा 25 अप्रैल 2025 को आदेश कर दिया गया है परंतु आज दिनांक तक उक्त आदेश का पालन नही होने पर आवेदक राजकुमार सेन द्वारा पुनः अवैध निर्माण हाटने कार्यवाही की मांग की है। उक्त भूमि की 4 बाय 14 पर राजकुमार सेन 35 वर्षो से अपनी दुकान चला रहे थे जिसे पूर्व में शासन से पट्टे की मांग कर चुके है। यह कि आवेदक द्वारा अनावेदकों द्वारा किया गया था जिसके विरूद्ध आवेदक ने न्यायालय तहसीलदार दमयंती नगर दमोह के समक्ष प्र.क्र 147121 वर्ष 2021/22 दर्ज किया था। जिसके आदेश दिनांक 25.04.2025 को अनावेदकी का अवैध कब्जा हटाने का आदेश पारित किया गया था जिसके विरूद्ध अनावेवको ने न्याया, अनुविभागीय अधिकारी दमोह के समक्ष अपील प्र.क्र 0014 अ/70 वर्ष 2025.26 दर्ज की थी जिसे न्यायालय द्वारा दिनांक 28.01.2026 को निरस्त कर दिया है। जिसके अनुसार न्यायालय द्वारा पारित आदेश का परिपालन होना है।



# होम डिलीवरी बंद, गैस गोदाम पर लंबी कतारें

## चिलचिलाती धूप में घंटों परेशान उपभोक्ता

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर में रसोई गैस की समस्या लगातार बनी हुई है। प्रशासन भले ही गैस आपूर्ति सामान्य होने के दावे कर रहा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। होम डिलीवरी बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को खुद गैस गोदाम पहुंचना पड़ रहा है जिससे यहां लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। मंगलवार सुबह रनेह मार्ग स्थित गैस गोदाम पर करीब सौ से अधिक लोग सिलेंडर लेकर लाइन में खड़े दिखाई दिए। कई उपभोक्ता दो से तीन दिन पहले बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिलने से निराश लौटते नजर आए। गोदाम पर बताया जा रहा है कि बुकिंग के छठवें दिन ही सिलेंडर दिया जाएगा जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। उपभोक्ता नीतेश साहू ने बताया कि उन्होंने 4 अप्रैल को बुकिंग कराई थी लेकिन सिलेंडर खत्म होने के बाद भी समय पर नहीं मिल पा रहा। मजदूरी करने के कारण दोपहर में ही समय मिल पाता है लेकिन घंटों लाइन में लगने के बाद भी नंबर नहीं आता और खाली हाथ लौटना पड़ता है। उनका कहना है कि यदि होम डिलीवरी शुरू हो जाए तो लोगों को राहत मिल सकती है। वहीं रेखा पटेल ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में सिलेंडर मिलने में 30 से 31 दिन लग रहे हैं। ऐसे में साल भर में मिलने वाले 13 सिलेंडर भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं।

## बाल विवाह की रोकथाम हेतु दो दलों का गठन

दमोह (स्वतंत्र मत)।

बाल विवाह कानूनी अपराध है। विवाह के समय लड़के की आयु 21 वर्ष से कम में लड़की की आयु 18 वर्ष से कम होने पर ऐसा विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बाल विवाह कराने उसमें किसी भी तरह में भागीदारी करने वाले जैसे कि वर वधु के माता पिता, धर्म गुरू, हलवाई एकेटर्स, वेण्ड वाले एवं समस्त सम्मिलित लोगों के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही की जायेगी जिसके अंतर्गत 2 वर्ष के कारावास एवं 1 लाख के जुर्माने का प्रावधान है। जिले में अक्षय तृतीया एवं आगामी विवाह मुहुर्तो में संभावित बाल विवाह की रोकथाम हेतु दमोह जिले में जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास जिला दमोह में दो दलों का गठन किया गया है एवं परियोजना स्तर पर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर संबंधित परिक्षेत्र सुपरवाईजर एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है।

# एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को लेकर शिक्षकों की बैठक

## लक्ष्य पूरा करने पर जोर

हटा (स्वतंत्र मत)।

राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को जागरूक करने और निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध सफलता प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद शिक्षा केंद्र हटा द्वारा डाइट हटा के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त माध्यमिक शाला प्रभारियों को उनके स्कूलों में टीकाकरण हेतु लक्षित बालिकाओं की जानकारी के साथ आमंत्रित किया गया था। उपस्थित शाला प्रभारियों को संबोधित करते हुए बीआरसी एमएल अहिरवार ने इस राष्ट्रीय अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी



दी। उन्होंने कहा कि विकासखंड के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु अंतिम समय का इंतजार न करें बल्कि असहमति जताने वाले अभिभावकों से संवाद कर उनके भ्रम दूर करें और टीकाकरण के लाभ समझाकर उन्हें प्रेरित करें।

सीबीएमओ डॉ. उमाशंकर पटैल ने कहा कि शिक्षक भविष्य के निर्माता होते हैं और बच्चों पर उनका प्रभाव अधिक होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक करना अधिक प्रभावी हो सकता है इसलिए शिक्षा विभाग को भी लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर अभिभावकों की बातचीत स्वास्थ्य अमले या स्वयं सीबीएमओ से कराई जाए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल विदोल्या ने सभी शाला प्रभारियों से अपने स्टाफ सहित अभियान की सफलता के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में उन शाला प्रभारियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने विद्यालयों में शत प्रतिशत टीकाकरण कराया। इनमें एकीकृत माध्यमिक शाला खेजरा खुर्द की प्रभारी विनीता श्रीवास्तव, मादो के प्रकाश चंद राय, कनकतला की लक्ष्मी तंतुवाय, पिपरिया किरण के लखन लाल कुर्मी, सनकुइया के मनोज नामदेव तथा हिनमत पट्टी के सुशील तिवारी शामिल रहे।

## लहसुन की फसल नीलामी शासकीय कर्मचारियों द्वारा कराई जाय

दमोह (स्वतंत्र मत)।

कृषि उपज मंडी फ्ल सब्जी मंडी प्रांगण में लहसुन की फसल मंडी कर्मचारियों द्वारा नीलामी लगाई जाए। मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल द्वारा समस्त सयुक्त संचालक आंचलिक कार्यालय एवं कृषि उपज मंडी समस्त को पत्र जारी किया गया था। न्यायलय एवं प्रमुख सचिव उक्तानुसार आदेशों के परिपालन में अधिसूचित कृषि उपज लहसुन गीला एवं सूखा की मंडी कर्मचारियों द्वारा घोष विक्रय के माध्यम से नीलामी कराई जाये लेकिन कृषि उपज मंडी समिति फल सब्जी मंडी प्रांगण में लाइसेंस व्यापारियों द्वारा लगाई जा रही है।


**नाम सुधार सूचना**

मैं मोहन लाल जीवानी पिता इसरमल जीवानी निवासी बी ब्लॉक फ्लैट नं. 301 ओजस इंपीरिया बंदरिया तिराहा जबलपुर ये कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट संख्या J8001816 जो भोपाल मध्य प्रदेश से जारी हुआ था, में मेरा नाम मोहनलाल इस्सर मल जीवानी (MOHANLAL ISSARMAL GIWANI) लिखा है तथा माता, पिता, पत्नी के सरनेम में GIWANI लिखा है जो गलत है। मेरी सभी अन्य शासकीय दस्तावेज जैसे पेन कार्ड, आधार कार्ड, आदि में मोहन लाल जीवानी (MOHAN LAL JIWANI) दर्ज है, जो सही है। अतः अब से मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावें।

गलत नाम
मोहनलाल इस्सर मल जीवानी
(MOHANLAL ISSARMAL GIWANI)

सही नाम
मोहन लाल जीवानी
(MOHAN LAL JIWANI)


# सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही : राज्यमंत्री लोधी

## संकल्प से समाधान शिविरों में 75 हजार प्रकरणों का हुआ निराकरण

दमोह (स्वतंत्र मत)।

सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है और देश प्रथम के सिद्धांत को प्राथमिकता दे रही है। संकल्प से समाधान अभियान आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि नागरिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रशासन स्वयं लोगों के द्वार पर पहुँचकर उनकी समस्याओं को एकत्रित कर उनका निराकरण कर रहा है। इस आशय के विचार संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शासकीय पीएम श्री पीजी कॉलेज आडिटोरियम में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय शिविर में व्यक्त किये। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया,



विधायक जयंत कुमार मलैया, जिपं अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे मंचासीन रहे।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले समय में भारत वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा सरकार की योजनाएं बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 21 वर्ष की आयु पर 1.18 लाख रुपये की सहायता दी जाती है। वहीं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत विवाह के समय 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा इन योजनाओं का उद्देश्य केवल आर्थिक सहयोग देना नहीं बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना भी है। सरकार की यह पहल बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

विधायक जयंत मलैया ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से अपनी बातें रखी। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहले गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लोगों को दिल्ली स्थित एम्स जाना पड़ता था लेकिन अब भोपाल में एम्स खुलने से प्रदेश के लोगों को राहत मिली है। उन्होंने कहा देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, सरकार द्वारा निःशुल्क राशन इसलिए दिया जा रहा है ताकि वे दोबारा गरीबी में न लौटें।

## दीवार लेखन कर ग्रामों में चलाया जा रहा जल संरक्षण जागरूकता अभियान

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसाकलां पथरिया के सहयोग से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बकेनी द्वारा ग्राम बकेनी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन किया गया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | TenderID-2026_UAD_497735_1 PRO-33 Date-7/4/2026 | संभाग क्रमांक 1 गढ़ा अंतर्गत महाराणा प्रताप वार्ड में नवनिवेश कालोनी गंगानगर में सड़क निर्माण कार्य। | 6.80 लाख 3 माह | 2000/- 6800/- | 15/4/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी. पी. कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एम.आई.जी. 24 श्रीमती खुशबू शर्मा पति श्री अरूणेश कुमार एवं श्री अरुणेश कुमार पिता श्री मिथलेश कुमार पांडे के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16.04.2018 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती खुशबू शर्मा पति श्री अरूणेश कुमार एवं श्री अरुणेश कुमार पिता श्री मिथलेश कुमार पांडे ने पंजीकृत दान पत्र दिनांक 27.03.2023 के माध्यम से श्री युगल चैनानी पिता श्री प्रदीप चैनानी को दान किया है। श्री युगल चैनानी पिता श्री प्रदीप चैनानी द्वारा उक्त भवन अपने नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 7/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमिता विनोदिया पिता संजय विनोदिया ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी के भवन क्रमांक शॉप नं. सी-1 ब्लाक नं. 21 संपत्ति के पिन क्रमांक 1003991951 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 240 वर्गफुट व्यावसायिक पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती क्षमा वर्मा पति श्री राजेन्द्र वर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क 310/6 2025-2026, जबलपुर दिनांक 9/3/2026

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुसुम बाई लोधी अन्य हुकुमचंद लोधी निवासी 227 लोधी मोहल्ला संजीवनी नगर गढ़ा के द्वारा मौजा कछपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 314/2/1, 315/1 में से रकवा 176 वर्गफुट भूमि पर हुकुम चंद लोधी अन्य की मृत्यु दिनांक 7/4/2021 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र / फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज सलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/3/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 9/3/2026
पेशी दिनांक - 24/3/2026

तहसीलदार
आधारताल, जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन नामांतरण/हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा नगर कालोनी जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक Jr. LIG-418 श्रीमती निकिता सोनी पति श्री आनंद कुमार सोनी के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28.07.2017 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती निकिता सोनी पति श्री आनंद कुमार सोनी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 14.12.2021 के माध्यम से श्रीमती संगीता जैन पति श्री संतोष कुमार जैन एवं श्री संतोष कुमार जैन पिता श्री भागचंद जैन को विक्रय किया है। अतः श्रीमती संगीता जैन पति श्री संतोष कुमार जैन एवं श्री संतोष कुमार जैन पिता श्री भागचंद जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी। जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर में भवन क्रमांक एमआई.जी. ए. -01 श्रीमति जयश्री गायकवाड पति श्री शोएब के नाम आवंटित है। आवटी श्रीमति जयश्री गायकवाड पति श्री शोएब की मृत्यु दिनांक 19.03.2026 को हो गई है। आवंटी श्रीमति जयश्री गायकवाड पति श्री शोएब के द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित किये गये विकय विलेख दिनांक 09.03.2007 में अपने पुत्र श्री आकाश गायकवाड़ को नामिनी नियुक्त किया गया था। आवंटी के पुत्र श्री आकाश गायकवाड़ ने नामिनेशन आधार पर उक्त संपत्ति का नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संलग्न दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं उसके आधार पर संपत्ति नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन / भूखण्ड के हस्तांतरण / नामांतरण बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने पर सुभाष नगर महाराजपुर में भवन क्रमांक एम.आई.जी. ए.-01 श्री आकाश गायकवाड पिता श्री शोएब के नाम हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जायेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर

# छुपी हुई प्रतिभाओं को ढूंढेगी कांग्रेस राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर मिलेगा अवसर

## नेशनल टेलेंट हंट का चलेगा विशेष अभियान, शुरू होगी चयन प्रक्रिया

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




संगठन को मजबूत करने और छुपी हुई प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें आगे लाने के उद्देश्य से कांग्रेस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त बांते कहते हुए पत्रकारवार्ता में कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अजय उपाध्याय ने बताया कि कांग्रेस ने टैलेंट हंट के माध्यम से जिला स्तर पर प्रवक्ताओं के चयन की प्रक्रिया शुरू की है, जिसके तहत योग्य प्रतिभागियों को चुनकर उन्हें प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अवसर देने की योजना बनाई गई है। इस अभियान के तहत जबलपुर में जिला एवं संभाग स्तर के प्रतिभागियों के लिए इंटरव्यू आयोजित किए गए। इंटरव्यू प्रक्रिया में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संजय उपाध्याय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया, प्रदेश प्रवक्ता मृणाल पंथ, अपूर्व भारद्वाज, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, चैतन्य भट्ट और पूर्व कुलसचिव कमलेश मिश्रा ने प्रतिभागियों से आमने-सामने (वन-टू-वन) बातचीत कर उनकी क्षमता, विचारधारा और अभिव्यक्ति कौशल का मूल्यांकन किया।

### नए चेहरों को मिलेगा अवसर

इस चयन प्रक्रिया में बालाघाट, कटनी, सिवनी और छिंदवाड़ा जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए। सभी ने अपने-अपने विचारों और संगठन के प्रति समर्पण को प्रस्तुत करते हुए इंटरव्यू दिया। कांग्रेस का यह टैलेंट हंट अभियान पार्टी में नई ऊर्जा और नए चेहरों को अवसर देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। चयनित प्रतिभागियों को आगे प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलने की संभावना है, जिससे कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी और जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में मदद मिलेगी। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अजय उपाध्याय,मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना वोरासी सेतिया, मिरांत पंत, अपूर्व भारद्वाज, नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### असम सीएम पर साधा निशाना

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अजय उपाध्याय ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भारत वर्ष के सबसे बड़े भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा व उनकी पत्नी पर 3 देशों के अवैध पासपोर्ट व अवैध सम्पत्ति अर्जित करने का जो आरोप लगाया है, वह पूरी तरह सत्य है। उन्होंने कहा की असम सरकार के द्वारा पवन खेड़ा के निवास पर पुलिस भेजने से न पवन खेड़ा आहत होंगे, ना असम के कांग्रेस कार्यकर्ता ।

---

हाईकोर्ट को गुमराह करना पड़ा भारी

# खारिज की जमानत अर्जी भारी जुर्माना भी लगाया

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी ने एक ही केस में लगाई 2 जमानत अर्जियां



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग पर सख्त रुख अपनाते हुए एक आरोपी पर 10 हजार का जुर्माना लगाया है। दरअसल आरोपी ने एक ही मामले में दो जमानत अर्जी दाखिल की थीं, जिसे कोर्ट ने अनैतिक आचरण करार दिया है। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस संदीप एन भट्ट की सिंगल बेंच ने कहा कि इस प्रकार का व्यवहार न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। अदालत के कीमती समय की बर्बादी हुई है और ऐसे मामलों में सख्ती से निपटना आवश्यक है। दरअसल यह मामला जबलपुर के पनागर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगौद निवासी सजना चौधरी से जुड़ा है। आरोपी पर आरोप है कि उसने शादी का झांसा देकर एक नाबालिग का अपहरण किया और फिर बाद में उसके साथ दुष्कर्म किया।

### सरकार के वकील ने किया खुलासा

राज्य सरकार की ओर से पैनल अधिवक्ता हिमान्शु तिवारी ने कोर्ट को बताया कि आरोपी पहले भी एक जमानत अर्जी दाखिल कर चुका था। वह अर्जी एक दिन पहले ही वापस ली गई थी। अपराध में यह दूसरी अर्जी भी दाखिल की गई थी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि आरोपी ने यह तथ्य कोर्ट से छिपाया कि उसकी पूर्व याचिका पहले लंबित थी या हाल ही में वापस ली गई है। तथ्यों की जांच के बाद मप्र हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। साथ ही उसपर 10 हजार का जुर्माना लगाया। यह राशि एक सप्ताह के भीतर हाईकोर्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी में जमा करने का निर्देश आरोपी को दिए गए।

---

# 7 सालों में भी पूरा नहीं हो पाया 3 साल का कोर्स

## एनएसओ छात्र संगठन ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एनएसओ छात्र संगठन द्वारा नर्सिंग काउंसिल भोपाल के रजिस्ट्रार और मुख्यमंत्री के नाम प्रदेश अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के गोपाल पाराशर ने बताया कि मप्र सरकार के निर्देश पर नर्सिंग काउंसिल भोपाल द्वारा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है और छात्र छात्राओं का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। संगठन द्वारा 2 दर्जन से ज्यादा बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव व कमिश्नर, रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपे गए हैं, लेकिन फर्जीवाड़े पर लगाम नहीं लगाई जा रही है। भ्रष्टाचार के कारण पूर्व के सत्रों के स्टूडेंट्स की 3 साल का डिप्लोमा कोर्स 7 साल में भी पूरा नहीं हो रहा। 2022-23 सत्र के स्टूडेंट्स का प्रथम वर्ष का रिजल्ट 4 साल बाद भी नहीं आया है, जबकि पूरा कोर्स 3 साल का है। इसके बावजूद भी मान्यता प्रदान करते समय सरकारी नौकरी में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ, प्राइवेट हॉस्पिटल्स में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ, बाहरी राज्यों में अपना रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर करवा चुके नर्सिंग स्टाफ के रजिस्ट्रेशन की कलर कॉपी डॉक्यूमेंट को ऑनलाइन करके मान्यता प्राप्त की जा रही है। मान्यता प्राप्त होते ही 3 से 5 महीने में नर्सिंग स्टाफ को रिलीविंग दे दी जाती है, लेकिन डॉक्यूमेंट वर्ष भर ऑनलाइन लगे रहते हैं। क्योंकि कॉन्सिल व सरकार द्वारा ज्ञापन देने के बावजूद इस फर्जीवाड़े को रोकने हेतु कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

## निगमायुक्त ने देखी सफाई व्यवस्था

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर की स्वच्छता रैंकिंग को बेहतर बनाने और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार मंगलवार सुबह से शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ भीतरी बस्तियों का भी सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों की सफाई, डिवाइडर की धुलाई और कचरा निपटान केंद्रों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। निगमायुक्त ने मौके पर मौजूद स्वच्छता अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कार्यों में और कसावट लाएं और सिटी प्रोफाईल के अनुरूप फील्ड में बेहतर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। निगमायुक्त इस अवसर पर सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया।

---

# हितकारिणी डेंटल कॉलेज ने लगाया निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल द्वारा मंगलवार को माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, रामपुर छापर में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में 5 सदस्यीय दंत चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम द्वारा 150 से अधिक लाभार्थियों का निःशुल्क दंत परीक्षण किया गया। शिविर में दंत क्षय, मसूड़ों की बीमारियों, दांतों में दर्द, मुख संक्रमण एवं अन्य मौखिक रोगों की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी सुझाव प्रदान किए गए, जिससे लोगों को अपने दांत एवं मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की डॉ. अंकिता सिंह सहित अन्य दंत चिकित्सकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हितकारिणी दन्त चिकित्सा महाविद्यालय की छात्रा का सुयश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी दन्त चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की बीडीएस प्रथम वर्ष सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम दस की मेरिट सूची में अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज कराई है। इसी कड़ी में महाविद्यालय की छात्रा शिफा बानो ने पूरे मप्र में छठवां स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। छात्रा की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हितकारिणी सभा के सचिव बाबू विश्वमोहन, महाविद्यालय शासी निकाय की अध्यक्षा सुनैना पटेरिया, निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ रोहित मिश्रा ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। छात्रा की यह उपलब्धि महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

# सड़क पर दिखा मगरमच्छ थमी राहगीरों की सांसें



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सोमवार रात ड्यूटी जा रहे आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) कर्मियों के उस समय होश उड़ गए जब बीच सड़क उन्होंने ने मगरमच्छ को चहल-कदमी करते हुए देखा। दहशत के चलते कई सड़क पर यातायात बंद हो गया था, जिसके चलते कर्मचारी निर्धारित समय पर निर्माणी में प्रवेश तक नहीं कर पाएं। दरअसल आयुध निर्माणी खमरिया के द्वार क्रमांक 3 से प्रवेश करते समय रास्ते के दोनों तरफ तालाब मौजूद है। जहां पर निर्माणी एवं स्टेट एरिया में पानी की आपूर्ति के लिए पानी स्टोर किया जाता है। बताया जाता है कि मगरमच्छ बीते कुछ वर्ष पहले परियट जलाशय से पाइप लाइन के माध्यम से तालाब में प्रवेश कर गए थे। समय के साथ साथ मगरमच्छ अब बड़े हो चुके हैं। वन विभाग द्वारा कई बार इन्हें पकड़ने का प्रयास भी किया गया, परन्तु एक मगरमच्छ ही हाथ लग सका। अब ये मगरमच्छ एक तालाब से दूसरे तालाब जाने के लिए रास्ते का प्रयोग करते है, जिससे कर्मचारी निर्माणी में प्रवेश करते है। सोमवार को कर्मचारियों ने जब मगरमच्छ देखा तब यह बीच सड़क में बैठा था,लेकिन जब धीरे-धीरे कर्मचारियों की संख्या बढ़ने लगी तब वह डर के भागने का प्रयास किया और जाली में जाकर फंस गया। फेंसिंग में फंसे मगरमच्छ को निकालने का प्रयास किया गया, जब उसे नहीं निकाला जा सका तो वन विभाग को सूचना दी गई।

## किराना दुकान में लगी भीषण आग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बेलबाग क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक किराना दुकान में आग लग गई। कंट्रोल रूम को रात लगभग 1.05 बजे सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। जहां पर दमकल की टीम ने अग्रवाल किराना दुकान में आग लगने पर दमकल कर्मियों ने शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दुकान संचालक के अनुसार, वह रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। रात लगभग एक बजे फोन पर आग लगने की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

---

# छात्रों को बताए आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा के महत्वपूर्ण कौशल

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में व्यापक स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में जबलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) के सहयोग से एक व्यापक एवं जनजागरूकता पर केंद्रित स्वास्थ्य कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिनसार की प्राचार्य प्रभारी, प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में किया गया तथा इसका समन्वयन प्रो. आराधना धन्याबाद द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बी. फार्मा एवं डी. फार्मा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय भागीदारी निभाते हुए विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष एचएस ओबेरॉय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला के अंतर्गत हृदय पुनर्जीवन (सीपीआर) प्रशिक्षण हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज की टीम द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा के महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए।



***जीवन बचाने वाले हाथों में बदले साधारण हाथ***- इसके अतिरिक्त, रक्त समूह निर्धारण कार्यशाला का संचालन मोनिका यादव द्वारा किया गया। रक्त शर्करा परीक्षण ज्ञानेंद्र सकत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बीएमआर (बेसल मेटाबोलिक रेट) परीक्षण का संचालन आदित्य प्रजापति एवं सुश्रुत द्वारा किया गया, जबकि रक्तचाप मापन कार्यशाला का नेतृत्व प्रकाश गुप्ता ने किया। इन सभी गतिविधियों ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जांच प्रक्रियाओं की गहन समझ प्रदान की। कार्यक्रम के सुचारु संचालन एवं विद्यार्थियों के पंजीयन की जिम्मेदारी चंचला हल्दकर एवं शिरीष तिवारी द्वारा दक्षतापूर्वक निभाई गई, जिससे पूरे आयोजन में उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। यह आयोजन न केवल शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक सशक्त पहल सिद्ध हुआ। समापन अवसर पर प्राचार्या डॉ. कविता शुक्ला ने कहा कि यह सत्र साधारण हाथों को जीवन बचाने वाले हाथों में परिवर्तित कर गया है, जो इस कार्यशाला की सार्थकता और प्रभाव को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

## तस्करी से पहले बचाए गए गौवंश



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** गौसेवकों और पनागर पुलिस ने गौवंश तस्करी में लिप्त एक ट्रक को पकड़ा , जिसमें 35 गौवंशों को अत्यंत क्रूर एवं अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंस कर बांधा गया था की उन्हें न तो हिलने-डुलने की जगह थी और न ही पर्याप्त सांस लेने का अवसर। इसी अमानवीयता के चलते 4 गौमाताओं की दम घुटने से गाड़ी के अंदर ही मौत हो गई। शेष 31 गौवंश भी गंभीर अवस्था में थे, जिन्हें तत्काल गौसेवकों द्वारा बाहर निकालकर राहत पहुंचाई गई। इस दौरान विद्या सागर सेवाश्रम समिति सम्मेदगिरी ,गोसलपुर ने संवेदनशीलता दिखते हुए बिना किसी विलंब के सभी 31 गौवंशों को अपनी गौशाला में स्थान देते हुए उनका उपचार, आहार और संरक्षण सुनिश्चित किया। वर्तमान में सभी गौवंश सुरक्षित हैं और उनकी देखभाल की जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों एवं सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की है।

## जहरीली वस्तु के सेवन से युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि करमेता स्टार सिटी फेस-4 निवासी 26 वर्षीय पीयूष उर्फ आनंद मिश्रा ने बीती रात घर पर किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था। जिसके पिता भूपेन्द्र मिश्रा ने उसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन कुछ देर बाद ही पीयूष की मौत हो गई।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**